रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹73900 10 ग्राम

₹95000 01 किलो

सेंसेक्स 76,724.08 +224.45 | डॉलर 86.396 -0.129

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

माघ कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 16 जनवरी 2025, वर्ष-25, अंक- 342, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 शेख हसीना की भतीजी ने ब्रिटेन...

## जीएसटी को लेकर कोयला व्यवसायी संदीप साहू के आवास पर छापामारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आरा सारूबेड़ा स्थित कोयला व्यवसायी संदीप साहू के कार्यालय सह आवास में बुधवार को जीएसटी विभाग ने छापामारी की। इस दौरान विभाग ने आवास में जांच कर कई दस्तावेज समेत मोबाइल, लैपटॉप आदि जब्त किए। जीएसटी विभाग की टीम सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाल रही है।

जानकारी के अनुसार, संयुक्त निदेशक सार्थक सक्सेना के नेतृत्व में जमशेदपुर से आई जीएसटी की टीम ने सुबह 8:00 बजे छापेमारी शुरू की। अधिकारियों ने बताया कि



लक्ष्य कोल ट्रांसपोर्टिंग के निदेशक संदीप साहू द्वारा करीब 100 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी की गई है। साथ ही, अपने परिवार के सभी

**100 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी का बताया जा रहा मामला**

- **कई दस्तावेज समेत मोबाइल लैपटॉप आदि जब्त किए गए**

सदस्य सहित अपने कर्मचारियों के नाम से पूरे भारत में 25-30 अन्य फर्जी कंपनियां खोल रखी हैं और लगातार जीएसटी चोरी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि निदेशक संदीप साहू फिलहाल फरार हैं। जबकि, दूसरे निदेशक के रूप में उनके पिता डालेश्वर साहू से पूछताछ की जा रही है।

शेष पेज 11 पर

### हो सकता है कुछ बड़ा ऐलान

## प्रबोवो सुबिआंतो हो सकते हैं गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो को मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हो सकते हैं। भारत की तरफ से की गई बातचीत के बाद उन्होंने भारत से सीधे पाकिस्तान जाने का प्लान फिलहाल टाल दिया है। दरअसल, पहले ऐसी खबरें थीं कि प्रबोवो भारत के बाद पाकिस्तान के दौरे पर जाएंगे, लेकिन इस पर भारत को ऐतराज था। हालांकि, अब इंडोनेशियाई राष्ट्रपति पाकिस्तान के बजाय मलेशिया की यात्रा करने वाले हैं।

राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो के इस नए शेड्यूल से लगभग-लगभग ऐसा माना जा रहा है कि वे गणतंत्र दिवस पर चीफ गेस्ट हो सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर भारत ने अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। ज्ञात हो कि वर्ष 2024 में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मुख्य अतिथि के रूप में आए थे।

वहीं, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के बतौर चीफ गेस्ट आने की बात जब सामने आई, तो कई लोगों ने कहा कि इस बार मुख्य अतिथि के रूप में किसी बड़े देश के नेता को नहीं बुलाया गया। कई तो यहां तक कह रहे हैं कि पीएम मोदी में अब पहले वाली बात नहीं रही, इसलिए कोई बड़ा नेता भारत आ नहीं रहा। इस कारण इंडोनेशिया को ही बुला लिया गया है। शेष पेज 11 पर



### क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के लिए हो सकता है समझौता

भारत के हथियारों की धमक में सबसे पहला नाम सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का है। और, भारत इंडोनेशिया को ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति के लिए 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सौदे को अंतिम रूप देने के करीब है। मामले के जानकार सूत्रों के अनुसार, इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय ने खरीद के संबंध में जकार्ता में भारतीय दूतावास से आधिकारिक तौर पर संपर्क किया है। इस सौदे की घोषणा इंडोनेशियाई राष्ट्रपति की आगामी नई दिल्ली यात्रा के दौरान होने की उम्मीद है। ब्रह्मोस प्रणाली में इंडोनेशिया की रुचि उसके रक्षा आधुनिकीकरण लक्ष्यों और क्षेत्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप है। इस सौदे से भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा संबंध मजबूत होने की भी उम्मीद है। ज्ञात हो कि इंडोनेशिया जनवरी 2024 में ब्रिक्स समूह में शामिल हुआ था। इंडोनेशिया के ब्रिक्स में शामिल होने से भारत सहित सदस्य देशों के साथ उसकी रणनीतिक साझेदारी गहरी हो गई है।

**रांची का तापमान**

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 22.0° | अधिक. | 23.4° |
| न्यून. | 08.0° | न्यून. | 10.4° |

### आवंटित कोल ब्लॉकों की समस्या को ले सीएस ने की समीक्षा

# 34 में से 4 कोल ब्लॉक शीघ्र शुरू किए जाएंगे

**मुख्य सचिव ने कहा**

- **कोल ब्लॉक शुरू करने में आ रही समस्या का शीघ्र करें समाधान**
- **रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, राज्य के राजस्व में भी होगा इजाफा**



**ये कोल ब्लॉक सप्ताह भर में हो जाएंगे ऑपरेशनल :** राजहरा (पलामू), तुबेद (लातेहार) तथा बदाम व मोइत्रा जेएसडब्ल्यू (हजारीबाग)

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने बुधवार को सरकार द्वारा आवंटित सभी 34 कोल ब्लॉकों को शुरू करने में आ रही समस्या का यथाशीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जितनी जल्द ये कोल ब्लॉक शुरू होंगे, उतनी ही जल्दी उस इलाके में आर्थिक गतिविधियां शुरू होंगी। इससे जहां रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, वहीं राज्य सरकार के राजस्व में भी इजाफा होगा। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को इसके लिए युद्धस्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया। वे आवंटित कोल ब्लॉकों को शुरू करने में आ रही समस्या के समाधान को लेकर समीक्षा कर रही थीं। मुख्य सचिव ने समीक्षा के दौरान पाया कि अधिसंख्य आवंटित कोल ब्लॉकों को शुरू करने में जमीन अधिग्रहण, रेट की गणना, मुआवजा, फॉरेस्ट क्लियरेंस, भूमि हस्तांतरण, कोल ब्लॉक की जमीन से गुजरने वाले नाला, नदी और सड़क को लेकर समस्या आ रही है। कुछ जगहों पर विधि व्यवस्था की भी समस्या सामने आई। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित उपायुक्तों को निर्देश दिया कि इन समस्याओं का समाधान एक समय सीमा के अंदर करें। समीक्षा के दौरान ही 34 में से 4 कोल ब्लॉक पलामू के राजहरा, लातेहार के तुबेद, हजारीबाग जिला में स्थित बदाम और शेष पेज 11 पर

### कोल ब्लॉक के प्रतिनिधि प्रशासन के साथ समन्वय कर दूर करें समस्या

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने आवंटित कोल ब्लॉकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वे ससमय संबंधित विभागों और जिला प्रशासन को जरूरी कागजात उपलब्ध कराएं। प्रशासन के साथ समन्वय कर कोल ब्लॉकों को ऑपरेशनल करने में आ रही समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि जहां विधि व्यवस्था की समस्या है, वहां लोगों के बीच सद्भावना और सौहार्द विकसित करें। कोल कंपनियां साइट पर ऑफिस खोलें और कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी (सीएसआर) के तहत कार्य करें और लोगों को विश्वास में लेकर जरूरी औपचारिकता पूरी करते हुए खनन की प्रक्रिया शुरू करें। वहीं, स्टेट पीएसयू के कोल ब्लॉकों को शुरू करने में आ रही समस्या के समाधान के लिए उन्होंने संबंधित सरकारी अधिकारियों को अतिरिक्त सक्रियता के साथ काम करने पर बल दिया।

### साइबर क्राइम मामले में एससी का केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में बढ़ते साइबर क्राइम पर गंभीरता रुख अख्तियार किया है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने साइबर क्राइम पर रोक लगाने की मांग पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि हम जानते हैं कि साइबर क्राइम बड़ा मुद्दा है। याचिका बेंगलुरु निवासी गौरीशंकर एस ने दाखिल की है। याचिका में साइबर क्राइम के बढ़ते खतरे को लेकर आगाह किया गया है।

### डॉलर के मुकाबले 28 पैसा मजबूत हुआ रुपया

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ समय से डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोरी दिखा रहा रुपया बुधवार को 28 पैसे की मजबूती के साथ 86.36 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ। माना जा रहा है कि डॉलर इंडेक्स में आई गिरावट और अमेरिका के 10 ईयर ट्रेजरी यील्ड की कमजोरी के कारण भारतीय मुद्रा रुपये की कीमत में डॉलर की तुलना में लगातार दूसरे सत्र में तेजी की स्थिति बनी है।

### 4 कुख्यात नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने करीब 14 साल पहले सुकमा में हुए नक्सली हमले में 76 जवानों की शहादत की घटना में शामिल रहे चार कुख्यात नक्सलियों का आत्मसमर्पण कराने में सफलता प्राप्त की है। इन चार नक्सलियों पर कुल 32 लाख का इनाम था। समर्पण करने वाले नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि के तौर पर 25-25 हजार रुपए के चेक भी सौंपे गए।

## सड़क हादसे में बाल-बाल बचे बिरनी सीओ मधेशिया

- **हाइवा ने सीओ के वाहन में मारी टक्कर**
- **सरिया में हुई दुर्घटना, फटा आगे का टायर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बिरनी (गिरिडीह)।** बिरनी प्रखंड के अंचल अधिकारी (सीओ) संदीप मधेशिया बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। यह घटना तब हुई जब वे अपने सरकारी वाहन (जेएच 11 के-7912) से सरिया जा रहे थे। सरिया के हनुमान मंदिर के पास एक हाइवा ने ओवरटेक करने के प्रयास में उनके वाहन को टक्कर मार दी। सौभाग्य से दोनों गाड़ियां धीमी गति में थीं, जिससे बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना में किसी प्रकार की गंभीर चोट या नुकसान नहीं हुआ। इस दुर्घटना में बिरनी सीओ संदीप मधेशिया के शेष पेज 11 पर

## कर्नाटक में मिलीं रांची से गायब हुईं दोनों लड़कियां, दोनों हैं सुरक्षित

### पुलिस की टीम लेकर लौट रही राजधानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र से गायब दोनों लड़कियों को पुलिस ने कर्नाटक से बरामद कर लिया है। बुधवार को एक वरीय अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। उनके अनुसार, दोनों लड़कियां सुरक्षित हैं और उन्हें पुलिस की टीम रांची लेकर लौट रही है।

हिंदपीढ़ी की रहने वाली दोनों लड़कियां 11 जनवरी 2025 की शाम से गायब थीं। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। अज्ञात ऑटो चालकों पर मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजी ने एक स्पेशल टीम का गठन कर दोनों गायब लड़कियों को जल्द से जल्द ढूंढ लाने का टास्क दिया था। जानकारी के अनुसार, तकनीकी शाखा के सहयोग से रांची पुलिस को यह सूचना मिली कि दोनों लड़कियां कर्नाटक में हैं। इसके बाद पुलिस की एक टीम ने कर्नाटक पुलिस की सहायता से दोनों को बरामद कर लिया। दोनों लड़कियां विगत 11 जनवरी को आधार कार्ड को सुधार कराने के लिए अपने घर से कांटाटोली स्थित मंगल टावर गई थीं। दिन में एक बजे आधार कार्ड सुधार कराने के बाद दोनों ने एक ऑटो से हिंदपीढ़ी स्थित अपने घर जाने के लिए बातचीत की। ऑटो चालक दोनों लड़कियों को हिंदपीढ़ी पहुंचाने के बजाय दूसरे रास्ते पर ले जाने लगा। इसपर दोनों लड़कियों को संदेह हुआ, तो उसने अपने पिता को फोनकर घटना की जानकारी दी। पिता ने बताया कि बातचीत होने के दौरान चालक ने उनकी पुत्रियों से मोबाइल छीन लिया। इसके बाद दोनों पुत्रियों से उनकी बातचीत नहीं हुई। मामले को लेकर परिजनों ने अपहरण की एफआईआर दर्ज करवाई थी। लड़कियों के गायब होने के मामले में गत मंगलवार को राज्य सरकार के मंत्री इरफान अंसारी भी लड़कियों के परिजनों से मिलने के लिए पहुंचे थे। परिजनों को आश्वासन भी दिया था कि शीघ्र लड़कियों को खोज लिया जाएगा।

## 20 तक कोहरा और धुंध बने रहने के आसार

### आंशिक रूप से बादल छाए रहने की भी संभावना

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी और वहां से आ रही ठंडी हवा का असर राज्य में भी पड़ रहा है। राजधानी रांची में बुधवार को कोहरे और धुंध के साथ बादलों की लुका-छिपी बनी रही। ऐसे में 16 से 20 जनवरी तक सुबह में कोहरा और आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। फरवरी से ठंड का असर कम होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रहा। शेष पेज 11 पर

### सीबीएसई ने गठित की समिति बनाएगी अभिभावकों के लिए कैलेंडर

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने गुरुवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अभिभावकों से जुड़े कैलेंडर तैयार करने के लिए एक समिति का गठन किया है। एक नोटिफिकेशन के अनुसार सीबीएसई ने सत्र 2025-26 के लिए अभिभावक कैलेंडर को विकसित करने और लागू करने के उद्देश्य से 10 सदस्य समिति का गठन किया है। समिति की सिफारिशें प्रस्तुत करने की समय सीमा 15 मार्च 2025 है। इसका उद्देश्य प्रभावी अभिभावक-शिक्षक बातचीत को सुविधाजनक बनाना है। किशोरों, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) और प्रारंभिक/मध्य आयु समूहों सहित विविध छात्र आवश्यकताओं का समर्थन करना है।

- **समिति 15 मार्च तक जमा करेगी सिफारिश**

### वर्ष 2024 के लोस चुनाव को ले किया था झूठा दावा

## मेटा ने मार्क जुकरबर्ग के बयान पर मांगी माफी

**नई दिल्ली नवीन मेल नेटवर्क**



- **कहा, अनजाने में हुई गलती, मेटा के लिए भारत महत्वपूर्ण देश**
- **संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने किया था तलब**

मेटा के भारत और दक्षिण एशिया के सार्वजनिक नीति निदेशक शिवनाथ ठुकराल ने सोशल मीडिया पर मार्क जुकरबर्ग के बयान के लिए माफी मांगी। जुकरबर्ग ने यह झूठा दावा किया था कि कोविड 19 के बाद हुए चुनावों में भारत सहित कई देशों में सरकारें सत्ता से बाहर हो गई।

बुधवार को सोशल मीडिया में एक पोस्ट के जरिए शिवनाथ ठुकराल ने भारत को मेटा के नवाचारों के लिए महत्वपूर्ण भागीदार बताया। उन्होंने कहा कि मार्क का यह अवलोकन वर्ष 2024 के चुनाव में कई मौजूदा दलों को फिर से नहीं चुनने को लेकर सही है, लेकिन यह अवलोकन भारत के लिए नहीं था। अनजाने में हुई इस गलती के लिए हम माफी चाहते हैं। भारत मेटा के लिए अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण देश बना हुआ है और हम इसके अभिनव भविष्य के केंद्र में होने की आशा करते हैं। ज्ञात हो कि जो रोगन के पॉडकास्ट पर मार्क जुकरबर्ग ने झूठा दावा करते हुए कहा कि वर्ष 2024 दुनिया भर में चुनावों का एक बड़ा साल था और भारत सहित अन्य कई देशों में चुनाव हुए। कोविड-19 के बाद हुए इन चुनावों में भारत सहित कई देशों में सरकारें सत्ता से बाहर हो गई। जुकरबर्ग के इस दावे पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के वर्ष 2024 के चुनाव में 640 मिलियन से अधिक मतदाताओं ने एनडीए में विश्वास व्यक्त किया।

शेष पेज 11 पर

## इंडिया | बुनियादी शिक्षा की औपचारिकता और पब्लिक स्कूलों की रिकॉर्ड बढ़त



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

कभी एक समय था जब बिहार झारखंड के सरकारी स्कूलों से देश का नाम रौशन करने वाले विद्यार्थी निकलते थे और आज शिक्षकों का ज्यादा समय आंकड़े बनाने में जा रहा है। हर बच्चे को धनी-निर्धन सभी समुदायों को शिक्षा उपलब्ध कराना राज्य की सांवैधानिक वचनबद्धता है। शिक्षा राष्ट्र को सभ्य, सुसंस्कृत और आत्मनिर्भर बनाने का पहला साधन है। देश के युवाओं में बढ़ती हिंसा और अनैतिक प्रवृत्ति को शिक्षा के माध्यम से रोका जा सकता है।ग्रामीण भारत में प्राथमिक स्कूलों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और इसे सुधारने के उपाय कम होते जा रहे हैं। सरकारी स्कूलों की उपेक्षा अनेक सरकारों मे की है। बड़ी संख्या में प्राइमरी स्कूलों की अकाल मृत्यु हो चुकी है। गरीबी-अमीरी में, ग्रामीण-शहरी शिक्षा में भेदभाव गहरा हुआ है। वर्ष 2021-2022 में की गई स्कूली गणना के अनुसार, देश में कुल दस लाख, बाईस हजार, तीन सौ छियासी सरकारी स्कूल हैं, तथा तीन लाख, पैंतीस हजार, आठ सौ चौवालीस निजी स्कूल हैं।ये सरकारी स्कूल 50 वर्षों से अधिक समय में इतनी संख्या में खड़े हो पाए और दो दशकों से लगातार गिरावट के शिकार होकर इस अंजाम तक पहुंचे हैं कि आज सैकड़ों स्कूल शिक्षक विहीन हो गए हैं। जबकि निजी स्कूलों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी यूडायस प्लस (यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस) की 2022-23 की रिपोर्ट में झारखंड के स्कूलों की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश के 7,642 स्कूलों में एक ही शिक्षक सभी कक्षाएं लेते हैं और सभी विषय पढ़ाते हैं। चिंताजनक बात यह है कि इन स्कूलों में कुल 3.78 लाख बच्चे नामांकित हैं, जिनका पठन-पाठन केवल एक शिक्षक के भरोसे है। शिक्षकों की कमी का असर छात्रों की पढ़ाई पर भी देखने को मिलता है। इसी रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में ऐसे 370 स्कूल संचालित हैं, जहां शून्य अवधि में शून्य नामांकन हुआ। एक भी बच्चे के नामांकन नहीं होने के बाद भी इन स्कूलों में 1,368 शिक्षक कार्यरत हैं। रिपोर्ट में छात्र-शिक्षक अनुपात (पीपुल्स टीचर रेशियो) की स्थिति भी ठीक-ठाक नहीं है। झारखंड में 35 बच्चों पर एक शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि आरटीई तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत यह अनुपात 30 से अधिक नहीं होना चाहिए।राष्ट्रीय स्तर पर छात्र-शिक्षक अनुपात 27 प्रतिशत है। इस मामले में झारखंड से खराब स्थिति सिर्फ बिहार की है, जहां यह अनुपात 42 है।प्रति स्कूल शिक्षकों की औसत संख्या की बात करें तो झारखंड में प्रति स्कूल औसत पांच शिक्षक कार्यरत हैं। राष्ट्रीय स्तर पर प्रति स्कूल औसत छह शिक्षक कार्यरत हैं।इस मामले में झारखंड अन्य राज्यों आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और ओडिशा के साथ खड़ा है, जहां भी प्रति स्कूल औसत पांच शिक्षक ही कार्यरत हैं। सबसे पीछे मेघालय है, जहां प्रति स्कूल औसत चार शिक्षक ही कार्यरत हैं।रिपोर्ट में यह तथ्य भी सामने आया है कि ऊंची कक्षाओं में जाते ही बच्चों के स्कूल छोड़ने की दर बढ़ती जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में फाउंडेशन स्तर पर ग्रास एनरोलमेंट रेशियो (जीईआर) 30, मिडिल में 83 तथा माध्यमिक में 41 प्रतिशत है। राजनेता अपने बच्चों को या तो अंग्रेजी माध्यम के महंगे निजी स्कूलों में पढ़ा रहे हैं या विदेशी स्कूलों में भेज चुके हैं। ग्रामीण भारत में किसानों, कृषि मजदूरों और पिछड़ी कामगार जातियों, अनुसूचित जातियों एवं अजन जातियों के अधिसंख्य बच्चों की शिक्षा सरकारी स्कूलों पर निर्भर करती है। इन कामगारों का देश की भीतरी समृद्धि, बाह्य सुरक्षा और सभी सेवाओं में प्रमुख योगदान रहता है। इनकी बौद्धिक सशक्तता ही राष्ट्र की आंतरिक शक्ति बनती है। ये अगर शिक्षा के भेदभाव की शिकार होंगी, तो असंतोष और अविश्वास के वातावरण में जीवन निर्वाह करेंगी।हम चीन, जापान, कनाडा की प्राथमिक शिक्षा देख सकते हैं कि विदेशी छात्रों से वे भले ही मोटी रकम फीस के रूप में वसूलते हैं, परंतु अपने देश के बच्चों को एक समान निःशुल्क और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देते हैं। भारत में निजी शिक्षा-संस्थाएं न्यूनतम स्तर पर भी सामाजिक जिम्मेदारी नहीं निभाती हैं। वे डोनेशन कैपिटेशन फीस की कोई रसीद तक नहीं देतीं, जिससे के आयकर चोरी से सरकार को करोड़ों के राजस्व की क्षति होती है और रांची में स्कूल के समय कोचिंग चलाते हैं। मात्र धनलोलुपता से भरे संस्थान त्याग और कल्याण का आदर्श नहीं सिखा सकते। निजी स्कूलों की फीस दे पाना सामान्य लोगों के लिए संभव नहीं है। । झारखंड के 103 सरकारी स्कूल बिना विद्यार्थियों के चल रहे थे । इनमें से कई स्कूलों में शिक्षक भी नियुक्त हैं, जिन्हें सरकार वेतन भी दे रही है। इनमें से अधिकतर उत्क्रमित विद्यालय हैं। इन्हें शिक्षा गारंटी केंद्र के तहत प्राथमिक विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय से मध्य विद्यालय में अपग्रेड किया गया है। जिन स्कूलों में एक भी विद्यार्थी नहीं हैं, उनमें कई हाइस्कूल भी शामिल हैं। इन 103 सरकारी स्कूलों में से 13 में फिलहाल 22 शिक्षक कार्यरत थे।सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेन्स को 160 करने की घोषणा से आस बंधी है पर मंजिल दूर है।फोटो : पीएम वारशिप



### दो युद्धपोत व एक पनडुब्बी का हुआ जलावतरण

## एक प्रमुख समुद्री शक्ति के रूप में उभर रहा भारत : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (हि.स.)**



- **कहा, विकासवाद की भावना से काम करता है भारत**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में दो युद्धपोतों और एक पनडुब्बी के जलावतरण के बाद कहा कि आज का भारत दुनिया में एक प्रमुख समुद्री शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विस्तारवाद नहीं, बल्कि विकासवाद की भावना से काम करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का कार्यक्रम हमारी शानदार विरासत को हमारी भविष्य की आकांक्षाओं से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि भारत का लंबी समुद्री यात्राओं, वाणिज्य, नौसेना रक्षा और जहाज उद्योग से जुड़ा एक समृद्ध इतिहास रहा है। इस समृद्ध इतिहास से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने कहा कि आज का भारत दुनिया में एक प्रमुख समुद्री शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि आज लांच किए गए प्लेटफॉर्म उसी की एक झलक दिखाते हैं। प्रधानमंत्री ने चोल वंश के समुद्री कौशल को समर्पित आईएनएस नीलगिरि और सूरत युद्धपोत सहित नए प्लेटफार्मों के लांच का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उस युग की याद दिलाता है,

शेष पेज 11 पर

# राज्यों की संस्कृति को समझना युवाओं के लिए महत्वपूर्ण : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि किसी विषय को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना और अन्य राज्यों की संस्कृति और सोच को समझना युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने कार्यों और उपलब्धियों से न केवल राज्य, बल्कि देश का नाम भी रोशन करें। राज्यपाल 10 से 12 जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के साथ गुरुवार को राजभवन में संवाद कर रहे थे। राज्यपाल ने प्रतियोगिता में युवाओं की भागीदारी की सराहना करते हुए उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन और राज्य का राष्ट्रीय स्तर पर गौरव बढ़ाने के लिए बधाई दी। उन्हें सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राष्ट्रीय युवा महोत्सव के प्रतिभागियों ने राज्यपाल से अपने अनभुव साझा किए। स्वाति राज ने कहा कि उन्होंने विकसित भारत 2047 पर अपने विचार रखे। तीन मिनट के सम्बोधन के क्रम में पोषण, जीरो हंगर, कानून-व्यवस्था, विरासत, युवा रोजगार और अमृतकाल जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। शुभांगी राज ने कहा कि उन्होंने विकास भी, विरासत भी, पर प्रस्तुति दी। उन्होंने इस दौरान प्रधानमंत्री के साथ संवाद और उनके साथ भोजन को अपने जीवन का गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय क्षण बताया। ऋषित ने टेक फॉर विकसित भारत पर प्रस्तुति दी। उन्होंने उल्लेख किया कि एक युवा के दृष्टिकोण से विकसित भारत के लिए तकनीक की भूमिका क्या हो सकती है। उन्होंने अन्य राज्यों के युवाओं की प्रस्तुतियां देखने और उनकी संस्कृति को समझने का अनुभव भी साझा किया। स्वातिका ने कहानी लेखन प्रतियोगिता में विकसित भारत @2047 पर अपने विचार प्रस्तुत किए और विभिन्न विषयों को रचनात्मकता के साथ समाहित किया।

खेल निदेशक संदीप कुमार, राज्य निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन ललिता कुमारी, डॉ ओपी पाण्डे, राजेश कुमार चौधरी सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री आज पश्चिमी सिंहभूम के दौरे पर रहेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ एल. मुरुगन आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के तहत 16 से 18 जनवरी तक पश्चिमी सिंहभूम का तीन दिवसीय दौरा करेंगे। गुरुवार को अपने आगमन पर मंत्री जिले के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तृत बातचीत करेंगे, जिसका उद्देश्य जिले द्वारा हासिल की गई प्रगति पर नजर रखना है। दौरे के दूसरे दिन मंत्री जगन्नाथपुर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) और केज फिशरीज-करंजिया का दौरा करेंगे। इसके बाद सेल खदान का साइट विजिट करेंगे।

तीन दिवसीय दौरे का अंतिम दिन जिला अधिकारियों और विभाग प्रमुखों के साथ बातचीत पर केंद्रित होगा, जिसके बाद चाईबासा में एडीपी और एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) के संकेतकों का आकलन करने और एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स प्रोग्राम (एडीपी) के सभी मापदंडों में जिले के विकास को उत्प्रेरित करने के लिए एक समीक्षा बैठक होगी।

प्रधानमंत्री का एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स प्रोग्राम एक परिवर्तनकारी पहल है, जिसका उद्देश्य भारत भर में 112 अपेक्षाकृत पिछड़े और दूरदराज के जिलों के विकास को गति देना है। कमजोर नागरिकों के उत्थान के लिए परिकल्पित, एडीपी विकास के 81 संकेतकों में मापन योग्य प्रगति पर केंद्रित है, जो स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास, और बुनियादी ढांचा रूपी पांच महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित है। इस कार्यक्रम का ठोस प्रभाव पड़ा है, जिससे लाखों लोगों के जीवन में सुधार आया है और क्षेत्रीय विषमताओं को दूर किया गया है।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राज्यपाल गंगवार से मिले



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आमंत्रित किया।

# स्पीकर पहुंचे प्रयागराज, महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी

**रांची।** महाकुंभ में देश-विदेश के लोगों के आने का सिलसिला जारी है। देश के राज्यों से भी लोग महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने



पहुंच रहे हैं। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष भी महाकुंभ में शामिल हुए। उन्होंने आस्था की डुबकी लगाई। सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि विश्व के विशालतम सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ के दूसरे दिन आज पवित्र स्नान में डुबकी लगायी। पूजा अर्चना कर भगवान सूर्य से झारखंड वासियों के समृद्ध, खुशहाली और कल्याण की प्रार्थना किया।

### दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेकर लौटे प्रतिभागी, बोले मंत्री सुदिव्य

# राज्य में प्रदेश स्तर पर युवा महोत्सव कराएगी सरकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने नई दिल्ली में 10 से 12 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेकर लौटे प्रतिभागियों को बुधवार को सम्मानित किया। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड में भी राज्य स्तर पर युवा महोत्सव कराएगी, जहां पूरे राज्य से प्रतिभागी भाग लेंगे। युवाओं के विचार और उनकी प्रतिभा राज्य के विकास में सहायक होगी।



मंत्री न राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेकर लौटे प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि आपने न केवल हमारे राज्य का नाम रोशन किया है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी बने हैं। उन्होंने युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि आपकी मेहनत और समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि हमारे राज्य के युवा किसी से कम नहीं हैं। साथ ही कहा कि झारखंड के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। वे हर क्षेत्र में परचम लहराने की क्षमता रखते हैं। बस जरूरत है उन्हें बेहतर मार्गदर्शन की। इसमें सरकार उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करेगी ताकि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।

मंत्री ने कहा कि ज्ञान प्राप्त करने का सबसे सरल तरीका किताबें हैं, उनसे चीजों को परखने की क्षमता आती है। आज की पीढ़ी बहुत तेज है। युवा तर्क करने की क्षमता को विकसित करें। सवाल पूछने की आदत को विकसित करें। युवाओं का जोश और ऊर्जा राज्य और देश के विकास की नींव है। साथ ही कहा कि शहर, गांव और राज्य मजबूत होगा तभी देश भी मजबूत होगा। बिना राज्य के विकास के हम देश के विकास की कल्पना नहीं कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव में स्वाति राज (दुमका) को भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ जबकि शुभांगी क्षितिजा सौरभ (गुमला) और ऋषित (जमशेदपुर) का चयन (विकास भी विरासत भी पीपीटी के माध्यम से) प्रधानमंत्री के समझ प्रजेंटेशन देने के लिए हुआ था।

इस अवसर पर खेलकूद व युवाकार्य निदेशालय के अवर सचिव राजेश कुमार, झारखंड नेहरू युवा केंद्र की डायरेक्टर ललिता कुमारी, डिप्टी नोडल पदाधिकारी डॉ ओमप्रकाश पांडेय और टीम लीडर पुरुषोत्तम आदि मौजूद थे।

# मौसम विभाग के कार्यक्रम में हुईं कई प्रतियोगिताएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत मौसम विज्ञान विभाग की सेवा के सफलतम 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मौसम केन्द्र, रांची में बुधवार को दो दिवसीय कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्यालय धुर्वा, केन्द्रीय विद्यालय हिनू तथा सुरेन्द्रनाथ शताब्दी स्कूल समेत रांची के बच्चों ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली मुख्यालय में चल रहे मुख्य कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग, मौसम केन्द्र, रांची के द्वारा किए जा रहे कार्यों की पॉवर पॉइंट के माध्यम से प्रस्तुति, मौसमीय उपकरणों का डेमोंस्ट्रेशन, विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थयों के बीच क्विज प्रतियोगिता, ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौसम केन्द्र, रांची परिसर में पौधारोपण के मौके केंद्र परिवार के कार्मिकों के मध्य एकल व युगल कैरम प्रतियोगिता, बैडमिंटन प्रतियोगिता, स्वास्थ्य जांच शिविर समेत कई अन्य आयोजनों का सभी ने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर मौसम केंद्र रांची के मौसम निदेशक अभिषेक आनंद, समस्त वैज्ञानिक, कर्मचारी, विभिन स्कूलों के बच्चे आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ काम करनेवालों को शोकॉज

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने विधानसभा चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ काम करने वाले नेताओं को शोकॉज नोटिस जारी किया है। साथ ही इनसे 15 दिनों में जवाब मांगा है। अनुशासन समिति की बैठक के बाद पलामू के लक्ष्मी नारायण तिवारी, लातेहार के पप्पू पासवान, सलाम अंसारी समेत 14 जिला पदाधिकारियों, लोहरदगा के निसार अहमद, सलीम अंसारी, राउफ अंसारी, मुजम्मिल अंसारी और धनबाद के इम्तियाज अली को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बैठक अनुशासन समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें सदस्य अनादि ब्रह्म व अमूल्य नीरज खलखो शामिल हुए।

# नई दिल्ली में कांग्रेस के नए मुख्यालय के उद्घाटन में शामिल हुए झारखंड के कांग्रेसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को नई दिल्ली 9 ए कोटला मार्ग पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नए कार्यालय 'इंदिरा भवन' का उद्घाटन कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल , झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। साथ ही झारखंड युवा कांग्रेस महासचिव वेद प्रकाश तिवारी समेत अन्य नेताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस संबंध में झारखंड युवा कांग्रेस के महासचिव वेद प्रकाश तिवारी ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह नया मुख्यालय कांग्रेस के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। कांग्रेस नेताओं ने इसे पार्टी के लिए गर्व का क्षण बताया। खास बात यह है कि भवन उसी स्थान पर बनाया गया है, जहां इसे स्थापित करने की परिकल्पना पार्टी के पूर्वजों ने की थी।



## भाजपा नेताओं के चेहरे से हट चुका है मुखौटा : सोनाल शांति

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा नेताओं



के चेहरे से मुखौटा हट चुका है और जनता ने उनकी असली सूरत देख ली है। शायद यही वजह है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब के किए गए अपमान से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा संविधान गौरव यात्रा निकालने का ढोंग कर रही है। उन्होंने कहा कि संविधान के विरोध में भाजपा के मूल संगठन आरएसएस ने खुलेआम पूरे देश में प्रदर्शन किया। बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के पुतले जलाए। सोनाल शांति ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान खुलेआम संविधान बदलने के नाम पर भाजपा नेताओं द्वारा 400 पार सीटों की मांग जनता से की गई थी, लेकिन जनता ने उनके मंसूबों पर करारा तमाचा जड़ दिया। संवैधानिक प्रावधानों का विरोध करने वाली भाजपा इस यात्रा के बहाने जनता के बीच फिर नकारात्मक विचार पेश करने वाली है। भाजपा इस यात्रा के बहाने संविधान बदलने के संदर्भ में जनमत सर्वेक्षण करने का मंसूबा पाले हुए है। आरक्षण को समाप्त करने की दिशा में सर्वेक्षण की पहली सीढ़ी यह यात्रा होगी।

## फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार को पदमुक्त करने की मांग

**रांची।** झारखंड फार्मेसी छात्र संघ ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार को पत्र लिखकर उनके निबंधन को रद्द करने और रजिस्ट्रार के पद से मुक्त करने की मांग की है। संघ ने स्वास्थ्य मंत्री को लिखे पत्र में बताया कि झारखंड फार्मेसी काउंसिल के निबंधक-सह-सचिव प्रशांत कुमार पांडेय का निबंधन झारखंड के साथ बिहार में भी पाया गया है। इनका बिहार में निबंधन क्रमांक 20670 तथा झारखंड में 00083 है। प्रशांत कुमार पांडेय, झारखंड में जन औषधि केंद्र के साथ चार अन्य दवा दुकान में भी जुड़े हैं। वहां प्रशांत कुमार पांडेय अपना फार्मासिस्ट का सर्टिफिकेट दिए हैं। बिहार राज्य में भी इनके नाम पर दवा दुकान चल रहा है। यह एक संगीन अपराध की श्रेणी है तथा ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 व फार्मेसी एक्ट 1948 का उल्लंघन है।

# माओवादी, स्प्लिंटर ग्रुप व आपराधिक गिरोह की धमकी मामले में दर्ज करें एफआईआर : डीजीपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बुधवार को 16 जिले के एसपी के साथ नक्सलवाद को लेकर समीक्षा बैठक किए। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक के दौरान डीजीपी ने कहा कि माओवादी संगठन, स्प्लिंटर ग्रुप और अपराधिक गुटों द्वारा धमकी से संबंधित जो भी सूचना पीड़ित द्वारा दी जाती है, उसमें प्राथमिकी दर्ज किया जाय। साथ ही डीजीपी ने बैठक के दौरान निर्देश दिया कि सभी जिले के एसपी विशेष रूप से नक्सल प्रभावित जिलों में माओवादी, स्प्लिंटर ग्रुप और अपराधिक गुटों के द्वारा आगजनी, तोडफोड़ से सबंधित दर्ज मामलों का विशेष रूप से समीक्षा कर शीघ्र कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। संबंधित रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी इसका अनुपालन अपनी देख-रेख में कराना सुनिश्चित करेंगे।



## प्रभावी कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाए

डीजीपी ने कहा की विभिन्न काण्डों में माओवादी, स्प्लिंटर ग्रुप और अपराधिक गुटों के जो भी अभियुक्त फरार हैं, उनके विरूद्ध प्रभावी कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाए। फरार नक्सली और अपराधकर्मी के चल-अचल सम्पत्ति की कुर्की जब्ती की कार्रवाई करना यथाशीघ्र सुनिश्चित करेंगे। एसपी अपराध के माध्यम से अर्जित किये गये सम्पत्तियों को चिन्हित कराते हुए उसका डॉक्यूमेंटेशन का कार्य करते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

## आत्मसमर्पित नक्सली किसी लाभ से वंचित न हो

डीजीपी ने बैठक के दौरान कहा की नक्सलियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान और सरेंडर पॉलिसी को और प्रभावी बनाने के लिए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए साकारात्मक प्रयास सुनिश्चित किया जाय। सरकार द्वारा चलाये जा रहे पुनर्वास योजना के अंतर्गत नक्सलियों के आत्मसमर्पण पश्चात उनके संबंध में यह समीक्षा की जाय की पुनर्वास योजना के अंतर्गत दिये जाने वाले संपूर्ण लाभ आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिल रही है या नहीं, अगर आत्मसमर्पित नक्सली किसी लाभ से वंचित हैं तो यथाशीघ्र कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

### झारखंड में बीजेपी का सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू

# बाबूलाल मरांडी बने पहले सक्रिय सदस्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बीजेपी के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के तहत बुधवार को सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरूआत की गयी। प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पहले सक्रिय सदस्य बने। इनके अलावा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, अभियान के प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद और महानगर अध्यक्ष वरुण साहु ने सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बीजेपी का एकमात्र आधार पार्टी के मजबूत और समर्पित कार्यकर्ता हैं। राष्ट्रीय हित में यह अति आवश्यक है कि बीजेपी अपने नये और पुराने सभी सदस्यों की सदस्यता और सक्रियता पर बल दे, जिससे पूरी पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी।




मौके पर उपस्थित प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने सदस्यता अभियान को हर मंडल, हर शक्ति केंद्र, हर बूथ और हर घर में पहुंचाने का आग्रह सभी कार्यकताओं से किया। हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि किसी पार्टी का स्तंभ उस पार्टी और क्षेत्र के कार्यकर्ता होते हैं। कार्यकताओं की सजगता ही चुनाव में हार और जीत तय करती है। महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व से मिलनेवाला हर कार्य रांची महानगर के कार्यकर्ता कर्तव्यनिष्ठ होकर करते हैं। सदस्यता अभियान में भी रांची महानगर के प्रत्येक कार्यकर्ता ऊर्जा और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। पार्टी द्वारा दिये गये किसी भी कार्य को भाजपा कार्यकर्ता बहुत ही तन्मयता से पूरा करते हैं।

कार्यक्रम का संचालन बलराम सिंह ने किया। मौके पर शशांक राज, संजीव विजयवर्गीय, राकेश भास्कर, संदीप वर्मा, जितेंद्र वर्मा, केके गुप्ता, विश्वजीत सिंह, राजू सिंह और अश्वनी सुखीजा सहित रांची महानगर के पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## भाजपा का संविधान गौरव यात्रा शुरू

**रांची।** बीजेपी का संविधान गौरव यात्रा की शुरूआत बुधवार से हुई। इसकी शुरूआत बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने की। बाबूलाल मरांडी ने इसकी शुरूआत रांची के डोरंडा स्थित बाबा साहेब डॉ। भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद डोरंडा क्षेत्र के रविदास मोहल्ला में पदयात्रा कर अनुसूचित जाति समाज के लोगों के बीच कांग्रेस पार्टी की अंबेडकर विरोधी चेहरे को उजागर किया। मौके पर बीजेपी विधायक नवीन जायसवाल सहित पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शहर की बुंडू थाना पुलिस ने हथियार के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम मुकेश कुमार महतो बताया गया है। इसके पास से एक पिस्टल और दो गोली बरामद की गई है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बुण्डू थाना क्षेत्र अन्तर्गत मौसीबाड़ी बुण्डू के पास एक अपराधी हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना के बाद बुंडू एसडीपीओ ओम प्रकाश के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हथियार के साथ उसे गिरफ्तार किया। आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

# समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में एक और उपलब्धि : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो जहाजों और एक सबमरीन को राष्ट्र को समर्पित किया। इंडियन नेवी के आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और सबमरीन आईएनएस वाघशीर को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में शामिल किया गया। भारतीय नौसेना में लड़ाकू युद्धपोतों को शामिल करना, नौसेना को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। यह पहली बार है, जब एक डिस्ट्रॉयर, एक ब्रिगेड और एक सबमरीन को एक साथ नौसेना में शामिल किया गया है। पीएम के मार्गदर्शन में रक्षा क्षेत्र में भारत नित्य नया अध्याय जोड़ रहा है। आज के कार्यक्रम में पीएम देश के केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण, महाराष्ट्र के सीएम सहित इंडियन नेवी के अधिकारी भी शामिल हुए।



## 17 को रिम्स के रजिस्ट्रेशन और कैश काउंटर की सेवाएं बाधित रहेगी

# ई-हॉस्पिटल से नेक्सटजेन में अपग्रेड होगा राज्य का सबसे बड़ा अस्पताल

● देश के नागरिकों का इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (ईएचआर) तैयार करना है

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** एनआईसी द्वारा राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान, रांची (रिम्स) के ई-हॉस्पिटल पोर्टल को नेक्सटजेन हॉस्पिटल में स्थानांतरित किया जा रहा है। इस वजह से 17 जनवरी को रिम्स में रजिस्ट्रेशन व कैश काउंटर (बिलिंग) की सेवाएं बाधित रहेंगी। इसे ध्यान में रखते हुए रिम्स प्रबंधन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। दरअसल, नेक्सटजेन ई- हॉस्पिटल इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड बनाने के लिए नवीनतम उद्योग मानकों को शामिल किया गया है और इसे आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन इकोसिस्टम के साथ एकीकृत किया गया है, जो भारत में एक डिजिटल स्वास्थ्य सेवा पहल है। नेक्सटजेन ई -हॉस्पिटल का विजन देश के प्रत्येक नागरिक का इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (ईएचआर) तैयार करना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) में परिभाषित मानकों को अपनाना और सक्षम बनाने के अलावे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के विभिन्न राज्य एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के साथ एकीकरण है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने रिम्स पीआरओ डॉ राजीव रंजन से सवाल पूछे तो उन्होंने कहा कि 17 जनवरी को जनवरी को रिम्स के ई-हॉस्पिटल से नेक्सटजेन में अपग्रेडेशन हो रहा है। इसके बाद रिम्स में अनेक परिवर्तन आएंगे। अनावश्यक भीड़ रिम्स में नहीं रहेगी, ऑन-लाइन रजिस्ट्रेशन के साथ ही समय सारणी भी उपलब्ध मिलेगा, इससे मरीज उसी समय पर आकर अपना इलाज करा सकेंगे। जांच रिपोर्ट लेने के लिए कार्यालय नहीं आना होगा, जांच रिपोर्ट जांच के पश्चात तुरंत ऑन लाइन उपलब्ध हो जाएगी। मरीजों के आधार से लिंक उनके स्वास्थ्य का डेटा उपलब्ध होगा जिसे किसी भी डॉक्टर या अस्पताल में मरीजों को शिफ्ट करने में सुविधा यह होगी कि दूसरे अस्पताल में बिना समय गंवाए मरीजों का समय पर इलाज हो पाएगा। पहले यह होता था कि दूसरे अस्पताल जाने के बाद उस अस्पताल में मरीज की बीमारी को समझने में ही ज्यादा वक्त लग जाता था।

दरअसल, राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार ने रिम्स में नहीं रखा जाता है मरीजों के रोगों का रिकॉर्ड की खबर प्रकाशित किया था। इस खबर में मरीजों के रोगों का डाटाबेस नहीं रखे जाने की बात कही गई थी। रिम्स प्रबंधन ने इस समाचार को गंभीरता से लिया और ई-हॉस्पिटल से नेक्सटजेन में रिम्स को अपग्रेड करने की प्रक्रिया में कदम उठाया है। यह सुविधा 17 जनवरी से शुरू हो जाएगा। इसके बाद रिम्स में आए सभी मरीजों को इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड रहेगा।

खबर का असर


डाटाबेस नहीं, कैसे मिलेगी बेहतर सुविधा

रिम्स में नहीं रखा जाता है मरीजों के रोगों का रिकार्ड

मनोज मिश्रा

रांची। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में प्रतिदिन तीन हजार मरीजों का इलाज होता है। मगर, अधिकारियों की मानें तो अस्पताल प्रबंधन मरीजों के रोग से संबंधित डाटाबेस नहीं रखता है। इस स्थिति में पता ही नहीं चलेगा कि रिम्स में किस-किस बीमारी के मरीज ज्यादा भर्ती होते हैं। और, जब यह पता नहीं चलेगा, तो राज्य सरकार मरीजों की बीमारी को ठीक करने के लिए जरूरी संसाधन और उपकरण रिम्स में कैसे उपलब्ध कराएगी। इस संबंध में रिम्स के एक अधिकारी से जब पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि लाखों मरीजों का अलग-अलग डाटा रखना और बताना संभव नहीं है। यह पूछने पर कि दवाओं, टीकों और इलाज के लिए आवश्यक दवाओं से लेकर खाने का प्रबंधन तक कैसे किया जाता है, तो वे जवाब नहीं दे पाए। उल्लेखनीय है कि आज भी रिम्स में पुर्जे पर डाक्टर दवाओं की सलाह देते हैं, जबकि निजी से लेकर केंद्र सरकार तक के अस्पतालों में इसकी ऑनलाइन व्यवस्था है।

● प्रतिदिन तीन हजार मरीजों का होता है इलाज
● संसाधन-उपकरणों के लिए कैसे बनेगी योजना

आइए, जानते हैं कि मरीजों का डाटाबेस रखना क्यों जरूरी है। सर्पदंश की घटना झारखंड में सबसे ज्यादा होती है। अगर रिम्स में यह आंकड़ा हो कि कितने मरीज सांप काटने से रिम्स आते हैं, तो उसकी दवा का उसी अनुपात में प्रबंध किया जा सकता है। उसी तरह कुत्ता काटने के, जहर खाने के, सड़क दुर्घटनाओं के कितने मरीज एक वर्ष में रिम्स में इलाज कराते हैं, यह कैटेगरी बना कर रिकार्ड रखा जाए, तो इलाज का इंतजाम पुख्ता हो सकता है। इससे पता चलेगा कि कहां कितनी बेड की जरूरत है, शेष पेज 11 पर

## हॉर्न बजाने पर पानी टैंकर के चालक को पीटा, एक गिरफ्तार

**रांची।** रांची नगर निगम के पानी के टैंकर के चालक को पीटकर जख्मी कर दिया गया। घटना सोमवार की है। हालांकि, पुलिस ने एक आरोपी निशांत कुमार साहू को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। वहीं, मामले में आर्यन साहू और यश साहू समेत अन्य फरार हैं, जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। इस मामले में मेसर्स एजाज क्रसमेन कंपनी में कार्यरत मो सोहराब आलम ने तीनों के खिलाफ अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मो सोहराब आलम ने पुलिस को बताया कि सोमवार को वह चालक के साथ पानी का टैंकर लेकर पुराना अरगोड़ा चौक जा रहे थे। इसी दौरान सामने वाहन चालक को हटने के लिए हॉर्न दिया। मगर, वह नहीं हटाया। इसके बाद वाहन चालकों ने उन्हें और उनके चालक को बुलाया। चालक को बुरी तरह से पीट दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों को आते देखकर आरोपी भागने लगे। दौड़ाकर एक आरोपी को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। वहीं, अन्य मौके से फरार हो गया, जिसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### डीसी ने स्मार्ट डिस्प्ले का फीता काटकर किया शुभारंभ



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बुधवार को समाहरणालय स्थित कमरा संख्या-608 के एनआईसी सभागार में स्मार्ट डिस्प्ले का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस स्मार्ट डिस्प्ले में कई अत्याधुनिक फीचर्स दिए गए हैं, जो उच्च क्षमता वाले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए उपयुक्त हैं। इसमें स्प्लिट स्क्रीन की सुविधा भी है, जिससे एक साथ दो फीचर्स का उपयोग किया जा सकता है। यह स्क्रीन अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता रांची रामनारायण सिंह, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रांची राजीव कुमार, अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रांची रिमा कुजूर, और जिला खनन पदाधिकारी रांची अबु हुसैन उपस्थित थे।

### मंत्री ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**रांची।** झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने बुधवार की देर शाम तमाड़ के सलगाडीह स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। मंत्री के साथ स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा मौजूद थे। मंत्री ने स्कूल में पढ़नेवाले छात्रों से मुलाकात की और उनके साथ बातचीत की। साथ ही स्कूल भवन, किचन, विद्यालय का रजिस्टर, स्कूल ड्रेस, जूता और अन्य बुनियादी सुविधाओं की जांच की और स्कूल प्रशासन को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। स्कूल के छात्रों ने मंत्री के सामने स्कूल में मिलनेवाली खाने की सामग्री, कंबल और बक्सा उपलब्ध नहीं कराए जाने की बात कही। छात्रों ने स्कूल के भोजन में मिलनेवाली घटिया सब्जी की जानकारी मंत्री को दी और दबी जुबान प्रिंसिपल की शिकायत की।

### अर्पिता महिला मंडल ने जेएसएसपीएस कैडेट्स से की मुलाकात


● कैडेट्स से खेल प्रदर्शन, हॉस्टल सुविधाओं पर चर्चा की

**रांची।** अर्पिता महिला मंडल, सीसीएल मुख्यालय वाइव्स एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रीती सिंह, उपाध्यक्ष इंदु मिश्रा, एवं शशि दुहान ने अर्पिता महिला मंडल की अन्य महिला सदस्यों के साथ जेएसएसपीएस, खेलगांव परिसर जाकर प्रशिक्षणरत कैडेट्स से मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने विभिन्न स्टेडियमों का निरीक्षण किया और कैडेट्स से उनके खेल प्रदर्शन, हॉस्टल सुविधाओं, और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर चर्चा की। विशेष रूप से महिला कैडेट्स की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए, उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि झारखंड की बेटियां अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोर रही हैं और राज्य एवं देश को गौरवान्वित कर रही हैं। अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्ष प्रीती सिंह ने खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के लिए उनके समर्पण और मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा, यह देखकर हृदय को प्रसन्नता होती है कि हमारे कैडेट्स, विशेष रूप से महिला कैडेट्स, अपने प्रेरणादायक प्रदर्शन से देश और राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उनकी उपलब्धियां सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। कैडेट्स के साथ इस संवाद ने उनके मनोबल को बढ़ाया। महिला मंडल के सदस्यों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके प्रयासों की जमकर प्रशंसा की। इस अवसर पर, जेएसएसपीएस की टीम और प्रशिक्षकों के साथ खेल अकादमी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

### लायंस क्लब ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

**रांची।** लायंस क्लब एकलव्य ग्रेटर ने बुढ़मू के आरा गांव में गरीबों के बीच 500 कंबल का वितरण किया और 200 लोगों की आंख की जांच की। मेडिका के डॉक्टरों की टीम ने लायंस क्लब एकलव्य ग्रेटर के सौजन्य से इस गांव में कैंप लगाया तो पता चला कि इस गांव में कई मोतियाबिंद के मरीज थे। लायंस क्लब के गवर्नर सीमा वाजपेयी जमशेदपुर से पहुंची और उन्होंने देखा कि कैसे लोग इस कड़ाके की ठंड में बहुत कम कपड़े से अपने जीवन चला रहे हैं। उन्होंने तुरंत लायंस क्लब के सदस्यों को कहा कि तत्काल में 500 कंबल का वितरण किया जाए। क्लब के प्रेसिडेंट सुबोध चौधरी ने क्लब की सदस्यों की मदद से 500 कंबल की व्यवस्था की।



● 200 लोगों के आंखों की हुई जांच

**एलसीएफ के चेयरपर्सन ने आंख के अस्पताल बनाने का किया ऐलान :** एलसीएफ के चेयरपर्सन सुजीत कुमार ने कई लोगों को मदद किया और लोगों की कठिनाइयों को समझा । उन्होंने कहा कि लायंस क्लब को अगर इस जगह पर कोई जमीन मिल जाए तो यहां परआंख का अस्पताल बना देंगे।

**नितेश साहू ने अस्पताल के लिए जमीन देने का किया ऐलान :** वहीं नितेश साहू ने जमीन देने का ऐलान कर दिया। कार्यक्रम को कार्यक्रम को लायंस क्लब के जॉन चेयरपर्सन गणेश सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन लायन राजेश त्रिपाठी ने किया कार्यक्रम के चेयरपर्सन अमित साहू एवं राकेश चौधरी थे। इस कार्यक्रम में मुकेश विश्वकर्मा आलोक झा सुशील कुमार आदि मौजूद थे।

## टीआरएल की समस्याओं का हो समाधान, नहीं तो आंदोलन : विवेक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




डॉ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में जनजातीय एवं क्षेत्रीय विभाग (टीआरएल) की समस्याओं को लेकर आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) ने आंदोलन की चेतावनी दी है। एसीएस के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने जनजातीय एवं क्षेत्रीय विभाग (टीआरएल) और अन्य विभागों में आधारभूत सुविधाओं और शिक्षकों की कमी को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जनजातीय एवं क्षेत्रीय विभाग के छात्रों को पर्याप्त कक्षाओं और स्थाई शिक्षकों के अभाव में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि जनजातीय एवं क्षेत्रीय विभाग की समस्याओं को बार-बार उठाने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विवेक तिर्की ने कहा, यदि विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द ही जनजातीय एवं क्षेत्रीय विभाग के लिए नई कक्षाएं, स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति और अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था नहीं करता, तो एसीएस आंदोलन के लिए बाध्य होगा। छात्रों के अधिकारों और उनके शैक्षणिक भविष्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मौके पर केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुमित उरांव, रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष मनोज, उपसचिव अक्षय कुमार, कोषाध्यक्ष नितेश टोप्पो, उपकोषाध्यक्ष पायल बाण्डो आदि उपस्थित थे।

## खराब स्ट्रीट लाइट ठीक करने के लिए 15 सदस्यीय टीम का गठन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** रांची नगर निगम ने सभी गली मुहल्लों और मुख्य पथों पर खराब पड़े स्ट्रीट लाइट को ठीक करने के लिए बिजली विभाग के 15 सदस्यीय टीम का गठन किया है। ये सभी लोग खराब पड़े बत्तियों को घूम-घूम कर दुरस्त करेंगे। बुधवार को इन सभी लोगों को उप प्रशासक के नेतृत्व में नगर निगम कार्यालय से रवाना किया गया। इन सभी को प्रतिनियुक्ति जोन वार की गयी है। साथ ही आम लोगों के लिए कुछ नंबर भी जारी किया है जिसके जरिये वे स्ट्रीट लाइट से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### सभी 4 जोन में समय पर लगाएंगे गश्ती

विद्युत विभाग की 15 सदस्यीय टीम के बीच भी जोन का बंटवारा कर दिया गया है। ये लोग सभी लोग 4 जोन में समय समय पर गश्ती लगाएंगे और खराब पड़े स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करेंगे। इसके अलावा ये ऑनलाइन मिलने वाली शिकायतों का भी निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। अगर आप अपने मुहल्ले की खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट को ठीक कराना चाहते हैं तो रांची नगर निगम ने इसके लिए व्हाट्सऐप और फोन नंबर जारी कर दिया है। आप 18005701235 पर कॉल कर या 8141231235 पर व्हाट्सऐप पर मैसेज कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।



### वार्ड के अनुसार लोग दर्ज करा सकते हैं शिकायत

इसके अलावा जोन वार भी संपर्क नंबर जारी किया गया है। आप अपने वार्ड के अनुरूप भी इन नंबरों पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जोन 1 में वार्ड संख्या 1,2, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32,33, 34, 35, 36 को रखा गया है। इस वॉर्ड में जो भी लाइट से संबंधित समस्याएं है तो वे 7257000151 पर कॉल कर सकते हैं। इसी तरह वॉर्ड संख्या 3,4,5,6,7,8,9,10,11, 12, 18,19, 47 के लोग 9304011624 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जबकि वॉर्ड नंबर 13,14,15,16,17, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 45, 46 के लोग 7779893282 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। वॉर्ड नंबर 37,38, 39,40, 41,42, 43, 44, 48,49,50, 51,52, 53 के लोग 9431798116 पर कॉल कर सकते हैं।

## गांजा के साथ गिरफ्तार आरोपी को जमानत नहीं, याचिका खारिज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश दिवाकर पांडे की अदालत ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में जेल में बंद आरोपी सुनील कुमार सिंह उर्फ बंटी को जमानत देने से इनकार किया है। उसकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी सुनवाई के पश्चात खारिज कर दी है। वह कांके थाना कांड संख्या 309-24 मामले में 28 अक्तूबर 2024 से जेल में है। आरोपी के पास से पुलिस ने 2.1300 किलो गांजा, पिस्टल और गोला-बारूद बरामद किया था। कांके पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर याचिकाकर्ता को घर से गिरफ्तार किया है, तब से वह जेल में है। मामले में अनुसंधान पदाधिकारी ने जांच पूरी करते हुए चार्जशीट दाखिल कर दी है।

### आज / कल




## गांधीनगर अस्पताल में हृदय रोग पर निशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में 24 जनवरी को सुबह 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में यशोदा अस्पताल, हैदराबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ। प्रमोद कुचलाकान्ति (सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिपोर्ट/जांच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाये। सीएमडी, सीसीएल निलेन्दु कुमार सिंह के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा नियमित तौर पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर का उद्देश्य है कि जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक ईलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके तथा इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।


● यशोदा अस्पताल, के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ प्रमोद कुचलाकान्ति सेवा देंगे

## एटिपिकल प्लेटफॉर्म प्राइवेट लिमिटेड विकलांगों में रोजगार की संभावनाएं पैदा करता है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में स्थित एटिपिकल प्लेटफॉर्म प्राइवेट लिमिटेड भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में हलचल मचा रहा है। यह व्यवसाय अंत से अंत तक प्रौद्योगिकी मंच प्रदान करता है जो कॉर्पोरेटों को समावेशी बनने और विकलांग लोगों (पीडब्ल्यूडी) के लिए रोजगार की संभावनाएं पैदा करने के उनके प्रयासों में मदद करता है। विभिन्न विकलांगता संवेदीकरण कार्यक्रमों के माध्यम से, कंपनी विकलांग लोगों (पीडब्ल्यूडी) के विशिष्ट कौशल और क्षमताओं को पहचानने और उन्हें अपने संचालन में एकीकृत करने में व्यवसायों की सहायता करने की भी उम्मीद करती है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक विविध और समावेशी कार्यबल होता है, स्टार्टअप अपने क्षेत्र में एक गेम चेंजर रहा है। डीपीआईआईटी स्टार्टअप इंडिया नेशनल स्टार्टअप अवार्ड विजेता 2023: स्टार्टअप का लक्ष्य अगले दस वर्षों के दौरान दस लाख या उससे अधिक नौकरियां पैदा करना है, और भले ही वे 500 व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित करें जो 500 लोगों को रोजगार दे सकें, यह कुल समय के साथ संभव लगता है। दस लाख पीडब्ल्यूडी के लिए 20,000 रुपये प्रति कर्मचारी के औसत वेतन के साथ, भर्ती शुल्क उद्योग में लगभग 2000 करोड़ रुपये का राजस्व उत्पन्न करने की भारी क्षमता है।

## रिम्स में ल्यूटेम्बेचर सिंड्रोम का हुआ सफल ऑपरेशन

### सीटीवीएस टीम का नेतृत्व डॉ राकेश चौधरी ने किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिम्स के सीटीवीएस विभाग में ल्यूटेम्बेचर सिंड्रोम का सफल ऑपरेशन किया गया। बोकारो की इस मरीज को पिछले कुछ दिनों से सांस फूलने और धड़कन तेज होने की समस्या हो रही थी इकोकार्डियोग्राफी व कोरोनरी एंजियोग्राम करने पर ल्यूटेम्बेचर सिंड्रोम का पता चला। ल्यूटेम्बेचर सिंड्रोम एक गंभीर और जानलेवा दिल की बीमारी है। यह बीमारी एक लाख लोगों में एक को होती है। इसमें दिल में छेद के साथ-साथ दिल का माइट्रल वाल्व खराब हो जाता है। इस मामले में मरीज के हृदय के दोनों वाल्व खराब हो गए थे, फेफड़े की नस का प्रेसर भी काफी बढ़ गया था और दिल का आकार समान्य की तुलना में दो गुना बढ़ गया था। देश के विभिन्न अस्पतालों में इलाज करने के बावजूद वह अपना ऑपरेशन नहीं करा पाई थी। रिम्स आने पर पहले उन्हें दवाओं से स्थिर किया गया और फिर ऑपरेशन की योजना बनाई गई। आयुष्मान योजना के तहत रिम्स की अमृत फामेर्सी से ओपन हार्ट सर्जरी के लिए आवश्यक सामग्री मंगवाई गयी और सोमवार को सफलतापूर्वक ओपन हार्ट सर्जरी करके उनके माइट्रल वाल्व को बदल दिया गया, दिल का सुराग भी बंद कर दिया गया और त्रिकपर्दी वाल्व को रिपेयर करके ठीक किया गयो ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में सुधार है। यह सर्जरी आयुष्मान योजना के तहत पूरी तरह निःशुल्क किया गयो सीटीवीएस टीम का नेतृत्व डॉ। राकेश चौधरी ने किया। सर्जरी टीम में सीटीवीएस टीम से डॉ प्रेम, डॉ उमा, डॉ विनीत एवं डॉ स्वीटी, निश्चेतना विभाग से प्रो (डॉ) शिव प्रिये, डॉ। नितीश कुमार और रेजिडेंट डॉ तौसिफ, डॉ शिल्पी शामिल थीं साथ ही इंचार्ज सिस्टर सुनीता, प्रिसिला, रीना, ओटी असिस्टेंट राजेंद्र और खुशबू पर्फ्युजनिस्टअमित, फ्लोर स्टाफ प्रीति व सूरज मरीज की देखभाल में मुख्य भूमिका निभाई।



### पूजा समिति के संस्थापक मनोज गुप्ता के निधन पर शोक

**रांची।** डोरंडा बाजार काली पूजा समिति के वरिष्ठ सदस्य व चैती दुर्गा पूजा समिति के संस्थापक सदस्य मनोज गुप्ता झुन्नु का आकस्मिक निधन मंगलवार को हो गया। नामकुम स्थित घाघरा, स्वर्णरेखा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। झुन्नु के निधन पर सांसद दीपक प्रकाश, विधायक नवीन जायसवाल, राहुल गुप्ता, पियूष विजय, सतेंद्र पाठक सहित बड़ी संख्या में लोगों ने शोक व्यक्त किया।

### पंडरा में सुंदरकांड पाठ 22 जनवरी को

**रांची।** पंडरा के राधानगर में 22 जनवरी को सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। धर्मरक्षिणी श्री राम सेवा समिति के तत्वावधान में राधानगर ग्राउंड, चिमनी भट्ठा के पीछे आयोजन होगा। गया के पाठ वाचक रवि आलोक मिश्रा कथा के लिए आएंगे। उनके साथ 1,100 महिलाओं की ओर से सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। साथ ही नगर कीर्तन, भजन और भंडारा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में कुमुद झा, सुनील सिंह, व अन्य योगदान दे रहे हैं।

## पर्वतारोही शशि शेखर ने किया कमाल

# माउंट अकोंकागुआ पर फहराया तिरंगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के साहसी पर्वतारोही शशि शेखर ने 13 जनवरी को दोपहर 4 बजे दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट अकोंकागुआ (6,961 मीटर / 22,837 फीट) पर भारत का तिरंगा फहराकर राज्य व देश का मान बढ़ाया। अर्जेंटीना में स्थित माउंट अकोंकागुआ न केवल दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी है, बल्कि यह दक्षिणी गोलार्द्ध व एशिया महादेश के बाहर की सबसे ऊंची चोटी भी है। इसे पर्वतारोहण की प्रतिष्ठित सात महाद्वीपों की ऊंचाई में शामिल किया जाता है। शशि शेखर ने भारी बर्फबारी, व्हाइटआउट (जहां दृश्यता शून्य हो जाती है) और बर्फीले तूफानों जैसी कठिन परिस्थितियों का सामना किया। -20 डिग्री सेंटीग्रेड से भी नीचे के तापमान व तेज हवाओं ने अभियान को और अधिक चुनौतीपूर्ण बना दिया। शशिशेखर ने बताया, सबसे कठिन समय तब था जब व्हाइटआउट के कारण कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। लेकिन मेरे आत्मविश्वास और माता-पिता के दिए अदम्य साहस से मैंने सभी चुनौतियों का सामना कर पाया। इस सफलता में रांची स्थित एडवेंचर कंपनी लंबादा एडवेंचर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कंपनी ने अभियान को प्रायोजित किया और तकनीकी सहायता प्रदान की। कठिन पर्वतारोहण अभियानों में विशेषज्ञता रखने वाली इस कंपनी ने हर चरण में शशि का मार्गदर्शन किया और उन्हें सफलता के लिए तैयार किया। माउंट अकोंकागुआ की चढ़ाई से पहले शशि शेखर ने कई कठिन व साहसिक पर्वतारोहण अभियानों को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

शशिशेखर ने कहा, मुझे अपने माता समाज सेविका कौशल्या देवी -पिता पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, लंबादा एडवेंचर व उन सभी लोगों का आभार करना है, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया व मुझे इस अभियान के लिए प्रोत्साहित किया। मैं अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत कर रहा हूं।

शशि शेखर का यह साहसिक अभियान झारखंड व पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणा है। उनका दृढ़ संकल्प और सफलता उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श के रूप में स्थापित करता है।


● डॉ लंबोदर महतो के पुत्र हैं शशि शेखर पहले भी कई चोटी कर चुके हैं फतह

### 17 से शिव हनुमान मंदिर जीर्णोद्धार सह प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

**रांची।** हरमू स्थित विद्यानगर में तीन दिवसीय शिव हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार सह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जा रहा है, जो 17 से 19 जनवरी तक चलेगा। प्रथम दिन 17 को दिन के 8 बजे से प्रायश्चित संस्कार के तुरंत बाद जल यात्रा (कलश यात्रा) शुरू होगी जो विद्यानगर नगर स्थित शिव हनुमान मंदिर से शुरू होकर हरमू चौक स्थित पंच मंदिर तक जाएगी, फिर वापस हरमू पंच मंदिर से जल लेकर विद्यानगर स्थित शिव हनुमान मंदिर में आकर पूर्ण होगी। कलश यात्रा कार्यक्रम में लगभग 700 महिलाओं के शामिल होने की संभावना है। फिर मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन, हवन और संध्या आरती के पश्चात प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में दूसरे दिन 18 को दिन के 8 बजे बेदी पूजन से शुरू होगा, फिर मूर्तियों का अधिवास, न्यास के बाद नगर भ्रमण करते हुए शय्या अधिवास और हवन के बाद संध्या आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा ।

## एक नजर

### विवाहिता ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**मांडर।** थाना क्षेत्र के करकरा गांव निवासी 19 वर्षीय यासमीन परवीन ने बुधवार शाम लग भाग अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि घटना के वक्त उसके घर वाले सभी बाहर थे, इसी बीच उसने घर में फांसी के फंदे से झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। उसकी डेढ़ वर्ष की एक बेटी भी है। घटना की सूचना मिलने पर मांडर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। साथ ही घटना की जांच भी कर रही है। यासमीन का मायका मांडर बाजारटांड है। दो वर्ष पूर्व अपने पसंद से करकरा निवासी मुंसफ अंसारी से विवाह किया था। खबर लिखे जाने तक मृतका के परिवार की तरफ से कोई लिखित आवेदन नहीं मिला था।

### दूर संचार सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत हुए अरविन्द सिंह



**खलारी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता खलारी निवासी अरविंद सिंह को दूर संचार सलाहकार समिति, रांची के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। बीएसएनएल के सहायक प्रबंधक (प्रशासन) द्वारा उनके नामांकन से संबंधित जारी पत्र के अनुसार 13 जुलाई 2026 अथवा अगले आदेश तक उनकी सदस्यता वैद्य रहेंगी। उनके नामांकन पर खलारी सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, प्रखंड अध्यक्ष अनिल गंझू, महामंत्री कार्तिक पांडेय, प्रखंड संयोजक रामसूरत यादव, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, भरत रजक, भरत प्रजापति आदि ने बधाई दी है।

### मेले से चोरी की गई मोटरसाईकिल जंगल से हुई बरामद

**बुढ़मू।** बुढ़मू नावां टोली निवासी सुरज यादव का मंगलवार को स्पेलेंडर मोटरसाईकिल तिरूफॉल मेला से चोरी हो गई थी। चोरी की बात तिरूफॉल मेला कमेटी को जानकारी दी गयी। इसपर कमेटी के लोगों ने छानबीन किया तो लगभग 11 बजे रात को जंगल में एक लावारिस हालत में मोटरसाईकिल छिपाया हुआ मिला। तब मोटरसाईकिल मालिक को सूचना कर बताया आपकी मोटरसाइकिल मिल गया है। आप डिहवाटोली आकर ले जायें। बुधवार 1:30 बजे कमेटी के लोगों से मोटरसाईकिल मालिक मिला। मोटरसाईकिल के डिक्की में 1900 रूपए नगद रखा हुआ था। वह भी मोटरसाईकिल के साथ मिल गया। जिससे मोटरसाईकिल मालिक खुशी से कमेटी को 2100 पुरस्कार देकर कमेटी को धन्यवाद किया।

### प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**चान्हो।** घासीराम महली स्मारक समिति के तत्वाधान में बुधवार को एक प्रतिनिधि मंडल ने रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने मांग की की घासीराम महली स्मारक समिति के सौजन्य से प्रत्येक वर्ष 17 जनवरी को उनके जन्म स्थान करकट में मेला सह जयंती समारोह का आयोजन किया जाता है। इस बार मुख्या अतिथि के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को आमंत्रित किया गया है। इस मेल के आयोजन की अनुमानित खर्च तीन लाख बारह हजार रुपए है। इसलिए उन्होंने उपायुक्त से मांग की की मेला का जो अनुमानित खर्च है उसे सरकार द्वारा आवंटित की जाए। ताकि राज्य के कला संस्कृति को जीवित रखा जा सके। प्रतिनिधिमंडल में स्मारक समिति के अध्यक्ष मक्केश्वर महली, कोषाध्यक्ष अशोक महली तथा जिला कमेटी से अख्तर अंसारी मौजूद थे।

#### किसान मेला व पशु-पक्षी प्रर्दशनी का हुआ आयोजन

# कीटनाशकों का कम करें प्रयोग ऑर्गेनिक खेती को अपनाएं किसान : राहुल उरांव

*किसान मेला में स्वामी भवेशानंद जी महाराज ने नाम, काम एवं दान का मूलमंत्र दिया*



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

किसानों के हितों में रामकृष्ण मिशन आश्रम एवं विवेकानंद संघ के ग्रामीण ईकाई के द्वारा किए गए कार्य सराहनीय एवं अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि किसान अब हानिरहित जहरीली कीटनाशकों का प्रयोग कम करें तथा ऑर्गेनिक खेती को अपनाएं ताकि वर्तमान में बढ़ती रोगों से मुक्ति का मार्ग मिल सके। कृषि क्षेत्र में सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं उसका लाभ प्रत्येक किसानों को उठाने की जरूरत है। उक्त बातें बेड़ों प्रखंड के लमकाना गांव में दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र रामकृष्ण मिशन आश्रम एवं रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक एवं शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किसान मेला सह कृषि फसल, पशु पक्षी प्रर्दशनी के दौरान बेडो. के प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने कही। वहीं बेड़ो के अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में उन्नत तकनीक एवं ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा मिलना चाहिए। उन्होंने रामकृष्ण मिशन दिव्यांग केंद्र तथा विवेकानंद सेवा संघ की खूब प्रशंसा की। इस मौके पर उप प्रमुख मोदिसर हक सहित अतिथियों ने मेला का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के मौके पर डॉ राजेश कुमार ने प्राकृतिक संसाधनों का समूचित प्रबंधन कर विवेकानंद सेवा संघ लापुंग बेडो. एवं ईटकी के 18 गांवों में चल रहे विवेकानंद सेवा संघ के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने मधु, लाह तथा जैविक खेती की तकनीक पर प्रकाश डाला।

### कर्रा के पड़गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 209 मरीजों की हुई जांच

**खूंटी।** सिटिजंस फाउंडेशन के तत्वावधान में बुधवार को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से कर्रा प्रखंड के पड़गांव में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 209 मरीजों की जांच की गई और उन्हें दवा दी गई। शिविर में सर्दी-खांसी, मधुमेह सहित कई रोगों की जांच की गई और उन्हें चिकित्सीय सलाह दी गई। इस संबंध में एपीएम संदीप ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना और लोगों को सामान्य बीमारियों की समय पर जांच और उपचार प्रदान करना था। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की प्रशंसा की और सिटिजंस फाउंडेशन तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित कुमार प्रोग्राम मैनेजर, चंद्रशेखर प्रोजेक्ट मैनेजर, हेल्थ, कृष्ण मोहन उपाध्याय प्रोजेक्ट मैनेजर, अनिशा और विजय फील्ड कोऑर्डिनेटर ने योगदान दिया।

## न्यूज | बॉक्स

### दो मोटरसाइकिल की आपस में टक्कर, दो युवक घायल





**मुरी/सिल्ली।** मुरी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग पर यूनियन बैंक के समीप दो मोटरसाइकिल की आपस में भीड़ंत होने के कारण दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक गढ़गांव निवासी अनिल महतो एवं निवास महतो मोटरसाइकिल से पश्चिम बंगाल के तुलिन की ओर से आ रहे थे वही विपरीत दिशा सिल्ली की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल सवार को धक्का मार दिया। धक्का मारने के बाद दोनो युवक बीच सड़क पर ही गिर कर घायल हो गए। तत्पश्चात ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायल युवक को ऑटो रिक्शा से इलाज हेतू सिल्ली सामुदायिक अस्पताल भेजा गया जहां अस्पताल में डॉक्टर मुकेश कुमार के द्वारा घायल युवकों का प्राथमिक उपचार किया गया।

### खलारी प्रखंड के लिए विधायक प्रतिनिधि बने मंतोष कुमार, लोगों ने दी बधाई



**खलारी।** कांके विधायक सुरेशकुमार बैठा ने कांग्रेस खलारी मंडल अध्यक्ष खलारी बाजारटांड़ निवासी मंतोष कुमार उर्फ मोनू रजक को खलारी प्रखण्ड के लिए विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। इस संबंध में विधायक द्वारा पत्र जारी किया गया है। विधायक ने आशा व्यक्त किया कि मंतोष कुमार खलारी प्रखण्ड क्षेत्र में सरकारी तथा गैर सरकारी पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अपने कर्तव्यों का पूरी लगन व निष्ठा से पालन करेंगे तथा क्षेत्र की जनता के हित में कार्य करेंगे। मंतोष रजक को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दिया है। बधाई देने वालों में इंदिरा देवी, जिला महामंत्री राजेशसिंह मिंटु, अब्दुल्ला अंसारी, साबीर अंसारी, रमेश चौहान, तनवीर अंसारी, विक्की सिंह, गोपाल सिंह, जावेद अंसारी, संजय राम, अनिता पासवान, सुमन देवी, सुधा झा, अनिता देवी, लिली स्टेला, फूलों देवी, बाबू खान, राजा केसरी, बबलू, सलामत अंसारी, टुनु साव, सुरेंद्र चौहान, रुपेश मिश्रा, अशोक महतो, संजय बैठा, सहित अन्य लोग शामिल है।

### मुरी के टुंगड़ी पहाड़ पर मेला का आयोजन



**मुरी/सिल्ली।** बुधवार के दिन मुरी के टुंगड़ी पहाड़ पर टुंगड़ी कमेटी की तरफ से मेला का आयोजन किया गया। बताते चले कि यह मेला काफी वर्षों से आयोजित होते आ रहा है। टुंगड़ी पहाड़ पर टुंगड़ी बाबा ग्राम देवता का प्रतिमा स्थापित है। पहाड़ पर सुबह से ही आसपास के ग्रामीण टुंगरी ग्राम देवता का पूजा अर्चना किया तथा समृद्धि और खुशहाली की कामना की साथ ही बाबा भोलेनाथ के मंदिर एवं मां दुर्गा के मंडप में भी ग्रामीणों ने पूजा अर्चना की। प्रत्येक वर्ष चैत्र मास में मां दुर्गा की नौ दिन आराधना भी होती है जिसमें श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और पूजा करते हैं। आसपास के ग्रामीण हर त्यौहार में काफी श्रद्धा के साथ शामिल होते हैं। ग्रामीण बताते हैं की टुंगरी बाबा (ग्राम देवता) हम सभी ग्राम वासियों की सभी संकटों से रक्षा भी करते हैं। तत्पश्चात संध्या 3 बजे से मेले का आयोजन हुआ जिसमें मेला दखने वालों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। मेले में मुर्गा लड़ाई आकर्षण का केंद्र रहा जहां मुर्गा लड़ाई देखने के लिए लोगों का तांता लग गया। मेले में व्यापारियों द्वारा विभिन्न प्रकार की वस्तुओं की दुकानें सजाई गई थी जिसमें लोगों के द्वारा खरीदारी की गई। मेले में और भी विविध प्रकार की दुकानें एवं मनोरंजन के साधन उपलब्ध थे।

#### इटकी की मुख्य सड़क में संभल कर चलिए

## दुर्घटना को दावत देती एक किलोमीटर लंबी सड़क



**नवीन मेल संवाददाता। इटकी**

जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर बाजार टांड, गुलजार रोड, मौसी बारी होते हुए गुलाम टोली चौक तक जाने वाली एक किलोमीटर लंबी सड़क में आए दिन दुर्घटना का खतरा बढ़ता जा रहा है। इटकी की मुख्य सड़क होने के कारण ये काफी व्यस्त है। बस, ट्रक से लेकर हर प्रकार की छोटी बड़ी गाड़ियां इससे गुजरती रहती हैं। 12 वर्षों के लंबे अन्तराल के बाद ये जर्जर सड़क बनने से ग्रामीणों को काफी खुशी हुई मगर एक साल के अंदर खुशी गम में बदल गई। सड़क के दोनों किनारे हल्का मोरम डाल कर खानापूरी कर दी गई। मगर बरसात आते ही मोरम बह कर सड़क का किनारा कटने लगा और पूरे रास्ते में दोनों तरफ गड्ढा हो गया। अब स्थिति ये हो गई है कि गाड़ियों को पास लेने में काफी दिक्कत होने लगी है। आए दिन बाइक वाले गिरते गिरते बच रहे हैं। पैदल चलने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क में धूल भर गई है दिन प्रतिदिन सड़क की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। सड़क बनने के समय ही इटकी की सामाजिक संस्था तामीर ए इंसानियत ग्रुप ने क्षेत्र की विधायक सह राजस्व मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मिलकर सड़क के दोनों किनारे तीन फीट तक फेवर ब्लॉक लगवाने की मांग की।

#### वीमेंस हीरो हॉकी इंडिया लीग

## सूरमा हॉकी क्लब ने ओडिशा वॉरियर्स को 2-1 से हराया

*हिना बानो और सोनम ने सूरमा हॉकी क्लब के लिए किया गोल*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सूरमा हॉकी क्लब ने वीमेंस हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ओडिशा वॉरियर्स को 2-1 से हराया। यह मुकाबला बुधवार को रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेला गया। सूरमा की ओर से हिना बानो (6) ने पहला गोल किया, जबकि सोनम (47) ने आखिरी क्वार्टर में बढ़त को दोगुना किया। ओडिशा वॉरियर्स के लिए फ्रेके मोएस (57) ने गोल कर मुकाबले को रोमांचक बनाया, लेकिन उनकी टीम हार को टाल नहीं सकी।

**मैच का विवरण:** ओडिशा वॉरियर्स ने मुकाबले की शुरूआत आक्रामक तरीके से की। बलजीत कौर ने विपक्षी सर्कल में घुसते हुए सूरमा की गोलकीपर सविता को चुनौती दी। लेकिन जल्द ही सूरमा ने बाएं विंग से अजमीना कुजुर की मदद से पलटवार किया और हिना बानो ने जोसलिन बार्ट्रम को चकमा देकर मैच का पहला गोल किया। इसके तुरंत बाद, वॉरियर्स की साक्षी राणा ने एक पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, लेकिन ईशिका चौधरी गोल करने में असफल रहीं। पहले क्वार्टर के अंत में फ्रेके मोएस ने बराबरी का मौका बनाया, लेकिन उनका शॉट निशाने से चूक गया। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने तेज खेल दिखाया। सूरमा ने कई मौके बनाए लेकिन गोल करने में चूक हुई।

#### जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण



**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के पुंडीदिरी गांव मे आखाईन यात्रा के मौके पर 150 जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल पाकर खुशी जाहिर करते हुए बुजुर्गो ने एक दुसरे को टुसू पर्व और आखाईन यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित लोगों को आशीर्वाद दिया और क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रभु से प्रार्थना की। कंबल वितरण समारोह में मुख्य रूप से समाजसेवी जगदीश गुप्ता, हीरा दास, दीना मुंडा, मंगल मिर्धा, मंगल लोहरा आदि लोग उपस्थित थे।

#### कड़कड़ाती ठंढ में उप प्रमुख ने किया कंबलों का वितरण



**मांडर।** उप प्रमुख अमानत अंसारी ने मुड़मा पंचायत के ग्राम मुड़मा में बढ़ते ठंड के प्रकोप से बचने के लिए गरीबों, असहायों, वृद्धों व जरूरतमंदो के बिच कंबल का वितरण किया। कंबल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशियां देखी गई और सभी लोगों ने उप प्रमुख अमानत अंसारी का आभार व्यक्त किया। मौके पर उप प्रमुख अमानत अंसारी ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना ही सबसे बड़ा धर्म है। तेज हवा चलने के बाद ठंड का प्रकोप और अधिक बढ़ गया है। तेज ठंडी हवा से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। शाम होते ही लोग अपने-अपने घरों में दुबक जाते हैं। इस सर्दी में गरीबों की मदद बहुत जरूरी है। उप प्रमुख अमानत अंसारी ने वार्ड सदस्य अल्ताफ आलम के हाथों से वितरण कराया। मौके पर सज्जाद अंसारी मौजूद थे।

#### नेशनल पारा बोशिया चैंपियनशिप में सुमन प्रजापति ने जीता रजत पदक



**रांची।** विशाखापट्टनम में आयोजित आठ दिवसीय नेशनल पारा बोशिया चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे झारखंड से लोहरदगा निवासी दिव्यांग सुमन प्रजापति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर झारखंड के गौरव को बढ़ाया है। सुमन प्रजापति ने पूर्व में मध्य प्रदेश में आयोजित स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित बोशिया चैंपियनशिप में भी सिल्वर मेडल जीतकर भी झारखंड का मान बढ़ाने का काम किया था। सुमन प्रजापति व्हीलचेयर प्लेयर है। उनका दोनों पैर और हाथ पूरी तरह काम नहीं करते हैं। सुमन प्रजापति ने बताया कि 9 जून 2016 को एक दुर्घटना के बाद उसे स्पाइन कॉर्ड इंजरी हो गया था उसी समय से वह चलने फिरने में असमर्थ है। सुमन प्रजापति के नेशनल बोशिया चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने पर झारखंड पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सुमन प्रजापति को बहुत- बहुत बधाई दी है।

#### खूंटी में अफीम की खेती करने के आरोप में चार गिरफ्तार

**खूंटी।** जिला पुलिस ने बुधवार को खूंटी और अड़की थाना क्षेत्रों में अफीम के खेतों में काम कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है। खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने बुधवार को कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में खूंटी थाना क्षेत्र के रिदड़ी गांव निवासी सुकू मुंडा (25) और घाघरा गांव निवासी मंगरा मुंडा (20) के अलावा अड़की थानांतर्गत ग्राम मारंगबेड़ा निवासी लक्ष्मण स्वांसी (31) और बिरसा स्वांसी (21) शामिल हैं। मौके पर पुलिस ने चार कुदाल, एक पानी पटाने वाला मोटर और पाइप बरामद किया है।

### तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**मांडर।** प्रखण्ड स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन तीन दिवसीय वार्षिक खेलकुद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत 11 जनवरी को की गई थी जिसका समापन 13 जनवरी को हुआ। इसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिता जैसे 100 मीटर रेस, 50 मीटर रेस, थ्री लेग रेस, शॉटपुट, टग ऑफ वार, रिले रेस, स्किपिंग, कबडडी एवं कैरम, चेस एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी खिलाडियों को चार हाउस हंसराज, दयानंद, विवेकानंद तथा श्रद्वानंद में बांटा गया। तीनो दिन का खेल काफी रोमांचक रहा खिलाड़ी काफी उत्साहित थे। इस तरह की प्रतियोगिता से खिलाड़ियों में उत्साह बढ़ता और खेल की क्षमता आगे बढ़ती है। समापन के अवसर पर महाविद्यालय के शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या दीपाली पराशर ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी स्टाफ का सहयोग रहा।

#### तोरपा विधायक ने सुनीं झोराटोली गांव की समस्याएं

## लोगों को दिया निराकरण का भरोसा



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

तोरपा के झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया बुधवार को रनिया प्रखंड के जापुद झोराटोली गांव के लोगों की समस्याओं की जानकारी लेने पार्टी कायकताओं के साथ पहुंचे। विधायक के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने पारंपरिक ढंग से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर झोराटोली ग्रामसभा अध्यक्ष जगह झोरा ने झोरा समाज और गांव की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पहले झोरा समाज नाव चलाकर जीवन यापन करते थे। अब नदी में पुल बना और नाव का प्रचलन ही बंद हो गया। गांव वालों ने सिंचाई सुविधा और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि गांव का कोई भी व्यक्ति मैट्रिक पास नहीं है। विधायक सुदीप गुड़िया ने गांव वालों को सिंचाई विभाग से योजना देने की बातें कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा सभी बच्चों को दें। महिला समूह दोना-पत्तल बनाएं और उन्हें बेचें। इस मौके पर जगह झोरा, उमेश झोरा, महेंद्र झोरा, अनिता झोरा, मिनी झोरा और दीपक भुईयां आदि उपस्थित थे।

## टुसू मेला हमारे झारखंड की पारंपरिक विरासत और संस्कृति है : राम सूर्या मुंडा



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि टुसू मेला सिर्फ एक त्यौहार नहीं, बल्कि ये हमारे झारखंड की पारंपरिक विरासत और संस्कृति है। इसकी रक्षा करना और ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देना हम सभी का दायित्व है। विधायक बुधवार को खूंटी प्रखंड के ऐतिहासिक सारिदकेल टुसू मेला में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखों ने ऐसी प्राचीन संस्कृति और धरोहर प्रदान की है, जो सामाजिक एकता को मजबूत करती है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम अपने पूर्वजों की संस्कृति को कायम रखें। मौके पर टुसू नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरुष और महिला हॉकी टूर्नामेंट आदि का आयोजन किया गया। विधायक से सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सारिदकेल के ग्राम प्रधान जादो पाहन, मेला समिति के अध्यक्ष सुगना मुंडा, भानु पाहन वीर सिंह मुंडा, गेंदा मुंडा, जादो मुंडा, तिपसा मुंडा आदि ने योगदान दिया।

## मॉडलिंग में रनिया की अभिजल ने खूंटी को दिलाई एक नई पहचान



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

खूंटी जिले के सबसे पिछड़े प्रखंड में शुमार रनिया प्रखंड के बलंकेल गांव की एक अनाथ लड़की अभिजल कंडुलना ने मॉडलिंग के क्षेत्र में न सिर्फ अपनी अलग पहचान बनाई है, बल्कि खूंटी जिले के जनजातीय समाज को भी गौरवान्वित किया है। घोर उग्रवाद प्रभावित बलंकेल गांव से निकलकर दिल्ली, मुंबई, भुवनेश्वर जैसे शहरों में मॉडलिंग से अभिजल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। भुवनेश्वर में आयोजित प्रतियोगिता में मिस ग्लोबल ट्राइबल क्वीन का खिताब जीतकर उसने एक मिसाल कायम की है कि आदिवासी समाज में न सुंदरता की कमी है और न ही प्रतिभा की। ओड़िशा के भुवनेश्वर में 10 से 12 जनवरी तक आयोतिल प्रतियोगिता में अभिजल को मिस ग्लोबल ट्राइबल क्वीन इंडिया तथा मिस ग्लोबल ट्राइबल क्वीन अर्थ का खिताब मिला। इसके पूर्व 2021 में उसे दिल्ली में आयोजित मिस नेक्सस यूनिवर्स का खिताब भी मिल चुका है। अभिजल कंडुलना की जिंदगी शुरू से ही संघर्ष भरी रही है। उसके माता-पिता की मृत्यु के पश्चात न सिर्फ उसने अपना घर संभाला, बल्कि अपनी मॉडलिंग को भी जारी रखा। अभिजल के माता-पिता गांव से आकर खूंटी में रहते थे। यहां अभिजल ने एस एस टू हाई स्कूल से इंटर की पढ़ाई की। इसके बाद नर्सिंग की पढ़ाई विशाखापत्तनम से पूरी की। नर्सिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह जॉब के लिए दिल्ली चली गयी। वहां उसे परमानेंट काम नहीं मिला। वह वहां घर घर जाकर नर्सिंग का काम करने लगी। उसी दौरान उसके माता-पिता की मृत्यु हो गयी। इसी बीच देश में लॉक डाउन भी लग गया। अभिजल का काम बंद हो गया। वह वापस खूंटी लौट गयी। घर चलाना मुश्किल होने लगा था, लेकिन अभिजल ने हार नहीं मानी। उसने मेक अप आर्टिस्ट का काम सीखा तथा घूम-घूमकर मेकअप का काम करने लगी। इसी बीच वह अपने मॉडलिंग के शौक को नहीं छोड़ी और आज मॉडलिंग में नाम कमा रही है। अभिजल वर्तमान में खूंटी में मेकअप से सम्बंधित अपना एकेडमी भी चलाती है।

## एक नजर

### नाबालिग बच्चे ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

**रामगढ़।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के महुआटोला में बीती रात्रि एक नाबालिग बच्चे ने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद भदानीनगर ओपी पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। साथ ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार महुआटोला निवासी राजेश एक्का का पुत्र अनमोल एक्का 17 वर्ष हर दिन की भांति मंगलवार की रात्रि अपने कमरे में सोने गया। सुबह उसके पिता ने कमरा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पिता राजेश एक्का ने खिड़की से अंदर झांका तो देखा की उनका बेटा अनमोल पंखे पर फंदे के सहारे झूल रहा है।

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

रामगढ़ । कुजू ओपी क्षेत्र के बोंगाबार स्थित पाहन टोला में बुधवार की सुबह पेड़ से लटकता हुआ एक 18 वर्षीय युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। शव की पहचान पाहन टोला के सूरज मुंडा उर्फ बडका पिता स्व हरिया के रूप में हुई। इधर, घटना की सूचना पाकर कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद पुलिस सदलबल के साथ शव को पेड़ से नीचे उतारा। साथ ही घटना के संबंध परिजन समेत पड़ोस के लोगों से जानकारी प्राप्त की। वहीं, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। परिजनों ने बताया कि रात्रि में सूरज खाना खाने के बाद सो गया। जब हम लोग सुबह उठे तो देखा कि उसका शव पेड़ से लटक रहा है। इस तरह की घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग तरह की बातें कर रहे हैं।

### प्रतियोगिता में लक्ष्मण तुरी ने जीता धान का खेत

**बोकारो।** कसमार प्रखंड के मंजुरा में मकर संक्रांति पर मंगलवार को बेझा बिंधा नामक पारंपरिक तीरंदाजी प्रतियोगिता हुई. प्रतियोगिता में मंजुरा गांव के हरिजन टोला निवासी लक्ष्मण तुरी ने दूसरे ही राउंड में लक्ष्य भेदकर अनूठी तीरंदाजी प्रतियोगिता के विजेता बने. उन्हें पुरस्कार स्वरूप धान का खेत एक साल खेती के लिए दिया गया. तियोगिता की शुरूआत नाया जानकी महतो ने पहला तीर छोड़कर की. इसमें लगभग 80 तीरंदाजों ने हिस्सा लिया. विजेता बनने के बाद परंपरा के अनुसार लक्ष्मण तुरी को कंधे पर उठाकर ग्रामीणों ने पूरे गांव में घुमाया. इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे. उल्लेखनीय है कि मंजुरा निवासी स्वर्गीय रीतवरण महतो ने लगभग 107 साल पहले इस अनूठी तीरंदाजी प्रतियोगिता की शुरूआत की थी. तब से प्रत्येक वर्ष काफी उत्साह के साथ प्रतियोगिता आयोजित होती आ रही है.

# गांवों की समस्याओं से केंद्र को अवगत कराया जाएगा : टाइगर जयराम महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत पतरातू टोकिसुद (7.2 किलोमीटर) के बीच रेल ओवर रेल (आरओआर) लाइन का निर्माण से प्रभावित होने वाले ग्रामवासी समस्या को लेकर जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो तथा सुरेंद्र कुमार महतो के नेतृत्व मे झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष व डुमरी विधायक जयराम महतो से प्रभावित लोग मिले। इस दौरान जयराम महतो ने लोगों को सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने रेलवे निर्माण से होने वाले समस्या से केंद्र को अवगत कराने की बात प्रभावित होनेवालों से कही। प्रभावित लोगों ने कहा डुमरी विधायक को बताया की परियोजना हेतु ग्राम किरीगड़ा ,टॉकीसुद, टेरपा एवं सांकुल के जमीन को सरकार द्वारा अधिग्रहन की जाने वाली भूमि का प्लानिंग नक्शा देखने से पता चला कि नक्शा के अनुसार यदि हम लोगों का जमीन सरकार द्वारा अधिग्रहण किया जाता है तो हम सभी ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। एक गांव से दूसरे गांव का आवागमन बाधित के साथ साथ खेती-बाड़ी बाधित हो जाएगा । गांव के चारों तरफ रेलवे लाइन बिछने से गांव के लोगों को परेशानी होगी तथा रैयतों की आवश्यकता से अधिक जमीन अधिग्रहण में चला जाएगा। बताया की इससे कई घर टूट जाएगा, गांव में आस्था से जुड़े कई देवस्थान, सरना स्थल, मंदिर, मठ जैसे धार्मिक स्थल टूट जायेंगे। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से अरविंद सिंह, कामेश्वर साहू, राहुल सिंह, सुरेंद्र महतो, भूपेंद्र कुमार, शत्रुघन कुमार, प्रीतम कुमार, सुजीत कुमार सिंह आदि शामिल थे।

सड़क सुरक्षा माह को लेकर जिला प्रशासन चौकस

# जब्त किए जायेंगे पटाखेदार साइलेंसर प्राथमिकी के साथ कटेंगे चालान : एसपी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
सड़क सप्ताह सुरक्षा माह को लेकर हजारीबाग जिला प्रशासन पूरी तरह चौकस है. यातायात नियमों के पालन और सुरक्षित यात्रा को लेकर विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है. साथ ही यातायात पुलिस को ट्रैफिक नियम पालन नहीं करने वालो के खिलाफ सख्त कारवाई के निर्देश भी दिए गए हैं. सड़क सुरक्षा को लेकर एसपी अरविंद कुमार सिंह पूरी तरह सख्त हो चुके है. लापरवाहों और मनचलों की अब खैर नहीं है. उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा है कि पटाखे जैसे आवाज वाल साइलेंसर युक्त दो पहिया वाहन चालक अपने सामान्य साइलेंसर का उपयोग करे अन्यथा पकड़े जाने पर वाहन जब्ती के साथ 5 से 10 हजार रुपए का दंड और प्राथमिकी दर्ज की जायेगी. डीटीओ ने लोगो से ट्रैफिक नियमों का पालन की अपील किया है. 18 वर्ष से नीचे वाले वाहन चालकों के पकड़े जाने पर अभिभावक के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करने और 25 हजार रुपए तक के दंड की बात कही है. सभी दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट का प्रयोग करने और लाइसेंस, इंश्योरेंस व आरसी के साथ ही वाहन चलाने की बात कही है. इसके साथ ही शहर में सीसीटीवी के द्वारा भी वाहनों की निगरानी की जा रही है. ट्रैफिक नियम का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ऑनलाइन चलान भेजे जा रहे है. इसलिए वहान चालक ट्रैफिक नियम का पालन करे, खुद सुरक्षित रहे और दूसरे को भी सुरक्षित रहने में मदद करें.

## न्यूज | बॉक्स

### समाजसेवी श्रीकांत पासवान वा दीपक पासवान ने की अलाव की व्यवस्था



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र समेत गोरहर में ठंड ने अपना प्रकोप बढ़ा लिया है। क्षेत्र में चल रही शीतलहरी जैसी हवा तेजी से चल रही है। जिसके करण जन जीवन अस्त व्यस्त है।कपकंपाती ठंड को देखते हुए प्रखंड क्षेत्र के गोरहर चौक पर समाजसेवी श्रीकांत पासवान व दीपक पासवान ने अलाव की व्यवस्था कराई। जिससे आस पास के लोगों ने राहत की सांस ली। श्रीकांत पासवान ने बताया कि मौसम ने ठंड अधिक बढ़ा दी है, सभी लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।कहा अलाव से लोगों को राहत मिलेगी। प्रत्येक वर्ष मेरे द्वारा गोरहर चौक पर अलाव की व्यवस्था जाती है ,इस बार भी बढ़ाते ठंड को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। उन्होंने बच्चों और बुजुर्गों को ठंड से बचने की अपील करते हुए कहा कि इनका विशेष ख्याल रखें क्योंकि इन्हें ठंड बढ़ने से कई परेशानियां हो जाती है।

### श्री श्री शतचंडी महायज्ञ सह विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर की गई भूमि पूजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम तुईयो में श्री श्री शतचंडी महायज्ञ भगवती, हनुमत सह विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भूमि पूजन सह झंडारोहण किया गया। भुमि पूजन को लेकर गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ झंडा रोहण किया गया। वहीं जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। यज्ञ समिति अध्यक्ष उत्तिम महतो ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ 4 फरवरी को कलश यात्रा निकाल कर की जायेगी। ध्वजारोहण कार्यक्रम में यज्ञ समिति संयोजक आई पी भारती, सचिव बसंत कुमार, उपाध्यक्ष राजेश कुमार, उप सचिव बीरेंद्र राणा, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, उप कोषाध्यक्ष फलजीत राणा, बिनोद भगत, कामेश्वर प्रसाद, रामू राम, बिरेंद्र राणा, संदीप कुमार, राम प्रसाद राम, नारायण प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, कुलदीप राणा, धीरेंद्र प्रसाद, भीखलाल राणा, लालमणि प्रसाद समेत आदि ग्रामीण श्रद्धालु लोग शामिल हुए।

बढ़ते बालू की दर से आमजन परेशान

### वर्तमान में बरही अंचल क्षेत्र में कोई भी अधिकृत बालू घाट नहीं है : सीओ



**बरही ।** निरंतर बढ़ते बालू की दर से आम जन परेशान है. 7 से 1000 रुपए प्रति ट्रैक्टर बिकने वाले बालू वर्तमान समय में 3 से 4 हजार रुपए के मूल्य पर मिल रहे है. अवैध रूप से बालू का उत्खनन और उठाव हो रहा है. जिससे न केवल आमजन बल्कि सरकारी राजस्व की भी हानि हो रही है. यह सर्वविदित है कि सरकारी या निजी निर्माण कार्य के लिए अवैध तरीको से बालू खरीदने पड़ रहे है. बालू विक्रेता भी मौके का फायदा उठाकर औने पौने दाम में बालू बेच रहे है. सिर्फ बरही क्षेत्र में प्रतिदिन करीब तीन से चार सौ ट्रैक्टर प्रति दिन रात के अंधेरे में बालू ढोई जा रही है. ट्रैक्टर चालको को माने तो अंधेरे में भी पुलिस और ठेकेदार तथा दबंगों को टैक्स चुकाने पड़ते है. जिससे बचने के चक्कर में हादसे का भी शिकार होना पड़ता है. इनलोगो ने जिला प्रशासन से अधिकृत बालू घाट बनाने की मांग किया है, जिससे वेलोग सरकार को टैक्स देते हुए सुरक्षित बालू का धंधा कर सकें, इससे जहां राजस्व की प्राप्ति होगी वही बेरोजगारों को रोजगार भी मिलेगा.

**बरही अंचल क्षेत्र में नहीं है कोई भी अधिकृत बालू घाट :** इस संबंध में पूछे जाने पर अंचलाधिकारी अमित किस्कू ने बताया कि वर्तमान में बरही अंचल क्षेत्र में एक भी अधिकृत बालू घाट का नहीं है. बालू का उठाव कैसे करे, कहां से करे इन सारे सवालों का जवाब पर उन्होंने भी अनभिज्ञता जाहिर किया.

**सांसद/विधायक को करनी होगी पहल :** अधिकृत बालू घाट के लिए स्थानीय सांसद और विधायक को ठोस पहल करनी होगी. जिससे पंचायत स्तर पर बालू उठाव की व्यवस्था हो और आम जन को सुगम और सस्ते दाम पर बालू मिल सके. साथ ही बिचौलिए के प्रभाव को समाप्त कर बालू के बढ़ते दाम पर नियंत्रण किया जा सके.

# सड़क सुरक्षा माह को लेकर पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जिला परिवहन कार्यालय सडक सुरक्षा कोषांग की ओर से गांधी मैदान हजारीबाग में दोपहर 12.00 बजे से पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पतंग महोत्सव क आयोजन किया गया। इस पतंग महोत्सव मे पतंग और डोरी की व्यवस्था जिला परिवहन कार्यालय की ओर से की गयी थी। इस कार्यक्रम में 39 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटर यान निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक आदि शामिल हुए। ज्ञात हो की जिले मे सड़क सुरक्षा माह 2025 मनाया जा रहा है जिसमे 1 जनवरी से हर दिन सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर विभिन्न कार्यक्रम की जा रही है। इसी के तहत पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा महोत्सव को काफी सफल बताया गया एवं कार्यक्रम में लोगों को यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गयी।

संचालित योजनाओं का उप विकास आयुक्त ने की समीक्षा

# लंबित आवेदनों का ससमय सत्यापन करने का निर्देश दिया

*पोषण ट्रैकर ऐप में बच्चों के वजन माप का डाटा ससमय अपलोड करने का निर्देश सभी महिला पर्यवेक्षीकाओं को दिया*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
समाहरणालय सभाकक्ष में बुधवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण कार्यालय रामगढ़ द्वारा संचालित योजना को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रामगढ़ इन्दू प्रभा खालखो ने उप विकास आयुक्त को पीपीटी के माध्यम से जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बैठके के दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने पोषण ट्रैकर ऐप में पंजीकृत लाभुकों का शत प्रतिशत आधार सत्यापन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप में बच्चों के वजन माप का डाटा ससमय अपलोड करने का निर्देश सभी महिला पर्यवेक्षीकाओं को दिया। वहीं, उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की समीक्षा के दौरान माह दिसंबर तक प्राप्त लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने एवं फर्स्ट चाइल्ड के तहत लंबित आवेदनों का सत्यापन यथाशीघ्र करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों के सभी चिन्हित बच्चों को एमटीसी सेंटर में रखने एवं उनका उचित उपचार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी चिन्हित बच्चों की सूची उनके माता/पिता के मोबाइल नंबर के साथ जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश सभी बल विकास परियोजना पदाधिकारी को दिया।

कोहरा रहने के कारण बरकट्ठा में जनजीवन अस्त-व्यस्त

# जीटी रोड पर दिन में वाहनों के अग्रदीप जले




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र में बुधवार सुबह 6:00 बजे से ही भयानक कोहरा रहने के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया ।वहीं 10 बजे दिन तक सड़कों पर बिरानी छाई रही और लोग घरों में दुबके रहे ।वहीं घना कोहरा के कारण जीटी रोड पर चल रहे वाहनो के अग्रदीप दिन में जलते दिखे। स्थानीय पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी ने बताया कि इस ठंड में नोनीहालों को स्कूल जाना पड़ रहा है । इस कड़कड़ाती ठंड के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। मैं झारखंड सरकार से मांग करता हूं कि कुछ दिनों के लिए विद्यालय को बंद कर दें ।विदित हो कि बरकट्ठा क्षेत्र में भी ठंड एक बार फिर से कंपकंपाती महसूस हो रही है। यह ठंड अगले कुछ दिनों में और लोगों को सताएगी, इसलिए आम लोगों को ठंड से बचाव को लेकर अलर्ट रहने की जरूरत है. अलाव के साथ ही गर्म कपड़ों का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने की जरूरत है. मिली जानकारी के अनुसार मौसम विभाग ने एकबार फिर अलर्ट जारी किया है ।घने कोहरे का भी अलर्ट जारी किया गया है और इस अलर्ट के अनुसार आज कई इलाकों में सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ है. मौसम विभाग ने 18 जनवरी से ठंड में बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है।

सेवा सप्ताह के चौथे दिन भी स्वयंसेवकों में दिखा उत्साह

# विभिन्न स्थानों पर चले सेवा कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
सेवा सप्ताह के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यक्रम निरंतर जारी है. सेवा सप्ताह के चौथे दिन भारी शीतलहर के बीच भीं स्वयंसेवकों का उत्साह चरम कर देखने को मिला. इसी क्रम में बुधवार को राष्ट्र सेविका समिति बरही की कशिश कुमारी, सुषमा तिवारी, रिंकू देवी आदि स्वयं सेविकाओ ने शबरी नगर बाल संस्कार केन्द्र में मकरसंक्रांति उत्सव के साथ समरसता भोज का आयोजन किया. रसोईयाधमना पंचायत के पुरहारा भुईयां टोली मे खिचड़ी का समरसता भोज कार्यक्रम किया गया. जिसमे मुख्य रूप से इंद्रदेव गुप्ता, कामेश्वर भुईयां, तोखन साव,अंशु कुमार, सुमंत कुमार, नितेश कुमार आदि ने महत्ती भूमिका निभाई. वही आरएसएस की करियातपुर शाखा से संतोष प्रजापति एवं अभिषेक सोनी ने पड़ीरमा तुरी टोला बाल संस्कार केन्द्र में सेवा पर्यटन के तहत बच्चों के बीच संस्कार विकसित करने के तरीको को बताया.

सदर विधायक शिव मंदिर भूमि पूजन कार्यक्रम में हुए शामिल

# मंदिर केवल आस्था का स्थान नहीं है, बल्कि नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का माध्यम भी है



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधानसभा क्षेत्र के पंचशील कॉलोनी में शिव मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन पूरे विधि-विधान और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने हिस्सा लिया। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिसमें पुजारियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की। भूमि पूजन के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने शिव की महिमा का गुणगान किया और मंदिर निर्माण के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि मंदिर केवल आस्था का स्थान नहीं है, बल्कि यह समाज को एकजुट करने और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का माध्यम भी है। यह स्थल आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का केंद्र बनेगा। उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और क्षेत्र के विकास में योगदान देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और शिव मंदिर के निर्माण के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के सदस्य और क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन क्षेत्रवासियों के सहयोग और उत्साह के कारण संभव हो पाया। विधायक ने आयोजन समिति को बधाई दी और इस पवित्र कार्य में सभी के योगदान की सराहना की।

# विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
बुधवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय में एस आर शिक्षण समिति वाराणसी और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 3 दिवसीय 13 से 15 जनवरी 2025 तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। अंतिम दिन कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य वक्ता अजय कुमार राणा एवं विश्वविद्यालय के सम्मानित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद मुख्य वक्ता को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल के स्वागत भाषण से हुआ। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने कृषि विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता की हार्दिक बधाई दी और उन्होंने कहा की देश के विकास में ग्रामीण किसानों का महत्वपूर्ण योगदान है। सचिव प्रियंका कुमारी ने ग्रामीण किसानों को नई तकनीकी पर आधारित कृषि करने की सलाह दी। मुख्य वक्ता श अजय कुमार राणा ने किसानों को प्रशिक्षण के माध्यम से एफपीओ तथा विभिन्न मार्केटिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए किसानों को आत्मनिर्भर होने की सलाह दी। प्रशिक्षण के अंतिम दिन में विभाग के व्याख्याता वीरेंद्र अग्रवाल द्वारा कृषि मार्केटिंग के बीबी विभिन्न प्रकार से रूबरू कराते हुए किसानों को मार्केटिंग सिस्टम को समृद्ध करने के बारे में बताया गया।

मकर संक्रांति के अवसर पर साईं मन्दिर में विशाल भंडारे का आयोजन

# साईं भक्तों का लक्ष्य एकजुट रहना और समाज हित में कार्य करना है

*साईं परिवार, हजारीबाग साईं भक्तों का एक समूह है। सामाजिक समरसता को बरकरार रखने के लिए कार्य करता है*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
साईं परिवार हजारीबाग जिसका निबंधन संख्या 8188/19 के द्वारा साईं मंदिर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर इन्द्रपुरी में साईं भंडारा का कार्यक्रम किया गया। साईं परिवार हजारीबाग के तत्वावधान में बुधवार को अहले सुबह साईं मंदिर में आरती और बाबा के भव्य अभिषेक के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति वर्तमान वर्ष भी मकर संक्रांति के पर साईं परिवार, हजारीबाग द्वारा हजारीबाग शहर के इंद्रपुरी चौक स्थित साईं मंदिर परिसर में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस विशाल भंडारे में चूड़ा, तिलकुट, गुड़, दही के साथ दोपहर में खिचड़ी, चोखा और चटनी का वितरण किया गया। सैकडों श्रद्धालुओं ने साईं बाबा के प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम के बाद साईं परिवार हजारीबाग सदस्यों द्वारा बुधवार को शाम 6:00 बजे से आरती के कार्यक्रम के बाद हलवा का भोग लगाया और प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद आर्ष कन्या गुरुकुल, आर्य समाज हजारीबाग में बाबा का भोग को खिचड़ी, चिप्स, चोखा प्रसाद को विद्यालय के बच्चों के बीच पहुंचाया गया। साईं परिवार, हजारीबाग साईं भक्तों का एक समूह है। यह समूह सामाजिक एकता के साथ सामाजिक समरसता को बरकरार रखने के लिए कार्य करता है। साईं परिवार, हजारीबाग समाज के जरूरत मंद वर्गों के बीच लगातार सेवा कार्य करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज करता है, तो विभिन्न धार्मिक आयोजनों में भी अपने कार्यों से सामाजिक जुड़ाव की ओर खुद को अग्रसर करता है। समाज के कई जरूरतमंदों को व्यक्तिगत रूप से भी यह समूह अपनी सक्षमता के अनुरूप सहयोग पहुंचाने का सकारात्मक कार्य करता है।

# डीसी ने किया दौरा योजना एवं पर्यटन क्षेत्र की ली जानकारी





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने बानो प्रखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम पर्यटन स्थल डाडिंग का भ्रमण किया। निरीक्षण कर उपायुक्त महोदय ने विस्तृत रूप से पर्यटन क्षेत्र में विकसित करने हेतु संभावनाओं को तलाश। तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी मो० नईम उद्दीन अंसारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं स्थानीय आमजनों के द्वारा डाडिंग पर्यटन स्थल का विभिन्न बिंदुओं पर विकसित करने से संबंधित मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा गया। इसके पश्चात् उपायुक्त द्वारा बानो प्रखंड के बांकी पंचायत में बिरसा हरित ग्राम के तहत क्रियान्वित पांच बागवानी योजना का निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने बागवानी में लगे पौधों का जायजा लिया। इस दौरान देखा कि कई सारे आम के पौधों पर दीमक लगे थे। उन्होंने लाभुक से पेड़ की की बेहतर देखभाल करने की बात कहीं। दीमक से पौंधा को बचाने के लिए तनाह का पेन्ट करने बात कहीं। तथा उपायुक्त महोदय ने रोजगार सेवक को जेएसएलपीएस से बागवानी सखी को टैग करने का निर्देश दिया जिससे कि सभी पौधों का बेहतर देखभाल सुनिश्चित हो सके। वहीं उपायुक्त ने लाभुक को इंटर क्रॉपिंग करते हुए खाली स्थानों पर सब्जी सहित फसलों की खेती करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने अन्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। मौके पर परियोजना पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर ज्ञान कुमार एवं रोजगार सेवक थे।



## लचरागढ़ पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ पंचायत भवन सभागार मे पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखियाजीरेन मडंकी ने किया बैठक मे पंचायत के सभी विभाग के पंचायत स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक मे सभी विभागो का समीक्षा किया गया। तथा बेहतर ढंग से समन्वय स्थापित कर कार्य करने को लेकर चर्चा किया गया। बैठक मे फाइलेरिया मुक्त पंचायत, टीवी मुक्त पंचायत, बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने पर चर्चा किया गया। उल्लास कार्यक्रम, जीरो ड्राप आउट बच्चा के बारे विस्तार पुर्लक चर्चा किया गया।इस अवसर पर जिला अंकाक्षी के रीतेश मिश्रा ने विभिन्न योजना के बारे जानकारी दिया। बैठक में मुखिया लचरागढ़ जीरेन मड़की, पंचायत सचिव संजीव कुमार, रोजगार सेवक करिश्मा बड़ाइक, वार्ड सदस्य एलिस होबो, सोनिया कुमारी, पीरामल फाउंडेशन के रितेश मिश्रा, बीएफटी राजेश गोप, सीएससी संचालक निर्मला देवी, प्रधान अध्यापक विजय कुमार केरकेट्टा, पुरन चंद्र साहू,मनरेगा मेट, सेरोफिना टेटे सहिया, लीली स०स०स० लचरागढ़, पीडीएस डीलर सलोमी सुरिन, संध्या साहू जेएसलपीएस, ललिता देवी, उर्मिला देवी सहिया,सीएचओ अनुषा नेहा किड़ो, रजनी बिलुंग जीएनएम, विक्टोरिया लुगुन सहिया,लक्ष्मी सिंह,के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### दीदी कैफ़े की दीदियां सदर अस्पताल, में भोजन एवं जलपान के माध्यम से 8 वर्षो से कर रही सेवा



**सिमडेगा।** कहते है कि सेवा ही परमोधर्मः इसे चरितार्थ करते हुए ठेठईटांगर प्रखंड की भारती बिलुंग, शीलमनी मिंज, सलोमी डुंगडुंग सहित अन्य के द्वारा पिछले 8 वर्षों से सदर अस्पताल में पलाश दीदी कैफ़े का सफल संचालन कर मरीजों को जलपान, नाश्ता, भोजन, गर्म पानी आदि की 24×7 उपलब्ध करा रही हैं।इनके द्वारा तैयार किया गया भोजन किफायत के साथ-साथ स्वादिस्ट एवं बिल्कुल घर के जैसा भी होता है। यही कारण है कि अस्पताल के डॉक्टर, नर्स भी दीदी कैफ़े में भोजन करते हैं। मरीजों को उनके वार्ड में भोजन की सुविधा दी जाती है। पूर्व में संलग्न सभी दीदियों की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी समूह से जुड़कर वो आज सफलता की नई बुलंदियों को छू रही हैं। अस्पताल परिसर जैसे स्थान पर दीदी कैफ़े का सफल संचालन इस बात का प्रमाण है। संलग्न सभी दीदियों की मासिक शुद्ध बचत 12000-15000 रुपये तक हो जाती है। जिससे इनके परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ एवं सशक्त हुई है। यह नारी सशक्तिकरण की एक नई मिसाल पेश करती है। दीदी कहती है कि अब तो ये अस्पताल ही हमारा घर है एवं सभी मरीज इनके परिवार है।

### बोलबा प्रखंड बलियाजोर के पास मोटरसाईकिल दुर्घटना मे पति-पत्नी घायल

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड बलियाजोर लेटाबेडा गाँव के पास बुधवार शाम मोटरसाईकिल दुर्घटना मे पति-पत्नी घायल हो गए,दोनों घायलों को ईलाज हेतू बोलबा अस्पताल लाया गया।घटना के सम्बन्ध मे मिली जानकारी के अनुसार बलियाजोर लेटाबेडा के पास प्लस 2 हाई स्कूल कोरोंजो मे कार्यरत शिक्षक उजना डूंग डूंग स्कूल से अपने पति खातिर डूंगडूंग क साथ अपना घर कसीरा सुंदराटोली लौट रहा था।इसी क्रम मे बलियाजोर लेटाबेडा क पास एक अपाची सवार व्यक्ति ने टक्कर मार दिया,जिससे वे दोनों पति-पत्नी गिर गए।ग्रामीणों के मदद से दोनों को बोलबा अस्पताल लाया गया। जहाँ दोनों का प्राथमिक इलाज डा नवल कुमार बेहरा क द्वारा किया गया।इसकेबाद बेहतर इलाज क लिए सिमडेगा रेफर कर दिया गया बोलबा पुलिस घटना के सम्बन्ध मे तहकीकात कर रही है।

### जिला परिवहन पदाधिकारी एवं एमवीआई ने सड़क सुरक्षा माह को लेकर किया आयोजन

**सिमडेगा।** जिला परिवहन पदाधिकारी संजय बाखला और एमवीआई प्रकाश रंजन ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर 1 जनवरी से चल रहे सड़क सुरक्षा माह के बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिए सरकारी स्तर पर हर कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना जरूरी है। डीटीओ ने चिंता जाहिर करते हुए बताया कि साल 2024 में कुल 130 सड़क हादसे हुए। जिसमें 126 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। साथ ही 61 लोग घायल हुए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक होना होगा। हादसे में किसी की जान जाने पर परिवार टूट जाता है। उन्होंने बताया कि इसी के तहत लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए पूरे एक माह तक कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डीटीओ ने बताया कि जागरूकता रथ निकाल कर लोगों में जागरूकता पैदा करने की कोशिश की गई है। साथ ही गांव गांव में पोस्टर,बैनर, पम्पलेट बांटे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चालकों के लिए नेत्र जांच कैंप लगाया गया। साथ ही बाइक रैली,प्रभातफेरी,पतंगबाजी आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। डीटीओ ने कहा कि शहर शराब पीकर वाहन चलाने पर कारवाई की जा रही है। हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को गुड समेटेरियन के बारे भी जानकारी दी जा रही है। बताया कि हादसे के एक घंटे तक घायलों के लिए एक घंटे का समय गोल्डन आवर होता है। अगर हम समय से घायल को अस्पताल पहुंचा दें तो से प्राण बचाया जा सकता है।

### डाक बंगला में लोहरा समाज की हुई बैठक

**बांनो।** डाक बंगला बानो में लोहरा समाज की बैठक सोमारी कैथवार की अध्यक्षता में हुई ।बैठक में लोहरा समाज के लोगों के लोगो को जाति प्रमाण पत्र बनाने में हो रही परेशानी पर चर्चा की गई। लालमोहन इंदवार ने कहा समाज के लोगों की एकजुटता की आवश्यकता है। आज अगर समय पर आवाज नही उठाएंगे तो आने वाले समय में समाज के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। हमारा समाज आज भी पिछड़ा हुआ है। शिक्षा के बिना समाज का विकास नहीं हो सकता है ।आज जाति प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।मौके पर संजय इंदवार ,संजीव इंदवार ,इलियास माधइया ,सावित्री देवी ,सहदेव केरकेट्टा, नीलेश इंदवार ,कृष्ण इंदवार, निर्मला माघइया आदि लोग उपस्थित थे।

### सडक निर्माण को लेकर ग्रामीणों की एक प्रतिनिधि मण्डल डीसी से किया मुलाक़ात

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड प्रखंड मुख्यालय से आलिंगुड़ कुंदूरमुंडा -टकबहाल उड़ीसा बॉर्डर तक अधूरे सडक निर्माण के मामले को लेकर ग्रामीणों की एक प्रतिनिधि मण्डल उपायुक्त सिमडेगा से मुलाकत किया।इस सम्बन्ध मे ग्रामीणों ने उपायुक्त सिमडेगा से अधूरे सडक निर्माण को जल्द पूरा कराने की मांग किया गया।इस मौक़े पर उपायुक्त ने बताया कि वन विभाग कि ओर से एनओसी के लिए जो पेपर दिल्ली भेजना था वह राज्य सरकार के पास. भेज दिया गया है जो कि भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा। यह कागजी प्रक्रिया जारी रहा तो एक महीने मे सारा काम हो जाएगा। दिल्ली से जैसे स्वीकृति मिल जाने के बाद काम शुरू हो जाएगा क्योंकि कार्य आदेश मिला हुआ है, इसका पैसा भी है और इसका ठेकेदार भी है. मार्च महीना तक मे काम शुरू हो जाएगा।इस मौक़े पर उप प्रमुख आमंत्रण मांझी ने बताया बोलबा प्रखंड मुख्यालय से उड़ीसा बॉर्डर को जोड़ने वाली बहुत ही महत्वपूर्ण सडक है. इस रोड पर पड़ने वाले बहुत से गाँव सडक सहित मुलभुत सुविधाओं से वंचित हो रहे है। बच्चों को स्कूल जाने -आने, मरीजों को अस्पताल ले जाने, लोगों को दैनिक जीवन मे आवश्यक सामग्री लाने, वनोपज के समानों को बेचने बाजार तक ले जाने आदि कई महत्वपूर्ण समस्याओ से ग्रामीण जूझ रहे है. इसलिए जल्द से जल्द सडक निर्माण के काम को शुरू कराने कि मांग किया गया है।

### समाज सेवी प्रेम कुमार ने नन्ही परी फॉउण्डेशन की मदद से कंबल वितरण किया



**सिमडेगा।** जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है जिससे कि जनजीवन पूरी तरह से त्रस्त है ऐसे में लगातार कई सामाजिक संगठन आगे जाकर लोगों के बीच मदद कर रहे हैं ।प्रशासन की ओर से भी हर संभव मदद दी जा रही है इसी कड़ी में समाजसेवी बीरु निवासी प्रेम कुमार ने नन्ही परी फाउंडेशन के सहयोग से बीरु के आस पास के जरूरत मंदो को ठंड से बचने के लिए कंबल दिया। प्रेम ने बताया की मुंबई की सस्था नन्ही परी सदेव गरीब जरूरत मंदो की मदद करती है और आगे भी करेगी गाँव के जरूरत मंद लोग कंबल पाकर खुश थे नन्ही परी फाउंडेशन को धन्यवाद दिया।कार्यक्रम मे विकास प्रसाद, जीवन दास दीपिका कुमारी व ग्रामीण मौजूद थे।

## महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को लेकर झारखंड सरकार गंभीरः विधायक भूषण बाड़ा

**● थाना पहुंचने वाली हर नारी को न्याय दिलाए पुलिस प्रशासन: विधायक विक्सल कोंगाड़ी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सदर अस्पताल के सामने नव निर्मित महिला थाना भवन का बुधवार को सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, डीसी अजय कुमार सिंह, एसपी सौरभ कुमार ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर एवं फीता काटकर किया। इसके बाद थाना भवन में बने विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। थाना परिसर में बच्चों के खेलने के लिए बने कक्ष की दोनों विधायकों ने सराहना की। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि हर नारी को समय पर न्याय मिलना चाहिए। जिले में महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए महिला थाना तो बनाया गया था, लेकिन खुद का थाना भवन नहीं रहने से महिलाओं को एवं यहां पदस्थापित पुलिस जवानों को काफी परेशानी होती थी। लेकिन महिला थाना भवन के निर्माण होने से लगभग सभी परेशानी दूर होगी। उन्होंने कहा कि यहां आने वाली हर नारी को न्याय मिले, इस दिशा में पुलिस जवान गंभीरता बरतें। विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार ने महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को लेकर काफी गम्भीर है। मईंया सम्मान योजना सहित अन्य कई योजनाओ के माध्यम से हर महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। हम और हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने के उद्देश्य के साथ काम कर रहे हैं। उद्घाटन समारोह में एसी ज्ञानेंद्र, एसडीपीओ बैजू उरांव, डीएसपी रणवीर सिंह, सीओ मो इम्तियाज अहमद, जिप सदस्य जोसीमा खाखा, सामरोम पॉल तोपनो, झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, झामुमो जिला सचिव सफीक खान, शशि गुड़िया, लखन गुप्ता, महावीर बड़ाईक सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित थे।मौके पर कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि महिला थाना महिलाओं को न्याय दिलाने के उद्देश्य से गठन किया गया है।

## क्षेत्र के विकास के लिए व्यापार का बढ़ना जरूरी : विधायक भूषण बाड़ा

**● ब्यापार बढ़ने से स्थानीय मजदूरों को मिलता है रोजगार: विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में डिवाइन होंडा शो रुम और मनपसंद होम डेकोर के शो रुम का बुधवार को सिमडेगा भूषण बाड़ा और कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर दोनों विधायकों ने शो रूम संचालक को बधाई दी। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए ब्यापार का बढ़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज फर्नीचर से बने समानों की मांग हर घर में है। ऐसे में सिमडेगा शहर में एक बाद एक और फर्नीचर शोरूम के खुलने से लोगों को फर्नीचर के समान खरीदने में सहूलियत होगी। लोग अपने शहर में ही अपने मनपसंद के आइटम खरीद पाएंगे। वहीं विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि ब्यापार बढ़ने से क्षेत्र का विकास होता है। स्थानीय मजदूरों को रोजगार भी मिलता है। उन्होंने कहा कि जिले में फर्नीचर शोरूम का खुलना क्षेत्र वासियों के लिए राहत भरी खबर है। अब सिमडेगा वासी में अपने शहर में ही फर्नीचर के सभी समान खरीद पाएंगे। इससे लोगों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही समय का भी बचत होगा। मौके परजिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य सामरोम पौल तोपनो,20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल,जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह,विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा,विधायक प्रतिनिधि सह यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश सिंह, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, जिला महासचिव सह नगर प्रभारी शशि गुड़िया, लखन गुप्ता आदि ने भी शो रूम संचालक को बधाई दी। मौके पर नीला नाग, उर्मिला केरकेट्टा, ज्योति लुगुन, सोभेन तिग्गा,आदि मौजूद थे।

## पंचायत के आंगनबाड़ी सेंटर के लिए सेविका का हुआ चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** प्रखण्ड के कुरडेग पंचायत के बैघमा और खिण्डा पंचायत के परकला में आंगनबाड़ी सेंटर के लिए सेविका का चयन किया गया ।कुरडेग पंचायत के बैधमा गाँव और खिण्डा पंचायत के परकला के आंगनबाड़ी सेंटर के सेविका की सेवा निवृत होने पर उक्त दोनों सेंटरों का सेविका नियुक्ति करने के लिए आंगनबाड़ी पोषक क्षेत्र में ग्राम सभा कर चयन समिति द्वारा चयन आयोजित किया । कुरडेग के बैधमा पोषक क्षेत्र से तीन आवेदन प्राप्त हुए ।आवेदक जोत्सना तिग्गा इंटर , अलका धनवार इंटर , और मंजूला किण्डो एम ए जिसमें मंजूला किण्डो 23 अंक प्राप्त की जिसे चयन समिति द्वारा चयन किया गया ।वहीं खिण्डा पंचायत के परकला गाँव में सेविका चयन के लिए भी तीन आवेदन प्राप्त हुए अनशु किण्डो इंटर , सोभेन एक्का इंटर और दीपांजली मिंज एम कॉम ने आवेदन की जिसमें सभी चयन प्रक्रिया कर दीपांजली मिंज पति दिलीप तिर्की ने 23 अंक प्राप्त की । जिसे चयन समिति द्वारा चयन किया गया । चयन समिति में अध्यक्ष सी ओ सह बाल-विकास परियोजना पदाधिकारी किरण डांग , उप प्रमुख अजय जयसवाल , मुखिया उर्मिला कुजूर , मुखिया जगेश्वर प्रधान , महिला पर्यवेक्षिका निर्मला बखला , विद्यालय के प्रधानाध्यापक ,एनएम एवं लेखापाल अरविन्द सिंह एवं गाँव के ग्रामिण मौजूद रहे ।

## आंगनबाड़ी केंद्र लरबा में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सहायिका का चयन किया

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र लरबा और हजारिबेड़ा में 15 दिसंबर को पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार सहायिका का चयन हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कोलेबीरा बिरेंद्र किंडो की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन कर किया गया। आंगनबाड़ी सहायिका चयन समिति में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कोलेबिरा बिरेंद्र किंडो,महिला बाल विकास परियोजना के महिला पर्यवेक्षिका प्रेम शिला कुमारी और प्रमुनी देवी,मुखिया लचरागढ़ जीरेन मड़की,जी.एन.एम रजनी डुंगडुंग,प्रधानाध्यापक,पंचायत समिति सदस्य फुलकेरिया डांग,सहायक शिक्षक रविकांत ओहदार ने भाग लिया। आंगनबाड़ी केंद्र लरबा में कुल 6 आवेदन प्राप्त किए गए जिसमें नीलम देवी पति सागर गोप को आंगनवाड़ी सहायिका चयनित मापदंडों के मानकों के अनुसार शैक्षणिक योग्यता प्राप्तांक एवं देय अंक के आधार पर सर्वाधिक 14 अंक मिला,चयन समिति ने कुल देय अंक के आधार पर नीलम देवी को लरबा आंगनवाड़ी केन्द्र का सहायिका चुना गया।वहीं पर्यवेक्षिका ने बताया कि आंगनबाड़ी हजारिबेड़ा में सहायिका पद के लिए प्राप्त आवेदनों में डॉक्यूमेंट के अभाव में आज चयन प्रक्रिया नहीं हो पाई,आवेदनकर्ताओं को सहायिका चयन प्रक्रिया हेतु आवश्यक डॉक्यूमेंट उपलब्ध कराने के लिए कहा गया चयन प्रक्रिया की तिथि 1 दिन के लिए बढ़ा दी गई।

### स्वास्थ्य शिविर आयोजन को लेकर प्रखंड कार्यालय मे हुई बैठक का आयोजन

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय मे स्वास्थ्य शिविर आयोजन को लेकर बोलबा प्रखंड कार्यालय सभागार मे किया गया बैठक का आयोजन. आगामी 21 जनवरी को बोलबा प्रखंड मुख्यालय मे होने वाला स्वास्थ्य कैम्प कि तैयारी को लेकर बोलबा प्रखंड कार्यालय सभागार मे एक बैठक का आयोजन किया. गया. जिसमें कैम्प का उद्देश्य एवं कैम्प मे दी जाने वाली सुविधाओं के. बारे चर्चा किया गया. इस मौक़े पर अंचल अधिकारी सुधांसु पाठक, प्रमुख केरकेट्टा, डा नवल कुमार बेहरा, डा देबोतोष भूटिया, स्वास्थ्य कर्मी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## चर्च बनने से प्रभु यीशु मसीह की कृपा बरसेगी व क्षेत्र खुशहाली और तरक्की आएगी : बिशप मुरेल बिलुंग

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के अरानी स्थित जीईएल चर्च लेगोमटोली गिरजाघर का पवित्र संस्कार सह उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अनुष्ठाता के रुप में बिशप मुरेल बिलुंग उपस्थित थे। मौके पर कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। मौके पर बिशप मुरेल बिलुंग ने विधिवत पवित्र संस्कार की अराधना संपन्न कराते हुए नए चर्च में आशीष जल का छिड़काव किया। बिशप मुरेल बिलुंग ने कहा कि गिरजाघर का पवित्र संस्कार प्रभु यीशु मसीह की कृपा से ही हो पाया है। आज से क्षेत्र में परम पिता परमेश्वर की कृपा लोगों में बरसेगी। साथ ही क्षेत्र विकास के पथ पर आगे आएगा। इसके अलावे क्षेत्र में खुशहाली और तरक्की आएगी। बिशप का सहयोग पादरी लॉरेंस डुंगडुंग, पादरी जेम्स जोजो, पादरी सिमोन हेरेंज, पादरी ज्योति तबिता बिलुंग, पादरी इमानी बुढ़, पादरी एभामनी किंडो, पादरी संगीता पुपेन मिंज, पादरी सुसारेम डुंगडुंग, पादरी जातोम टेटे, कंडीदत्त अयय डुंगडुंग, कंडीदत्त प्रतिमा डुंगडुंग आदि उपस्थित थे। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य सामरोम पौल तोपनो,प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा,नवनीत प्रेमचंद माड़की ,उर्मिला केरकेट्टा,नीला नाग, जुली लुगुन, सोभेन तिग्गा विजय किंडो, पंचायत अध्यक्ष प्रेमदान लुगुन सहित काफी संख्या में जीईएल धर्मावलंबी उपस्थित थे।



### चर्च में प्रार्थना करने से परम शांति का होता है अनुभव : भूषण बाड़ा

मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आज खुशी और आनंद का दिन है। ईश्वर के प्रति धन्यवाद प्रकट करने का दिन है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से आज अरानी के लेगोमटोली में जीईएल चर्च का पवित्र संस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि गिरजाघर में प्रार्थना करने से परम शांति की अनुभूति होती है। यहां धर्म निवास करेगा। लोग आस्था से प्रभु की प्रार्थना करेंगे। उन्होंने लोगों को समाज में पनप रही बुराईयों को भी दूर करने एवं एकजूट रहने का आह्वान किया।

### चर्च बनने से लोगों में धर्म के प्रति बढ़ेगी आस्थाः विक्सल कोंगाड़ी

विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि चर्च की अराधाना होने से क्षेत्र में खुशहाली और तरक्की आएगी। लोग चर्च आकर शांति का अनुभव करेंगे। धर्म के प्रति लोगों की आस्था बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रभु की आराधना से जीवन सफल होगा। चर्च बनने के बाद समाज को मजबूत बनाने की शक्ति मिलेगी। इस चर्च के निर्माण से लोगों में श्रद्धा उत्पन्न होगी। लोग प्रभु यीशु के वचनों को सुनेंगे और उसे अपने जीवन में आत्मसात करेंगे। इससे क्षेत्र में बुराई भी दूर होगी।

### प्रभु की योजना से ही संपन्न होता है कोई भी कार्य: जोसिमा खाखा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि कोई भी निर्माण कार्य आसान नहीं होता। उसके लिए योजना, परिश्रम, आपसी तालमेल और समझदारी की आवश्यकता होती है। प्रभु का घर सबके लिए खुला रहना चाहिए। उन्होंने चर्च निर्माण में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार जताया।

## मकर संक्रांति के अवसर पर रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड के हुरदा में मकर संक्रांति के अवसर पर रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जमातई पंचायत के मुखिया नामजन जोजो उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ने फीता काटकर किया उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृति हमारी धरोहर है इसे सजना सवरना सहेजना हमारा कर्तव्य है उन्होंने आगे कहा कि मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस तरह से मकर संक्रांति के बाद दिन बढा होने लगता है इस तरह हमें भी अपने समाज के प्रति जिम्मेवारी और कर्तव्यों को सही रूप से बढ़ोतरी करते हुए समाज को आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए । कार्यक्रम में रूपेश बडाइक ने भक्ति वंदना गाकर आरंभ किया इसके बाद रांची से आए कलाकारों रूपेश मनोज शहरी, सुमन गुप्ता,कयूम अभास, सरिता,बिंदेश्वरी, डांसर दीपिका म्यूजिकल ग्रुप चमरू महली कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ,गुडुलाल साहु मंटू साहू,स्बिरसु महतो, अमृत साहू,हरिश कुमार,जसबीर सिंह,बिनोद सिंह, राजु साहू,बलदेव साहू, संतोष बड़ाइक,मनोज ठाकुर, बालेश्वर नाग,गुड्डू लाल साहू, फिटुंग सिंह, केशवलाल साहू, देवेन्द्र साहू, राजकुमार साहू, प्रवीण साहू,बलभद्र सिंह,प्रमोद सिंह के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमृत साहु व बालेश्वर नाग ने किया।

## लेटाबेड़ा गांव में शिव मंदिर बजरंगबली मंदिर निर्माण वार्षिक महोत्सव 22 को

**बोलबा।** प्रखंड के लेटाबेड़ा ग्राम में शिव मंदिर एवं बजरंगबली मंदिर निर्माण वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा ।जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष हीरालाल प्रधान ने बताया कि पिछले वर्ष 22 जनवरी को यह भव्य मंदिर का निर्माण किया गया था,जिसका वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। यह वार्षिक उत्सव 22 जनवरी से 24 जनवरी तक आयोजित है । इस अवसर पर समिति के लोगों ने सभी भक्तजनों से आग्रह किया है कि पूरे परिवार के साथ इस आयोजन में उपस्थित होना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबा उमाकांत जी महाराज एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव हैं ।कार्यक्रम 22 जनवरी दिन बुधवार तिथि अष्टमी माघ कृष्ण पक्ष कलश यात्रा एवं अधिवास पूजन । 23 जनवरी दिन बृहस्पतिवार तिथि नवमी माद्य कृष्ण पक्ष नाम यज्ञ प्रारंभ,आरती, भजन एवं प्रवचन ,24 जनवरी दिन शुक्रवार तिथि दशमी माद्य कृष्ण पक्ष हवन पूजन,आरती, प्रसाद , एवं महा भंडारा का भी आयोजन किया गया है।

### प्रेरणा सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

# समारोह आयोजित कर बीएसएफ जवान को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय, गिरिडीह**
गांडेय प्रखंड के मरगोडीह गांव में प्रेरणा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता झामुमो जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष दिलीप मंडल ने किया। बैठक में गांव के विकास कार्य पर चर्च की गई। बात दें उक्त गांव में अंग्रेज जमाने से गांव के विकास के लिए कमेटी गठित कर कार्य किया जा रहा है । प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के द्वारा किए गए कार्य की समीक्षा की, साथ ही विकास कार्य के लिए आय व्यय का लेखा जोखा किया गया। प्रेरणा सम्मान समारोह में मागोडीह गांव से पिछले महीने दो युवक का चयन बीएसएफ में हुआ था जिन्हें गांव के सम्मानित स्वजातियों ने पुष्प गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्यातिथि पहुंचे गिरिडीह साइबर डीएसपी आबिद खान ने कहा कि बहुत ही गर्व की बात है कि गांडेय प्रखंड के मागोडीह गांव से दो युवकों का चयन देश की सीमा सुरक्षा पर हुआ है। इस से युवाओं को सिख लेनी चाहिए अगर युवा मेहनत करते है तो उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दिलीप मंडल ने युवाओं को प्रेरणा देते हुए कहा कि इन दिनों युवकों से युवा वर्ग को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने गांव का नाम रोशन किया है। अभी के समय में युवा अपने लक्ष्य से दिशाहीन हो जाते है। इस से प्रेरणा लेके अपने गांव समाज राज्य देश का नाम रोशन कर। समारोह में बीडीओ निशांत अंजुम, जितेंद्र मंडल, मुखिया निर्मला कुमारी ने भी युवाओं को शुभ कामनाएं दी। मौके पर उपस्थित रोहित मंडल, बद्री मंडल, महेंद्र मंडल, भीखो मंडल, गोवर्धन मंडल, मीना देवी, सरिता देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## हिलटॉप आउटसोर्सिंग में हिंसक झड़प के मुख्य आरोपित का भाई गिरफ्तार

**धनबाद।** पुलिस ने बीसीसीएल एरिया-3 के बाबुडीह में संचालित हिलटॉप आउटसोर्सिंग में 9 जनवरी को हुए हिंसक झड़प और बाघमारा एसडीपीओ पर हमले के मुख्य अभियुक्त जेएमएम नेता कारु यादव के भाई वीरेंद्र यादव सहित सात लोगों को बुधवार को बोकारो से गिरफ्तार किया है। धनबाद के ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि पुलिस की टीम ने मधुबन कांड के मुख्य अभियुक्त कारू यादव के भाई को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि कारू यादव का भाई वीरेंद्र यादव एक साथी लखन राम महतो के साथ बोकारो में दो लोगों के यहां छिपे थे। उन्हें आवास देने वाले दोनों मालिकों के साथ धर-दबोचा गया है। उन्होंने बताया कि इन दोनों ने पूछताछ में कांड में न सिर्फ अपनी संलिप्तता जाहिर किया है, बल्कि घटना के दौरान बम और गोलियों चलाने की बात भी स्वीकार किया है। इतना ही नहीं इनकी निशानदेही पर घटना स्थल के समीप स्थित रतन विश्वकर्मा की दुकान से एक देशी पिस्टल, 5 कारतूस और एक बम बरामद किया गया है।

## गिरफ्तारी पर रोक के बावजूद पुलिस जबरन भेज रही थी अरुण गोयल को जेल : आनंद अग्रवाल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
पंचवटी अपार्टमेंट में हुई मारपीट के आरोपी अरुण गोयल को छेड़खानी के मामले में पुलिस जेल भेज रही थी। लेकिन कोर्ट के आगे पुलिस की एक न चली। अरुण गोयल के वकील आनंद अग्रवाल ने बुधवार को बताया कि रामगढ़ थाना कांड संख्या 380/24 में अरुण गोयल पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया गया था। इस मामले में पहले ही जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी दी गई थी। मामले की जांच चल रही थी, इसलिए कोर्ट ने तत्काल गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद पुलिस ने मारपीट के मामले में गिरफ्तार अरुण गोयल को बुधवार को कोर्ट में जब पेश किया, तो छेड़खानी के मामले में जेल भेजने की अर्जी लगा दी। लेकिन कोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाई और अरुण गोयल को जेल भेजने से इनकार कर दिया। पंचवटी एनक्लेव अपार्टमेंट निवासी 44 वर्ष की महिला शालू सिन्हा ने इव टीजिंग के मामले में रामगढ़ थाने में प्राथमिक के दर्ज कराई थी। उन्होंने पंचवटी अपार्टमेंट के ही ब्लॉक बी, फ्लैट नंबर 101 बी में रहने वाले अरुण गोयल को अभियुक्त बनाया था। उन्होंने कहा था कि अरुण गोयल के द्वारा उन्हें कई दिनों से मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। जब भी महिला फ्लैट से मार्केट, मेडिसिन शॉप और अपने कोचिंग संस्थान के लिए निकलती है, तो अरुण गोयल घात लगाकर पार्किंग के पीछे छुपकर गलत निगाह से घूरते हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### धनबाद डीआरएम से मिले भाजपा नेता, समस्याओं से कराया अवगत



**डुमरी।** भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में बुधवार को एक प्रतिनिधि मंडल धनबाद डीआरएम से भेंटकर निमियाघाट स्टेशन से लोहेडीह,पार लोहेडीह की मुख्य रास्ता को रेलवे द्वारा बंद किए जाने से आने वाली समस्याओं से अवगत कराया साथ ही ग्रामीणों के हित में आवागमन हेतु एक रास्ता छोड़ने का आग्रह किया। इस बाबत ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षरित एक मांग पत्र भी डीआरएम को सौंपा।भाजपा नेता ने बताया कि डीआरएम ने सारी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल कर समस्या का हल निकालने का भरोसा दिया है।प्रतिनिधि मंडल में मंटू गुप्ता,जागेश्वर साव,विश्वनाथ साव,चंदन कुमार,कांशी नायक शामिल थे।

### भुरकुंडा पहुंची सीआईडी की टीम, मनोज सिंह की खंगाली कुंडली

**रामगढ़।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) में दर्ज कांड संख्या 31/24 के आरोपित मनोज कुमार सिंह की कुंडली खंगालने के लिए बुधवार को सीआईडी की टीम रामगढ़ जिले के भुरकुंडा क्षेत्र में पहुंची। मनोज कुमार सिंह पर भुरकुंडा ओपी में रंगदारी और गुंडागर्दी के संबंध में एक जून 2024 को प्राथमिकी 143/24 दर्ज हुई थी। इस प्राथमिकी में धमकी देने का आरोप लगाया गया था। बाद में इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, इस मामले की जांच को सीआईडी ने अपने जिम्मे ले लिया। तत्कालीन ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने एक अक्टूबर 2024 को इस मामले की जांच सीआईडी को सौंप दिया था। इसी मामले की जांच के लिए सीआईडी की टीम भुरकुंडा पहुंची। टीम ने इस मामले से संबंधित सभी लोगों का बयान दर्ज किया और साक्ष्य के रूप में कुछ कागजात की जांच की। ज्ञात हो कि इस मामले के आरोपी ने न्यायालय मे जमानत की अर्जी लगाई थी। मगर मामला सीआईडी कोर्ट का होने के कारण जमानत नहीं मिली।

## भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए ब्रिगेडियर ने रवाना किया मिलन दल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
सेना दिवस पर जे और बी सब एरिया की देखरेख में पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के तत्वावधान में भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों के कल्याण व उनके आश्रितों के लिए बुधवार को पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के ब्रिगेडियर संजय चंद्र कांडपाल ने हार्दिक मिलन दल 3.0 को फ्लैग ऑफ करके रवाना किया। हार्दिक मिलन दल में नामित टीम जम्मू और कठुआ जिलों में, हिमाचल प्रदेश के चंबा, नूरपुर और बिलासपुर जिलों में एवं पंजाब के पठानकोट, तरंतारण, फिरोजपुर, मुक्तसार साहिब और भटिंडा जिलों के भूतपूर्व सैनिकों तक पहुंचेगी। बताया जाता है कि इस मुहिम की शुरूआत 2023 में की गई थी, जो कि वर्ष 2025 में यह हार्दिक मिलन 3.0 का तीसरा सफल प्रयास है। यह दल तीन राज्यों के सभी भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों की शिकायतों एवं समस्याओं का निवारण किया जाएगा। साथ ही भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों के लिए सेवानिवृत होने के बाद मिलने वाली सुविधाएं और पेंशन संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## स्वर्णरेखा महोत्सव के मौके पर गोष्ठी आयोजित

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कहा कि नदियों का निर्मल और अविरल बहना जरूरी है. हर माह कम से कम एक दिन हमें नदियों के किनारे काम करने की जरूरत है क्योंकि आज जो पर्यावरण की स्थिति हो गई है, वह बेहद दुखद है. वह स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और युगांतर भारती के संयुक्त तत्वावधान में यहां मिलानी हॉल में स्वर्णरेखा महोत्सव के 20 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे. श्री राय ने कहा कि स्वर्णरेखा महोत्सव के लिए मकर संक्रांति का दिन इसलिए चुना गया, ताकि जनसहभागिता हो, लोग इस अभियान से जुड़ें. 20 साल पहले जब हम लोग पानी का नमूना लेते थे तो लोग हंसते थे कि क्या कर रहे हैं. आज कई एनजीओ वही काम कर रहे हैं. वह मंगलवार की सुबह बोधन घाट और पांडेय घाट पर गये थे। दोमुहानी पर भी गये थे लेकिन वहां गंदगी उतनी नहीं, जितनी पांडेय घाट पर है.

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को लेकर बैठक आयोजित

# अभियान का उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक मानकों को ऊपर उठाना है : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददात। गिरिडीह**
बुधवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सावधानीपूर्वक योजना और समन्वय के महत्व पर बल दिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से निदेशक, डीआरडीए, सिविल सर्जन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कृषि पदाधिकारी प्रबंधक इरठछ, जिला परियोजना पदाधिकारी, वक्क्ष समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से जुड़े सभी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, जन आरोग्य योजना, प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना, पोषण अभियान, छात्रावासों का निर्माण, समग्र शिक्षा अभियान, पोषण वाटिका, भारत नेट, कौशल विकास, कृषि तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार की योजनाओं सहित राज्य की योजनाओं को उन गांवों में उचित क्रियान्वयन किया जाए।

### 5 दिवसीय पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

# फाइनल मुकाबले में प्रवीण इलेवन गुमगी ने तिवारीडीह को हराकर जमाया खिताब पर कब्जा



**नवीन मेल संवाददाता। गावां,गिरिडीह**
गावां खेल मैदान में पिछले चार दिनों से चल रहे पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन बुधवार को फाइनल मुकाबले के साथ हो गया। फाइनल मुकाबले में प्रवीण इलेवन की टीम ने तिवारीडीह को हराकर टूर्नामेंट के खिताब पर कब्जा जमाया व चैंपियन बनी। इससे पूर्व बुधवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबला तिवारीडीह बनाम खरसान के बीच खेला गया जिसमें खरसान को 25 रन से हराकर तिवारीडीह की टीम फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबला चकाई बनाम प्रवीण इलेवन के बीच खेला गया जिसमें प्रवीण इलेवन ने चकाई को एकतरफा मुकाबले में 8 विकेट से हराकर फाइनल का रास्ता तय किया। फाइनल मुकाबला तिवारीडीह बनाम प्रवीण इलेवन के बीच 6-6 ओवर का खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए तिवारीडीह की टीम 36 रन बनाई। जवाब में प्रवीण इलेवन की टीम आठ विकेट से आसानी से 37 रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया। विजेता टीम को 25 हजार रुपये नकद व ट्रॉफी एवं उपविजेता को 18 हजार रुपये व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष इमरान अंसारी, सीओ अविनाश रंजन, जिप सदस्य पवन चौधरी, मुखिया कन्हाई राम, गणेश यादव, मुन्ना सिंह, पूर्व मुखिया अनुरूपा देवी, मुन्ना सिंह, सन्नी सिंह, चंदन सिंह, जीतू सिंह, इजहार खान, मुबारक खान, शमसाद खान, गुलशन कुमार, संतोष कुमार, शुभम राम आदि उपस्थित थे।

## पंचवटी अपार्टमेंट में हुई मारपीट, चली तलवार, जेल भेजा गया हमलावर

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर का पंचवटी अपार्टमेंट एक बार फिर मारपीट को लेकर चर्चा में है। इस अपार्टमेंट में अक्सर दो गुट आपस में भिड़ते रहते हैं। इस बार मारपीट काफी हिंसक हो गया और तलवार भी चली। इसमें एक व्यक्ति राजेश कुमार अग्रवाल उर्फ राजू अग्रवाल घायल हो गए। पुलिस को जैसे ही मारपीट की इस घटना की सूचना मिली पुलिस ने हमलावर अरुण कुमार गोयल को गिरफ्तार कर लिया। राजेश कुमार अग्रवाल पर पंचवटी अपार्टमेंट में ही रहने वाले अरुण कुमार गोयल ने उस वक्त हमला किया था, जब वह बच्चे को स्कूल बस पर बिठाने गए थे। हमले के दौरान सबसे पहले मारपीट की और गर्दन पर दांत काटी। कुछ लोगों ने बीच बचाव किया, लेकिन अरुण कुमार गोयल नहीं रुके। उन्होंने घर जाकर तलवार निकाली और दोबारा हमला किया, जिससे राजेश घायल हो गए।

### नॉर्वे के 34 विदेशी सैलानियों का हुआ स्वागत

# आदिवासी रीति-रिवाजों से कराया गया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**
जिले के मसलिया प्रखंड क्षेत्र के गोलबंधा पंचायत के गोलपुर गांव में बुधवार को नॉर्वे देश के विदेशी सैलानी पहुंचे। सात हजार किलोमीटर दूर से नॉर्वे से पहुंचे 34 की संख्या में विदेशी सैलानियों का सामाजिक जागरूकता युवा संगठन मसलिया के अध्यक्ष शिवनाथ बेसरा की अगुवाई में आदिवासी रीति-रिवाज से भव्य स्वागत किया गया। अतिथियों को आदिवासी पारंपरिक, रीति-रिवाज से अवगत कराया गया। स्वागत समारोह में अतिथियों का लोटा पानी एवं पैर धोकर सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया। विदेशी मेहमानों को आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और समुदाय के मूल्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य, गीत का प्रस्तुति दी गई।

## आपत्तिजनक स्थिति में महिला-पुरूष को ग्रामीणों ने पकड़ा, बनाया बंधक



**दुमका।** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव में बीते रात आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े जाने पर एक व्यक्ति और एक महिला को ग्रामीणों ने करीब 20 घंटे तक बंधक बनाकर मारपीट किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बुधवार की सुबह जब सरैयाहाट पुलिस बंधकों को छुड़ाने गई, तो ग्रामीणों ने पुलिस के साथ भी मारपीट की। जानकारी के अनुसार पांचूबाद गांव के विश्वनाथ सोरेन का जमुनिया गांव की एक शादीशुदा महिला से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। गुरुवार की रात जैसे ही विश्वनाथ महिला से मिलने उसके घर गया, तो ग्रामीणों ने उसे और महिला को बंधक बनाकर जमकर पीटाई की। सुबह जब सरैयाहाट पुलिस को इसकी जानकारी हुई तो पुलिस गांव पहुंच जब बंधकों को छुड़ाने का प्रयास किया, तो ग्रामीणों ने पुलिस के साथ भी धक्का मुक्की शुरू कर दी और पुलिस को भी बंधक बना लिया। जिसके बाद काफी संख्या में पुलिस गांव पहुंच आक्रोशित लोगों को समझा-बुझा कर शांत करा बंधकों को छुड़ाया। ग्रामीणों और महिला के पति का आरोप था कि उक्त युवक का महिला के साथ शारीरिक संबंध है और अक्सर रात को वो महिला के घर आता है। घटना के बाद पुलिस ने बंधकों को छुड़ाने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट में ईलाज कराया। साथ ही दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल कई लोगों का ईलाज भी कराया गया। वहीं दूसरी ओर घटना के सरैयाहाट प्रखंड के माथाकेशो पंचायत की पूर्व मुखिया तलामय सोरेन ने भी सरैयाहाट थाना में आवेदन देकर जमुनिया गांव के कई लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी समारोह को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# सरकारी स्थलों पर ससमय झंडोतोलन का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस की तैयारियां को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान गणतंत्र दिवस का समारोह झंडा मैदान में आयोजन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में परेड, झंडोतोलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त, गिरिडीह ने सभी संबंधित अधिकारियों संग विचार विमर्श कर गणतंत्र दिवस का भव्य उत्सव मनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त, गिरिडीह ने मुख्य कार्यक्रम स्थल के साथ साथ सरकारी कार्यालयों में निर्धारित समय पर झंडोत्तोलन करने के लिए निर्देशित किए। इसके साथ ही उन्होंने परेड की तैयारी, झांकियों की थीम समेत अन्य विषयों पर भी चर्चा की। इसके अलावा झंडा मैदान में साफ-सफाई, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, परेड की तैयारियां, राष्ट्रगान, निरीक्षण करने के लिए जीप की व्यवस्था, एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था समुचित तरीके से करने हेतु निर्देश दिया। वहीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी, कर्मी समेत अन्य को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित करने को लेकर भी चर्चा की गई। मुख्य झण्डोत्तोलन समारोह परेड में होमगार्ड, एन० सी० सी० सीनियर विंग, गिरिडीह कॉलेज, गिरिडीह, कस्तुरबा गाँधी आवासीय बालिका विधालय, गिरिडीह, कार्मेल स्कुल, गिरिडीह, सुभाष पब्लिक स्कूल, गिरिडीह, बी० एन० एस० डी० ए० वी० स्कूल, गिरिडीह, सी० सी० एल० डी०ए०वी० स्कूल, गिरिडीह, जिला सशस्त्र बल पुरूष एवं महिला, सी०आर०पी०एफ०, आई०आर०बी०, एवं एस०एस० बी० की एक-एक टुकडी सहित कुल 12 टुकड़ियां भाग लेगी। परेड की सम्पूर्ण व्यवस्था परिचारी प्रवर, गिरिडीह द्वारा की जायेगी।

#### मुख्य स्थलों पर झण्डोत्तोलन का निर्धारित समय

- जिला गोपनीय कार्यालय, गिरिडीह प्रातः 8:20 बजे
- झण्डा मैदान, गिरिडीह प्रातः 9:00 बज
- समाहरणालय परिसर, गिरिडीह प्रातः 10:15 बजे
- कर्मचारी महासंघ भवन, गिरिडीह प्रातः 10:45 बजे
- जिला परिषद कार्यालय, गिरिडीह प्रातः 10:50 बजे
- सिविल सर्जन कार्यालय, गिरिडीह प्रातः 10:55 बजे
- नगर निगम, गिरिडीह प्रातः 11:00 बज
- अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रातः 11:10 बजे
- पुलिस लाइन, गिरिडीह प्रातः 11:30 बजे होगा।

#### गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुत की जाएगी झांकियां

- कृषि विभाग, गिरिडीह 02)सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, गिरिडीह,
- पशुपालन विभाग, गिरिडीह, 04) मत्स्य विभाग, गिरिडीह, 05) जिला समाज
- कल्याण कार्यालय, गिरिडीह, 06) गव्य विकास कार्यालय, गिरिडीह, 7) खरछ्दर,
- गिरिडीह, 08) डी० आर० डी० ए०, गिरिडीह, 09) उत्पाद विभाग, गिरिडीह, 10)
- जिला उद्योग केन्द्र, गिरिडीह, 11) अग्निशमन केन्द्र, गिरिडीह, 12) जिला अग्रणी
- बैंक प्रबंधक, गिरिडीह, 13) शिक्षा विभाग, गिरिडीह, 14) जिला आपूर्ति कार्यालय,
- गिरिडीह 15) स्वास्थ्य विभाग, गिरिडीह

# चार बच्चों को लेकर प्रेमी के संग फरार हो गई पत्नी, पति पहुंचा थाने




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
शहर के नई सराय में एक 33 वर्षीया महिला चार बच्चों को लेकर प्रेमी के संग फरार हो गई। यह मामला तब उजागर हुआ जब पत्नी और बच्चों की तलाश में भटकता पति रामगढ़ थाने पहुंचा। घटना 30 दिसंबर, 2024 की है। बताया गया है कि मूल रूप से बिहार राज्य के नवादा जिला अंतर्गत फतेहपुर गांव का रहने वाला शहाबुद्दीन पत्नी रूबी खातून, 10 वर्षीया बेटी जैनब परवीन, 9 वर्षीया बेटी आफिया परवीन, 7 वर्षीय बेटा मो. जफर और 5 वर्षीय बेटा मो. जैद के साथ नई सराय बस्ती में किराए के मकान में रह रहा था। वह जिस मकान में वह रहता था वहीं आजम खान भी किराएदार था। शहाबुद्दीन ने पुलिस को बताया कि आजम खान ने ही उसकी पत्नी को प्रेम जाल में फंसाया और उसे अपने साथ ले गया है। शहाबुद्दीन ने पुलिस को बताया कि वह पहले रामगढ़ के बिहार फाउंड्री प्लांट में काम करता था। जब वहां उसका काम छूटा तो उसे गाजियाबाद की एक फैक्टरी में काम मिला। वह काम करने के लिए जब गाजियाबाद चला गया तो आजम खान का लगातार उसकी पत्नी रूबी खातून से मिलना-जुलना शुरू हो गया। शहाबुद्दीन ने इस बात पर आपत्ति जताई तो उन दोनों का मिलना तो बंद हुआ लेकिन फोन पर बातें जारी रहीं।


**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,राँची**
**(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**

**शुद्धि पत्र**
**PR-344228**

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) 2025 के अवसर पर मोरहाबादी मैदान, राँची में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड राँची की झाँकी के निर्माण (**झांकी का थीम– झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना**) के लिए अनुभवी संस्थानों/फर्मों से अति अल्पकालीन निविदा (दैनिक समाचार पत्रों में दिनांक– 14.01.2025 को प्रकाशित) आमंत्रित किया गया था। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि को निम्नवत संशोधित किया जाता है :–

| | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | दिनांक– 21.01.2025 के पूर्वाह्न – 12:30 बजे | दिनांक– 21.01.2025 के अपराह्न – 12:30 बजे |

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

ह०/–
सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा, राँची

PR 344288 District(24-25).D

प्रभु से यह कहना कि हमें कुछ चाहिए अनुचित नहीं है, किंतु यह और अधिक विश्वास दर्शार्ता है यदि हम केवल इतना ही कहें परमपिता! मैं जानता हूँ कि आपको मेरी हर आवश्यकता का पहले से ही पता है। अपनी इच्छानुसार आप मेरा निर्वाह करें। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# फिर से पाक बनता बांग्लादेश

जिस पूर्वी पाकिस्तान को भारत ने जुल्मों सितम से मुक्ति दिलाकर बांग्लादेश बनवाया और पाकिस्तान से वैर बढ़ाया वही न सिर्फ भारत के प्रति घृणा फैला रहा है बल्कि पाकिस्तान को बढ़ावा दे रहा है। वर्ष 1971 में जिस पाकिस्तानी सेना को पूर्वी पाकिस्तान से भारत ने मार भगाया था। 53 साल बाद फिर से पाकिस्तानी सेना बांग्लादेश में लौटने लगी है। इसका मुख्य कारण है काफी लंबे समय से पाकिस्तान की आईएसआई अमेरिका की मदद से बांग्लादेश में मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा वहां के युवाओं को शेख हसीना के विरुद्ध भड़का रही थी, क्योंकि शेख हसीना भारत के साथ मित्रतापूर्ण संबंध रखती थीं। इस कारण भारत की बांग्लादेश से लगती सीमाएं सुरक्षित थीं। लेकिन पाकिस्तानी आईएसआई ने परोक्ष युद्ध के द्वारा भारत के लिए एक नया मोर्चा खोलकर उसकी सेना को बांग्लादेश की जमीनी और समुद्री सीमाओं पर अपनी चौकसी बढ़ाने के लिए मजबूर कर दिया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा नियमों में ढील प्रदान कर दी है। इससे भारत के लिए युद्ध का एक तीसरा मोर्चा खड़ा हो गया है। काफी समय से चीन भी बांग्लादेश में सक्रिय है। इसलिए इसमें चीन का भी पूरा सहयोग पाकिस्तान को प्राप्त हो रहा है। शेख हसीना के सोलह साल के शासनकाल में बांग्लादेश एक गरीब देश की श्रेणी से निकलकर प्रगतिशील देश की श्रेणी में आ चुका था, जो पाकिस्तान को पसंद नहीं था। बांग्लादेश अब फिर कट्टरपंथ की राह पर है। खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान के चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा ने बांग्लादेश को एक प्रस्ताव भेजा है, जिसके मुताबिक जनरल शमशाद मिर्जा खुद बांग्लादेश की सेना के ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट इन्फेंट्री और टैक्टिस स्कूल, डिफेंस सर्विसेज कमांड स्कूल इत्यादि का दौरा करेंगे तथा वहां के स्टाफ कॉलेज में युवा अफसरों को संबोधित करेंगे। बांग्लादेश ने उनके इस प्रस्ताव को स्वीकार भी कर लिया है। पाकिस्तान के तत्कालीन शासक पूर्वी पाकिस्तान को एक गुलाम देश की तरह रखते थे, जिससे शेख मुजीब उर रहमान ने भारत की मदद से आजादी दिलवाई थी। लेकिन पाकिस्तान ने बांग्लादेश को दोबारा अपने चंगुल में लेने के लिए मुस्लिम कट्टरपंथियों का सहारा लिया। इसके लिए पाकिस्तानी सेना ने जमाते इस्लामी की इकाई इस्लामी छात्र को भड़काकर उग्र प्रदर्शन करवाए और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में शरण लेनी पड़ी। पाकिस्तान की इस हरकत में चीन ने उसे आर्थिक सहायता पहुंचाई, जिसके द्वारा जमाते इस्लामी अपना यह उग्र प्रदर्शन बांग्लादेश में चला रही थी। इस संगठन का उद्देश्य बांग्लादेश में भी अफगानिस्तान की तालिबान सरकार की तरह ही उग्रवादी सरकार स्थापित करना है। अब वह दिन दूर नहीं, जब पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश में भी मुस्लिम कट्टरपंथियों और उग्रवादियों के द्वारा चारों तरफ हिंसा का माहौल होगा और वह भी आर्थिक दृष्टि से पाकिस्तान की श्रेणी में पहुंच चुका होगा। पिछले कुछ समय से भारत और चीन के बीच में संबंधों को सुधारने की प्रक्रिया चल रही है। परंतु भारत को यह नहीं भूलना चाहिए कि चीन का धोखा देने का पुराना इतिहास रहा है। अभी पिछले काफी समय से चीन भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों में अपनी गतिविधि बढ़ाने के लिए भारत के सिलिगुड़ी कॉरिडोर पर कब्जा करना चाहता है और अपने इस मकसद को वह बांग्लादेश द्वारा पूरा करना चाहता है। इसलिए भारत को अब अपनी पूर्वी सीमाओं पर और भी ज्यादा चौकसी बरतने की जरूरत होगी। अब भारत को बांग्लादेश से इस प्रकार निपटना चाहिए, जिस प्रकार वह पाकिस्तान से निपट रहा है।

# सहकारिता : एक सतत और समावेशी वैश्विक भविष्य की कुंजी

हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) का वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024, सौ से अधिक देशों से आए वैश्विक नेताओं की एक सभा मात्र न होकर कहीं अधिक मायने रखता है; यह एक सतत एवं न्यायसंगत भविष्य को आकार देने में सहकारी समितियों के बढ़ते महत्व का प्रमाण है। सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 (आईवाईसी 2025) का शुभारंभ किया, जो एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है जिसका मूल उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को आगे बढ़ाने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यानाकर्षित कराना है। यह वर्ष वैश्विक, आर्थिक और सामाजिक विमर्श का वह महत्वपूर्ण अध्याय बन रहा है, जहाँ सहकारी समितियों को न केवल स्थानीय विकास के साधन बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में भी पहचान दी जा रही है।

### सहकारी मॉडल : आस्तित्व में समुदायिक पर वैश्विक बदलाव के लिए तैयार

सहकारी मॉडल के मूल में एक सरल लेकिन शक्तिशाली अवधारणा निहित है - परस्पर लाभ के लिए एक साथ काम करते लोग। सहकारिता सामूहिक स्वामित्व, साझा जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक निर्णय लेने पर जोर देती है। इन सिद्धांतों ने दुनिया भर में कृषि, स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सेवाओं से लेकर ऊर्जा उत्पादन तक उल्लेखनीय सफलताएँ दिलाई हैं। भारत में, सहकारी समितियाँ ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं । उदाहरण के लिए, अमूल ने न केवल भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना दिया है, बल्कि सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भरता और समृद्धि का प्रतीक भी बन गया है। अमूल जैसी डेयरियां उन सभी महिलाओं को सशक्त बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नेतृत्व वाले विकास का समर्थन करती हैं, जो महिलाएं व्यावसायिक दूध उत्पादक के लिए ऐसी समितियों से जुड़ी हुई हैं। अपने सहकारी मॉडल के माध्यम से ये सहकारी समितियाँ नेतृत्व की भूमिकाएँ, कौशल विकास और वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं, जिससे महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिलती है और अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका और मजबूत होती है।

### सहकारी मॉडल को बढ़ावा देने में भारत का नेतृत्व

भारत ने लंबे समय से आर्थिक परिवर्तन और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में सहकारी समितियों के मूल्य को पहचाना है। नई दिल्ली में आयोजित आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की उपस्थिति ने सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को उजागर किया है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के शुभारंभ के दौरान उनके संबोधन ने एक आत्मनिर्भर, समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सहकारिता की भूमिका को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण ने हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त बनाने की सहकारी क्षेत्र की क्षमता पर भी प्रकाश डाला, खासकर ग्रामीण भारत में, जहाँ सहकारी समितियाँ, कृषि और डेयरी फार्मिंग जैसे क्षेत्रों की रीढ़ बनी हुई हैं। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार ने सहकारी क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। सरकार द्वारा सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए लिए जा रहे कदम इस मान्यता को उजागर करते है कि सहकारी समितियाँ केवल अतीत की निशानी नहीं हैं, बल्कि समकालीन आर्थिक और सामाजिक विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं।



आज की बात



**मुरलीधर मोहोल**
केंद्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री

### सहकार से समृद्धि का विजन : भारत के सहकारी क्षेत्र का आधुनिकीकरण

प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन ने देश के सहकारी परिदृश्य को नया आयाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनके कुशल दिशानिर्देशों में, भारत एक आधुनिक सहकारी ढांचे की ओर बढ़ रहा है जो डिजिटल अर्थव्यवस्था की मांगों के अनुरूप है। सहकारी समितियों की पहुँच और प्रभावशीलता का विस्तार करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की प्रधानमंत्री और सहकारिता मंत्री की सोच तेजी से डिजिटल होती दुनिया में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। सहकारी समितियों का भविष्य, बदलते समय के साथ इनके विकसित होने, और दक्षता में सुधार के लिए आधुनिक उपकरणों को समाहित करने की उनकी क्षमता में निहित है।

### वैश्विक एजेंडा: सहकारिता और सतत विकास लक्ष्य

विश्व जब आर्थिक असमानता, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक अशांति से जूझ रहा है, तो सहकारिता, विकास के लिए एक वैकल्पिक मॉडल पेश करती है जोकि समावेशी, लोकतांत्रिक और लचीला है। सहकारी मॉडल का जोर एकजुटता, आपसी सहयोग और लोकतांत्रिक भागीदारी पर है, जो इसे प्रमुख वैश्विक समस्याओं को संबोधित करने के लिए अद्वितीय बनाता है। सहकारी समितियां वित्तीय लाभ से अधिक लोगों की प्राथमिकताओं पर जोर देती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आर्थिक गतिविधियों के लाभ और व्यापक रूप से वितरित हो सके, जिससे वंचित सशक्त बनें और सामाजिक अंतर को कम करने में मदद मिले। सहकारिता आंदोलन को सतत विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर भारत ने खुद को सतत और समावेशी विकास के लिए वैश्विक अधिवक्ता के रूप में स्थापित किया है। संक्षेप में, सहकारिता एक समावेशी और टिकाऊ वैश्विक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में एक अहम भूमिका निभाती है।

### आगे की राह : एक सहकारी भविष्य

सहकारिता केवल एक आर्थिक उपकरण नहीं हैं - वह सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और पर्यावरणीय स्थिरता प्राप्त करने का एक शक्तिशाली साधन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में 'सहकार से समृद्धि' के विजन से ही 140 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश को एक बेहतर भविष्य दिया जा सकता है । एक ऐसी दुनिया बनाई जा सकती है जहाँ विकास को साझा किया जाता है, जहां असमानताएँ न्यून होती हैं और जहां समुदाय सहकार से सशक्त होकर जनमानस समृद्ध होते हैं।

## अलग बात

# साइबर अपराध में बच्चों की भागीदारी एक सामाजिक चेतावनी

मेवात क्षेत्र में नाबालिग बच्चों का साइबर ठगी में उपयोग एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है। यह मुद्दा न केवल बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बना रहा है, बल्कि समाज के लिए भी चुनौती खड़ी कर रहा है। 13 से 16 वर्ष की आयु के बच्चे, जो शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जा सकते थे, अब अपराध की जटिल गलियों में भटकने लगे हैं। ठग गिरोह इन बच्चों की मासूमियत और तकनीकी कौशल को हथियार बनाकर उन्हें जटिल साइबर अपराधों में धकेल रहे हैं। ये गिरोह योजनाबद्ध तरीके से बच्चों को फर्जी सिम कार्ड का उपयोग, बारकोड हैकिंग और ऑनलाइन ठगी जैसे कार्यों में प्रशिक्षित कर रहे हैं। इन बच्चों को अक्सर दूरस्थ क्षेत्रों में ले जाकर अपराध के लिए तैयार किया जाता है, जहाँ उनकी मासूमियत का शोषण किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की कमी इस समस्या की जड़ है। इन इलाकों में न तो बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध है और न ही उन्हें यह सिखाने का कोई साधन है कि तकनीक का उपयोग सकारात्मक उद्देश्यों के लिए कैसे किया जा सकता है। शिक्षा के अभाव में बच्चे आसानी से अपराधी तत्वों के प्रभाव में आ जाते हैं। तकनीकी ज्ञान और सही दिशा-निर्देश की कमी उनके लिए एक बड़ा खतरा बन जाती है। ठग गिरोह इस स्थिति का लाभ उठाते हुए बच्चों को जल्दी धन कमाने के झूठे सपने दिखाते हैं। बच्चों की जिज्ञासा और नई चीजें सीखने की तीव्र क्षमता का दुरुपयोग कर, ये गिरोह उन्हें साइबर अपराधों में फंसा देते हैं। माता-पिता की भूमिका भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। व्यस्त जीवनशैली के कारण वे बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने में असमर्थ रहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कठिनाइयों के कारण माता-पिता का अधिकतर समय आजीविका अर्जित करने में व्यतीत होता है। इस स्थिति का फायदा उठाकर ठग गिरोह बच्चों को अपने जाल में फंसा लेते हैं। इन गिरोहों को यह भली-भांति पता होता है कि बच्चे नई तकनीकों को जल्दी सीखने और उपयोग करने में माहिर होते हैं। यही कारण है कि ये अपराधी गिरोह बच्चों को अपने उद्देश्यों के लिए प्रशिक्षित करने में सफलता पाते हैं। इस समस्या का समाधान केवल शिक्षा के माध्यम से नहीं किया जा सकता। इसके लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिकता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाना आवश्यक है। उन्हें यह समझाने की जरूरत है कि उनके कौशल और ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यों में किया जा सकता है। कोडिंग, वेब डिजाइनिंग, एप्लिकेशन विकास और सॉफ्टवेयर निर्माण जैसे कौशलों में बच्चों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। जब बच्चों को यह एहसास होगा कि उनकी प्रतिभा समाज के लिए उपयोगी हो सकती है, तो वे अपराध से दूर रहने के लिए प्रेरित होंगे। सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

## आपकी बात

# जब हम इस दुनिया में नहीं रहेंगे...



डॉ मयंक मुरारी

आज हम हैं, कल हम नहीं रहेंगे। इसलिए जो भी हम आज कर रहे हैं। इस बात को सदैव नजर में रखकर किया जाना चाहिए कि कल हम नहीं रहेंगे। जब हम दिसंबर 1989 में जीवन के सफर पर चलने की तैयारी कर रहे थे, तब मेरे बड़े पापा ने यह सीख दी थी। आज 35 साल बाद उनकी सीख हमारे जीवन कर्म को निर्देशित करता है। कल उनसे कुछ पलों की मुलाकात हुई। उन्होंने कहा- हम जब ना रहेब नु, त जहां भी रहिह, अईऽ जरूर (जब हम इस दुनिया में नहीं रहेंगे, तो तुम जरूर आना)। पहली बार लगा कि जिंदगी, जिंदगी का प्रेम, जिंदगी का लगाव और संबंध सब सपने हैं। काल हर एक चीज को अपने साथ ले जाता है, जो जीवन में जटिल होता है। समय के पथ पर कोई भविष्य और अतीत नहीं है। बस वर्तमान है। जीवन का व्याकरण उसको विभिन्न कालों में बांटता है। परंतु यह काल संबंध को सदैव अमर बना देता है। हमारे कुल का हर एक कोई उनके समक्ष आकार में लघु है। एक व्यक्ति जो महाभारत के भीष्म की तरह किसी अज्ञात से प्रतिज्ञाबद्ध होकर जीवन जीता चला जाए। ऐसे लोग काल की किसी भी धारा में सदैव ही अमरता का बोध देते रहते हैं। जीवन में कभी-कभी हमें इस यात्रा पर विचार करना चाहिए। बचपन में एक कविता पढ़ी थीं। बड़े पापा से बात करते हुए वह स्मरण हो आया- दृग देख जहां तक पाते हैं, तम का सागर लहराता है। फिर भी उस पार खड़ा कोई हम सबको खींच बुलाता है। मैं आज चला, कल-परसों सब, मंझधार न जाने क्या होगा? इस पार प्रिये तुम हो, मधु है, उस पार न जाने क्या होगा? जब हम नहीं जानते तो चिंता क्या करना है? योगानंद परमहंस अपने लेख 'परिवर्तनशील जगत में समभाव' में लिखते है- इस पृथ्वी पर रह रहे अधिकांश लोग सौ साल पहले यहां नहीं थे। हमसे पहले यहां और कोई थे। सौ साल बाद इस पृथ्वी पर कोई और, लोग रहेंगे। हमारे लिए सबकुछ समाप्त हो जायेगा। नई पीढ़ी हमारे बारे में सोचेगी भी नहीं। वे ये ही सोचेंगे कि यह संसार उन्हीं का है, जैसा हम सोचते हैं। परंतु एक-एक कर उन्हें भी यहां से जाना होगा। इस अस्तित्व में हमारा आकार एक बुलबुला की तरह है। विपरीत स्थिति में शांति और अच्छाई कइ प्रकृति व्यक्ति को बड़ा बनाता है और बड़े पापा को अच्छा बनाया। चीनी दार्शनिक लाओत्से को जब कुछ कहने के लिए मजबूर किया गया, तो उन्होंने कहा था कि सत्य कहा नहीं जा सकता...। इसे लिखना तो और भी बड़ा मजाक हो जायेगा। वह हिमालय आना चाहते थे, लेकिन सीमा पर सिपाही बिना टैक्स के जाने नहीं देना चाहता था। जब उनको कुछ कहने के लिए मजबूर किया तो लाओत्से ने कुछ सूत्र वाक्य कहें जो 'ताओ तेह किंग' किताब बना। इसमें वह कहते है कि सच्चा व्यक्ति महान नहीं बनना चाहता। बड़े पापा का जीवन भी ऐसा ही है। 75 साल से ज्यादा के सार्वजनिक जीवन में कई ऐसी कथाएं हैं, जो जीवन के मूल सत्य, मनुष्य का असली स्वभाव और जिंदगी में यायावरी के बीच रस और रंग से परिचय कराता है। जीवन के शुरूआती दौर में उन्होंने न केवल उसे देखा, बल्कि महसूस किया, जो सामान्य लोग नहीं देख सकते हैं। अपने किशोरावस्था में ही उन्होंने ज्ञान की गहराईयों को छू लिया, जहां पहुंचने के लिए सामान्य लोग को उम्र के दशकों लग जाते हैं। जीवन समस्याओं की एक कभी न खत्म होने वाली धारा है। जिसका सामना करना, उससे पार पाना और उसका समाधान करना होता है। शतायु के करीब होने के बाद भी उनका कर्ममय जीवन बताता है कि समस्याएं ही हैं जो हमें व्यस्त रखती हैं और हमारे जीवन को अर्थ देती हैं। आजादी के कालखंड में वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य बने, तब छपरा जैसे शहर में संघ का नाम भी नहीं था। बाद में थियोसोफिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के सदस्य के रूप में आत्माओं के रहस्यात्मक दुनिया का अन्वेषण किया। इसके शिखर पर रहकर एक दिन परिवार के लिए वह सब छोड़ दिया। जीवन जीने की सबसे बड़ी कला अच्छे जीवन की तलाश है, तो अच्छा जीवन क्या है ? अच्छे और अच्छे तरीके से जब हम दैनिक जीवन को जीते हैं तो हम सच्चे बनते हैं। ऐसा जीवन जो जीने में अच्छा लगता है, जो सार्थक लगता हैं। यह उन लक्ष्यों की ओर बढ़ता है जिन्हें कोई वास्तव में मूल्यवान मानता है, और जो व्यक्ति के अपने जीवन के आसपास के लोगों पर भी अच्छा प्रभाव डालता है। अच्छा जीवन में आंतरिक और बाहरी दृष्टिकोण होता है। आंतरिक दृष्टिकोण में जीना वास्तव में सार्थक लगता है और बाहरी दृष्टिकोण यह है कि इसके आसपास के लोगों पर इसका प्रभाव रचनात्मक होता है। बड़े पापा के जीवन में पचास के दशक से आज तक समस्याओं की कमी नहीं रही। छह भाई और दो बहनों के बीच सबसे समझदार और दुनियादारी का ज्ञान रखने वाला व्यक्ति। अपने भाई-बहन के जीवन संवारने से लेकर अगले तीन पीढ़ियों तक दधीचि की तरह कष्ट उठाए। परिवार और परिवार के बाहर समाज के लिए सदैव चिंतित रहना उनका स्वभाव रहा। साठ के दशक में संयुक्त परिवार के लिए अपना पूरा वेतन देना हो और अपने परिवार के खर्च चलाने के लिए टियूशन पढ़ाने की बात हो। आज शायद ही कोई इस आज्ञाकारिता पर विश्वास करे। आज भी आप जब बात कीजिए एक आशावाद दिखेगा। परिवार के प्रति आस्था तो समाज की सकारात्मकता का विश्वास। इन दोनों आयाम के बीच देश के लिए कुछ कर गुजरने के सवाल पर सदैव आग रहना उनकी मनोवृत्ति रहीं। उनके जीवन में सदैव ही अच्छे जीवन, सद्गुणों और अच्छे कर्मों के बीच अंतर दिखेगा। वह जीवन के हरेक निर्णायक पड़ाव में जब कर्तव्य और आनंद की बात आयीं, वे हरक्यूलिस की तरह आनंद के बजाए कर्तव्य का चुनाव करते रहे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**विक्रम झूठ न बोलना, क्यों है ऐसा हाल?**
**उत्तर जिनसे चाहिए, करते वही सवाल।।**
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## देश की बात

# राजनैतिक पूंजी गंवा चुकी 'आआपा' के समक्ष किला बचाने की चुनौती



विकास सक्सेना




दिल्ली की सत्ता पर पिछले दस साल से काबिज आम आदमी पार्टी को इस बार के विधानसभा चुनाव में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अण्णा हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के गर्भ से जन्मे इस राजनैतिक दल के नेता खुद भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। जिस राजनैतिक जमा पूंजी के साथ इस राजनैतिक दल का गठन किया गया था, बीते एक दशक में ही उसके नेताओं ने इसे पूरी तरह गंवा दिया है। पार्टी की स्थापना के समय जो उच्च नैतिक मानदंड और आदर्श स्थापित किया गए थे वे दूर-दूर तक पार्टी नेताओं के व्यवहार में नजर नहीं आ रहे हैं। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल विपक्ष के साथ- साथ अपने पूर्व सहयोगियों के भी निशाने पर हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान अण्णा हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन शुरू हुआ। उस समय टू जी स्पेक्ट्रम, कामनवेल्थ गेम्स, आदर्श हाउसिंग सोसाइटी और कोयला घोटाले जैसे लाखों करोड़ रुपये के घपलों के समाचार लगातार मीडिया की सुर्खियां बन रहे थे। तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार के दौरान हुए घोटालों के खिलाफ सीएजी की रिपोर्ट और न्यायालय के आदेशों से लोगों को लगने लगा था कि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग या तो खुद भ्रष्टाचार में लिप्त या भ्रष्टाचारियों को उनका संरक्षण प्राप्त है। लगातार दूसरी बार देश की सत्ता पर काबिज होने से कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का दंभ चरम पर था। भ्रष्टाचार से जुड़े हर सवाल के जवाब में वे एक ही बात कहते नजर आते थे कि 2009 के आम चुनाव में दूसरी बार सत्ता सौंप कर देश की जनता ने उन्हें क्लीन चिट दे दी है। ऐसे में समाजसेवी अण्णा हजारे के नेतृत्व में इण्डिया अगेंस्ट करप्शन के बैनर तले दिल्ली के जन्तर-मन्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन शुरू किया गया। इस आंदोलन की सिर्फ एक मांग थी कि देश में जनलोकपाल बनाया जाए। असीम शक्तियों से सम्पन्न यह जनलोकपाल देश से भ्रष्टाचार को खत्म कर देगा। इसी समय योग गुरू बाबा रामदेव ने भी विदेशों में जमा काले धन को वापस लाने की मांग को लेकर दिल्ली में आंदोलन शुरू किया। जिसे सरकार ने निर्माता पूर्वक कुचल दिया। देश की जनता राजनेताओं, बड़े कॉरपोरेट घरानों और नौकरशाही की दुरूभि संधि से दिनों-दिन बढ़ते भ्रष्टाचार को अपने दैनिक जीवन में महसूस कर रही थी। जनलोकपाल का जो खाका अण्णा हजारे के आंदोलन के समय पेश किया गया उसे देख कर लोगों ने महसूस किया कि इससे भ्रष्टाचार की समस्या पर काफी हद तक काबू किया जा सकेगा। लेकिन सत्ताधारी कांग्रेस के नेताओं ने जनलोकपाल बनाने की मांग का उपहास करते हुए आंदोलन से जुड़े नेताओं को खुद राजनीति में आकर इस तरह का कानून बनाने की चुनौती दी। अण्णा आंदोलन को देशभर में मिले व्यापक जनसमर्थन और तत्कालीन सत्ताधारी दल कांग्रेस के विरुद्ध तैयार हो रहे जनमत से उत्साहित आंदोलन से जुड़े कुछ नेताओं ने राजनैतिक क्षेत्र में व्याप्त गंदगी को साफ करने के लिए लिए स्वयं इस दलदल में उतरने की योजना बनाई। हालांकि अण्णा हजारे इस आंदोलन से जुड़े लोगों के राजनीति में उतरने के विचार से सहमत नहीं थे। वैकल्पिक राजनीति के नए विचार के साथ अरविन्द केजरीवाल, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, कुमार विश्वास, शाजिया इल्मी आदि ने एक नया राजनैतिक दल बनाने की योजना तैयार की और इसे नाम दिया गया- आम आदमी पार्टी। इस राजनैतिक दल की औपचारिक घोषणा के लिए दिन चुना गया 26 नवम्बर 2012 का ताकि देश की जनता को भारत के संविधान के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता का सीधा संदेश दिया जा सके। संविधान सभा ने 26 नवम्बर 1949 को ही देश के संविधान को स्वीकृति प्रदान की थी। इसी समय पार्टी की विचारधारा को स्पष्ट करते हुए अरविन्द केजरीवाल ने कहा था ह्यहम आम आदमी हैं। अगर वामपंथी विचारधारा में हमारे समाधान मिल जायें तो हम वहां से विचार उधार ले लेंगे और अगर दक्षिणपंथी विचारधारा में हमारे समाधान मिल जायें तो हम वहां से भी विचार उधार लेने में खुश हैं। आम आदमी पार्टी की स्थापना के समय सबसे ज्यादा जोर देते हुए कहा गया कि अब तक देश की सत्ता पर काबिज रहे राजनैतिक दलों में तमाम प्रकार के दुर्गुण आ गए हैं। नया दल इन दुगुणों से मुक्त रहकर नए प्रकार से राजनीति करते हुए देश को वैकल्पिक राजनीति का मॉडल देगा। उस समय ऐलान किया गया कि इस दल में 'हाई कमान कल्चर' नहीं होगा, सभी निर्णय सामूहिक तौर पर लिए जाएंगे। पार्टी नेताओं को भ्रष्ट आचरण से दूर रखने के लिए पार्टी का अपना लोकपाल होगा जो सभी नेताओं की निगरानी करेगा। बड़े-बड़े आदर्शों के साथ शुरू हुई आम आदमी पार्टी ने चंद महीनों के भीतर खुद को पारंपरिक राजनीति के अनुरूप ढालना शुरू कर दिया। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# श्रद्धालुओं को मिल रहा स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन

**एजेंसी। महाकुम्भ नगर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में महाकुम्भ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार ने विशेष इंतजाम किए हैं। पूरे मेला क्षेत्र को 5 जोन और 25 सेक्टरों में बांटकर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। प्रत्येक सेक्टर में फूड सेफ्टी ऑफिसर तैनात हैं, जो परोसे जाने वाले खाद्य पदार्थों की नियमित जांच कर रहे हैं। सेक्टर 24 में संकट मोचन मार्ग पर स्थित ऑफिस से फूड सेफ्टी की सभी व्यवस्थाओं का संचालन किया जा रहा है। वहीं से खाद्य पदार्थों की निगरानी और टीमों की मॉनिटरिंग की जा रही है। सहायक खाद्य आयुक्त ग्रेट 2 सुशील कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं को खराब या मिलावटी भोजन से बचाने के लिए फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स का उपयोग किया जा रहा है। ये मोबाइल लैब्स मेला क्षेत्र में भोजन और पेय पदार्थों की ऑन-द-स्पॉट जांच कर रही हैं।




**होटलों और ढाबों पर कड़ी निगरानी**

होटलों, ढाबों और छोटे खाद्य स्टॉल्स पर बन रहे भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित जांच हो रही है। शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# नेपाल पुलिस ने जब्त की 3 लाख से अधिक की प्रतिबंधित दवाएं

**एजेंसी। अररिया**



बिहार में नेपाल की सीम से सटे जोगबनी के मटियरवा बॉर्डर होकर नेपाल तस्करी कर ले जाए जा रहे तीन लाख से अधिक मूल्य के नेपाल में प्रतिबंधित दवाओं को नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने बुधवार को जब्त किया। तस्कर चीनी के बोरे में छिपाकर तस्करी कर मटियरवा बॉर्डर से नोमैंस लैंड एरिया पहुंचा ही था कि नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने चीनी के बोरे में छिपाकर रखे प्रतिबंधित दवाओं को जब्त कर लिया। जबकि मौके से तस्कर भागने में कामयाब रहे। यह कार्रवाई प्रस्तावित सीमा सुरक्षा गुल्म रानी की टीम के द्वारा की गई।नेपाल में प्रतिबंधित जब्त दवा की कीमत तीन लाख से अधिक भारतीय करेंसी में बताई जाती है। नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के प्रस्तावित सीमा सुरक्षा गुल्म रानी के प्रमुख डीएसपी ऋषिकेश राउत के अनुसार नेपाल भारत सीमा मे तस्करों के द्वारा चीनी के बोरा के अंदर घरेलू कार्य मे प्रयोग होने वाले खाद्यान्न सामग्री के तरह पेकिंग कर भारत सीमा से नेपाल सीमा मे प्रवेश कर रहा था। पुलिस की चेकिंग देख तस्कर नोमैंस लैंड एरिया में साईकल छोड़ भारत के तरफ फरार होने मे कामयाब रहा।बरामद दवा बोन कार्ट नामक है,जो नेपाल मे प्राणघातक की सूची मे रख कर प्रतिबंधित किया हुआ है।बरामद दवा 2 हजार पत्ता मे कुल 30 हजार टैबलेट बताया गया है। डीएसपी ऋषिकेश राउत के अनुसार यह दवा कौन किस परियोजना के लिए मंगवा रहा था,इसकी अनुसंधान नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के द्वारा की जा रही है।

# कांग्रेस का 5 मंजिला नया मुख्यालय है 9ए, कोटला रोड पर

**● ग्राउंड फ्लोर पर है पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के नाम वाली लाइब्रेरी**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नए राष्ट्रीय दफ्तर 'इंदिरा भवन' का उद्घाटन बुधवार को हो गया। इसका पता है 9ए, कोटला रोड। यह आईटीओ के पास है। मालूम हो कि बीते 47 वर्ष से कांग्रेस का मुख्यालय 24, अकबर रोड रहा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका सहित तमाम बड़े नेताओं की मौजूदगी में नए मुख्यालय का उद्घाटन किया गया। इसका नाम इंदिरा भवन रखा गया है। कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं के लिए यह बहुत बड़ा मौका है, जब पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी में अपना नया मुख्यालय खोला है। इसलिए इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए देश भर से पार्टी के नेता दिल्ली पहुंचे। कार्यक्रम में कांग्रेस वर्किंग कमेटी, कांग्रेस के विशेष व स्थायी आमंत्रित सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारी, एआईसीसी के पदाधिकारी, पार्टी के सभी सांसद, पूर्व सांसद, मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्रियों सहित संगठनों से जुड़े तमाम पदाधिकारी शामिल रहे। कांग्रेस का यह नया दफ्तर पार्टी की जरूरतों को देखते हुए तैयार किया गया है। इसमें तमाम तरह की आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। रही बात 24, अकबर रोड के पुराने दफ्तर की, तो इससे कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं की ढेर सारी यादें जुड़ी हैं। इस दफ्तर से ही इंदिरा गांधी ने देश की सत्ता में वापसी की। इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी की मौत, इंदिरा गांधी की हत्या, राजीव गांधी का कम उम्र में प्रधानमंत्री का पद संभालना और उनकी हत्या, सोनिया गांधी का कांग्रेस अध्यक्ष बनना, कांग्रेस का कई सालों तक केंद्र में गठबंधन की सरकार चलाना और फिर पिछले 11 सालों से सत्ता से बाहर होना, ऐसे तमाम उतार-चढ़ावों का गवाह कांग्रेस का यह पुराना दफ्तर रहा है। यह दफ्तर कांग्रेस को आपातकाल के बाद मिला था। उस समय इंदिरा गांधी के पास केवल गिने-चुने नेता बचे थे और कांग्रेस टूट चुकी थी। इंदिरा गांधी ने कांग्रेस में अपने धड़े को अकबर रोड पर स्थित एक सरकारी आवास - टाइप 7 बंगले में शुरू किया था। इस 24, अकबर रोड का इतिहास लगभग 100 साल पुराना है। आजादी से पहले वायसराय लॉर्ड लिनलिथगो की कार्यकारी परिषद के सदस्य सर रेजिनाल्ड मैक्सवेल यहीं रहते थे। वर्ष 1960 के दशक में इस बंगले में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता आंग सान सू भी अपने बचपन के दिनों में रही थीं। ऐसा इसलिए, क्योंकि वर्ष 1961 में उनकी मां को भारत में राजदूत नियुक्त किया गया था।

पत्रकार रशीद किदवई ने अपनी किताब में लिखा है कि जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे, तो उन्होंने पार्टी मुख्यालय को डॉ राजेंद्र प्रसाद रोड स्थित एक मॉडर्न दफ्तर में ट्रांसफर करने की इच्छा व्यक्त की थी। लेकिन, 1991 में उनकी मौत के बाद ऐसा नहीं हो पाया। इसके बाद के सालों में जरूरतों के हिसाब से 24, अकबर रोड में कई जरूरी निर्माण किए गए। जहां तक नए मुख्यालय की बात है तो कांग्रेस नेताओं के मुताबिक - 9ए, कोटला मार्ग पर यह दफ्तर दो एकड़ जमीन पर बना है। इंदिरा भवन के निर्माण का कार्य 1 दिसंबर 2016 से शुरू हुआ जो 15 जनवरी 2025 को पूरा हुआ है। कांग्रेस का नया हेडक्वार्टर एक 'ग्रीन बिल्डिंग' बताया जा रहा है, जो कि पर्यावरण के अनुकूल है। इस पांच मंजिला इमारत की दीवारों पर आजादी के संघर्ष से लेकर वर्तमान समय तक पूरे 140 साल का इतिहास छपा हुआ है। कार्यालय में प्रवेश करते ही आपको सबसे पहले कांग्रेस के पहले अध्यक्ष व्योमकेश चंद्र बनर्जी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की तस्वीर दिखेगी। इसके बाद हर मंजिल पर महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार पटेल, सुभाष चंद्र बोस, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, नरसिम्हा राव, सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह जैसे बड़े नेताओं के योगदान की तस्वीरें व इतिहास की जानकारी लिखी मिलेगी। इस बिल्डिंग का निर्माण एलएंडटी व हाफिज कांट्रैक्टर ने मिल कर किया है। इस बिल्डिंग को डिजाइन करने में प्रियंका गांधी ने बड़ी भूमिका निभाई है। बिल्डिंग की सबसे ऊपरी मंजिल पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का ऑफिस है। चौथी मंजिल पर कांग्रेस महासचिवों के कार्यालय बनाए गए हैं। इसके अलावा, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और महिला कांग्रेस जैसे पार्टी के प्रमुख संगठनों के प्रमुखों के लिए इसी मंजिल पर कमरे बने हैं। तीसरी मंजिल पर किसी का कार्यालय नहीं है, बल्कि एक 'ओपन ऑफिस' बनाया गया है, जहां सचिव व प्रभारी बैठेंगे। दूसरी मंजिल पर पार्टी के कई अन्य विभागों व सेल के लिए जगह बनाई गई है और पहली मंजिल पर ऑडिटोरियम है। खास बात है कि कांग्रेस के नए हेडक्वार्टर के ग्राउंड फ्लोर पर एक लाइब्रेरी बनाई गई है, जिसका नाम दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नाम पर रखा गया है। इसी फ्लोर पर ब्रीफिंग रूम व कैफेटेरिया भी है। इससे पहले 24, अकबर रोड पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के समय से कांग्रेस का कार्यालय रहा। इसमें मीडिया को केवल ग्राउंड फ्लोर तक ही जाने की अनुमति होगी। इस व्यवस्था को भाजपा ने अपने नए मुख्यालय में लागू किया है। शायद उसी को देख कांग्रेस ने भी लागू किया है।

## 252 करोड़ की लागत से बना कांग्रेस का पांच मंजिला मुख्यालय

# 'स्कूल आफ डेमोक्रेसी' है कांग्रेस मुख्यालय : मल्लिकार्जुन खरगे

**243 तस्वीरों में है 140 साल का इतिहास**

**एजेंसी। नई दिल्ली**




● सोनिया गांधी ने पार्टी के नए राष्ट्रीय मुख्यालय का किया उद्घाटन

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को नई दिल्ली में 9ए, कोटला रोड स्थित पार्टी के नए मुख्यालय (इंदिरा गांधी भवन) का फीता काटकर उद्घाटन किया। इससे पहले पार्टी का ध्वजारोहण किया गया और झंडा गीत तथा राष्ट्र गान हुआ। इस अवसर पर सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर मल्लिकार्जुन खरगे ने उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कांग्रेस के लिए ऐतिहासिक क्षण है। पिछले 47 वर्षों से कांग्रेस का मुख्यालय 24, अकबर रोड में रहा है। आज मुख्यालय का उद्घाटन हमारी पार्टी के इतिहास में एक मील का पत्थर है। इंदिरा गांधी भवन के नाम से पार्टी का स्थायी दफ्तर बनना हम सबके लिए गर्व की बात है। यह भवन उसी इलाके में बना है, जहां हमारे महान नायकों ने सोचा था। 31 दिसंबर 1952 को पं. जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में सीडब्ल्यूसी की मीटिंग में यह तय हुआ था। उस दिन की आवाज थी कि इसी क्षेत्र में कांग्रेस मुख्यालय बने। नेहरू की उस ख्वाहिश को आज सोनिया गांधी ने पूरा किया। इसकी आधारशिला 28 दिसंबर 2009 को कांग्रेस के 125वें स्थापना दिवस पर सोनिया गांधी की देखरेख में रखी गई थी। इसलिए हमने उनसे उद्घाटन करने के लिए भी अनुरोध किया।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आजादी की लड़ाई के सबसे कठिन दौर 1920 से 1947 तक कांग्रेस का मुख्यालय इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में स्वराज भवन में था, जहां इंदिरा गांधी का जन्म हुआ था। इसीलिए इस नए मुख्यालय का नाम इंदिरा भवन रखा गया है। कांग्रेस मुख्यालय पहले जंतर मंतर फिर राजेंद्र प्रसाद रोड और 1978 से 24 अकबर रोड पर है। कांग्रेस मुख्यालय ईंट और पत्थरों की इमारत नहीं, बल्कि यह विचारों का केंद्र रहा है। यह देश के लिए 'स्कूल आफ डेमोक्रेसी' है। पहले कांग्रेस मुख्यालय से आजादी की लड़ाई लड़ी गई, फिर राष्ट्र निर्माण का कार्य हुआ, जिसके लिए महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जैसे कई लोगों ने शहादत दी। खरगे ने कहा कि इस साल देश के संविधान के 75 साल और गांधी जी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100 साल पूरे हो रहे हैं। अपने विचारों की ताकत पर कांग्रेस कायम है। दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी, सरोजिनी नायूड, सरदार पटेल, पंडित नेहरू, मौलाना आजाद, सुभाष चंद्र बोस और राजेंद्र प्रसाद आदि हमारी विरासत हैं। नेहरू की अगुवाई में किए गए प्रयासों से ही देश सबसे बड़ा लोकतंत्र बना। अंबेडकर ने दुनिया का सबसे बेहतरीन संविधान दिया। लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान जय किसान' की थ्योरी दी। उन्होंने इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्वकाल के तमाम सुधारवादी कार्यक्रमों और 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध का जिक्र कर कहा कि देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम पर बना यह नया कांग्रेस मुख्यालय मातृशक्ति का प्रतीक है। उन्होंने संघ और भाजपा पर देश के इतिहास से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देशवासियों और कांग्रेसजनों को देश का इतिहास याद रखना चाहिए। इस अवसर पर एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी, अजय माकन, कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और सांसद, विधायक तथा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राहुल के 'इंडियन स्टेट' बयान को भाजपा ने देश तोड़ने वाला कहा

**नई दिल्ली।** इंडियन स्टेट को लेकर दिए गए बयान को लेकर कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी घिरते दिखाई दे रहे है। भाजपा इस बयान को लेकर हमलावर है। बुधवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी का बयान देश को तोड़ने वाला है। ज्ञात हो कि राहुल गांधी ने कांग्रेस के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए बुधवार को भाजपा और आरएसएस को घेरते हुए 'इंडियन स्टेट' को लेकर विवादास्पद टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई भाजपा और आरएसएस से ही नहीं, इंडियन स्टेट से भी है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अब कांग्रेस की घिनौनी सच्चाई उनके अपने नेता द्वारा उजागर हो गई है। राहुल गांधी की इस बात के लिए सराहना करता हूं कि उन्होंने वह बात साफ-साफ कही है, जो देश जानता है कि वे भारतीय राज्य से लड़ रहे हैं। यह कोई रहस्य नहीं है कि राहुल गांधी और उनके तंत्र का शहरी नक्सलियों और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध है, जो भारत को बदनाम, अपमानित करना चाहते हैं।

## साधारण भवन नहीं है नया मुख्यालय : राहुल

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि नया मुख्यालय कोई साधारण भवन नहीं है, बल्कि यह देश की मिट्टी से निकला है। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते हैं कि भारत को 1947 में स्वतंत्रता नहीं मिली, यह हर एक भारतीय का अपमान है। अब समय आ गया है कि हम इस बकवास को सुनना बंद कर दें, क्योंकि ये लोग सोचते हैं कि वे बस रटते रहेंगे और चिल्लाते रहेंगे।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# परिवार की पसंद के लड़के से शादी करने से इनकार पर युवती की हत्या

**एजेंसी। ग्वालियर**

मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर में 20 वर्षीय एक युवती की उसके पिता और चचेरे भाई ने इसलिए कथित तौर पर हत्या कर दी क्योंकि उसने परिवार द्वारा चुने गए व्यक्ति से शादी करने से इनकार कर दिया था। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। शहर पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र सिंह सिकरवार ने बताया कि घटना मंगलवार रात गोला का मंदिर इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि पीड़िता तनु गुर्जर की 18 जनवरी को शादी होनी थी, लेकिन वह अपने परिवार द्वारा चुने गए व्यक्ति से शादी करने के लिए तैयार नहीं थी। अधिकारी ने बताया कि उसकी अपने पिता से तीखी बहस हुई, जिसके बाद पिता ने कथित तौर पर उसे गोली मार दी। तनु के चचेरे भाई राहुल ने भी पिस्तौल से उसे गोली मार दी। सीएसपी ने बताया कि राहुल भाग गया, जबकि मृतका का पिता महेश सिंह गुर्जर (45) मौके पर ही हथियार लहराता रहा। सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम घर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि महिला को चार गोलियां लगी हैं।

## स्टीव जॉब्स ने अपने मित्र को वर्ष 1974 में लिखे पत्र में कहा था

# मैं भारत के कुंभ मेले में जाना चाहता हूं

**● जेन, बुद्धिज्म व अध्यात्म के बारे में जानना चाह रहे थे स्टीव**

**● 51 साल पुराना पत्र वर्ष 2021 में 4.32 करोड़ में हुआ था नीलाम**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत के धार्मिक रहस्य-रोमांच वाले तीर्थों, त्योहारों, साधुओं, संन्यासियों, कुंभ, महाकुंभ को जानने की जिज्ञासा न केवल भारत, बल्कि विश्व के तमाम चिंतकों, वैज्ञानिकों, खोजी प्रवृत्ति के लोगों व अति जिज्ञासुओं को रही है, आज भी है। फिलहाल, ऐसे लोगों के लिए महाअवसर के तौर पर प्रयागराज में महाकुंभ शुरू हो गया है। इस वर्ष महाकुंभ में एप्पल के को-फाउंडर स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल जॉब्स भी आई हुई हैं और कल्पवास कर रही हैं। वह खबरों में भी बनी हुई हैं। इसके चलते उनके पति स्वर्गीय स्टीव जॉब्स कुंभ को लेकर अपने एक मित्र को लिखे एक पुराने पत्र के कारण फिर चर्चा में आ गए हैं। स्टीव जॉब्स ने यह पत्र 1974 में अपने दोस्त टिम ब्राउन को लिखी थी, जिसमें कुंभ मेले में आध्यात्मिक आकर्षण को अनुभव करने की इच्छा जताई थी। मालूम हो कि स्टीव जॉब्स का यह पत्र वर्ष 2021 में 4.32 करोड़ रुपए में नीलाम हुआ था। अब कुंभ मेला शुरू होने पर यह खत एक बार फिर सुर्खियों में है। वर्ष 1974 में इस पत्र को स्टीव ने उस समय लिखा था, जब वह जेन, बुद्धिज्म व अध्यात्म के बारे में जानने-समझने की कोशिश कर रहे थे। इसी वर्ष स्टीव जॉब्स भारत भी आए थे और उत्तराखंड में कैंची धाम में नीम करोली बाबा के आश्रम भी गए थे। जबकि, उनको पता था कि एक साल पहले 1973 में ही नीम करोली बाबा का निधन हो गया था। स्टीव जॉब्स कैंची धाम में रुके और नीम करोली बाबा की कही बातों को जानकर उससे उन्होंने प्रेरणा ली। लोग कहते हैं कि इस यात्रा ने स्टीव जॉब्स के जीवन को बदलकर रख दिया, जिसका उनके निजी व व्यावसायिक जीवन पर बड़ा असर पड़ा। हालांकि, स्टीव जॉब्स कभी कुंभ नहीं आ सके, लेकिन अब उनकी पत्नी ने विगत 13 जनवरी को प्रयागराज में लगे महाकुंभ मेले में पहुंचकर शायद उनके इस सपने को पूरा किया है या उनके जिज्ञासा को जीने-समझने की कोशिश कर रही हैं। लॉरेन कुंभ में निरंजनी अखाड़े में रह रही हैं और स्वामी कैलाशानंद गिरी ने उन्हें हिंदू नाम 'कमला' दिया है। सफेद कपड़ों और गेरुआ शॉल लपेटे लॉरेन ने आरती, ध्यान, क्रिया योग व प्राणायाम में हिस्सा लिया। लेकिन, मकर संक्रांति को शाही स्नान वाले दिन ज्यादा भीड़ होने की वजह से उन्हें एलर्जी हो गई।

## टिम को लिखा गया स्टीव जॉब्स का पत्र



**टिम,** मैंने तुम्हारा खत कई बार पढ़ा है। मैं क्या कहूं, मैं नहीं जानता। बहुत सारी सुबहें हुईं और चली गई हैं, लोग आए और चले गए। मैंने बहुत बार प्यार किया और कई बार मैं रोया हूं। हालांकि, किसी भी तरह, इन सबसे परे एक बात है, जो बदलती नहीं है - क्या आप समझते हैं? फिलहाल मैं लॉस गेटोस और सैंटा क्रूज के बीच पहाड़ों में बने एक फार्म हाउस में रह रहा हूं। मैं भारत में अप्रैल में लगने वाले कुंभ मेले में जाना चाहता हूं। मैं मार्च में किसी वक्त निकल जाऊंगा, लेकिन अभी तक कुछ निश्चित नहीं है। अगर तुम चाहो, और तुम्हारे पहुंचने तक मैं अभी भी यहां हूं, हम यहां पहाड़ों में साथ रह सकते हैं और तुम मुझे अपने विचारों और अहसासों के बारे में बता सकते हो, जो मैं तुम्हारे खत से पूरी तरह नहीं समझ सका। यहां दूसरे कमरे में आग जल रही है और मुझे ठंड लग रही है। मैं यह कहकर बात खत्म करना चाहूंगा कि मुझे नहीं पता कि शुरुआत कहां से करूं।

**शांति स्टीव जॉब्स**

# केजरीवाल समेत कई नेताओं ने दाखिल किए नामांकन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल और भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रवेश वर्मा समेत कई नेताओं ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। केजरीवाल और प्रवेश वर्मा ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से नामांकन किया। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने नामांकन से पूर्व पदयात्रा की। केजरीवाल नामांकन से पूर्व महर्षि वाल्मीकि मंदिर और प्राचीन हनुमान मंदिर गए और ईश्वर का आशीर्वाद लिया। वह अपने परिवार के साथ यहां दर्शन के लिए पहुंचे थे। नामांकन से पूर्व केजरीवाल ने कहा कि वे दिल्ली की ढाई करोड़ जनता से उन्हें आशीर्वाद देने की अपील करते हैं। उनकी फिर से सरकार बनने पर दिल्ली के स्कूल, अस्पताल, बिजली और महिलाओं को सम्मान राशि देने का काम होगा। आआपा नेता संदीप पाठक ने कहा कि केजरीवाल ने नई दिल्ली विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल किया है। हम माताओं-बहनों को लेकर पहले भी काम करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। भाजपा के लोग आम आदमी पार्टी और हमारे नेताओं के ख़िलाफ़ कितनी भी साज़िश रच लें लेकिन दिल्ली की जनता फिर से केजरीवाल को चुनने वाली है। भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने भी नामांकन के पूर्व मार्च निकाला। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि केजरीवाल की जमानत जब्त हो। उन्होंने यहां के गरीब लोगों को धोखा दिया है और झुग्गीवासियों के लिए कुछ नहीं किया है।

## अंपायरों के बीच बोलिंग काउंटर का वितरण



**रांची।** सीनियर स्टेट पैनल अंपायर अजय कुकरेती ने रांची जिला क्रिकेट संघ के सभी जूनियर अंपायर्स को बोलिंग काउंटर का वितरण किया। इससे पहले उन्होंने अंपायर सेमिनार में सभी अंपायर्स को एक अच्छे अंपायर्स को किन किन बातों पर ध्यान देने की जरूरत है उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## यूथ मंथन 8 विकेट से जीता



**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर ग्राउंड में खलारी सीए बनाम यूथ मंथन के बीच खेला गया। खलारी सीए टीम ने 23.5 ओवर में 10 विकेट पर 130 रन बनाया। सुरेश ने 27 व राम ने 22 रन बनाया। तौहीद ने पांच विकेट लेकर 25 रन व वैभव ने तीन विकेट लेकर 19 रन दिया। यूथ मंथन ने 17.4 ओवर में दो विकेट पर 131 रन बनाया। तौहीद ने 89 व अमन ने 14 रन बनाया। सुमित ने एक विकेट लेकर 14 रन व युवराज ने एक विकेट लेकर 21 रन दिया। यूथ मंथन 8 विकेट से जीता।

## पेस सी ने 7 विकेट से जीत दर्ज की



**रांची।** सरला देवी बिरला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू ग्राउंड में आरसीए ऑरेंज बनाम पेस सीए के बीच 30 ओवर का खेल हुआ। आरसीए ऑरेंज ने 29.3 ओवर में 10 विकेट पर 117 रन बनाया। हर्ष थापा ने 23 रन, शौर्य ने 22 रन व आरिफ अली ने 21 रन बनाया। देवद्रिश ने 16 रन रन देकर 3 विकेट, आयुष्मान ने 28 रन देकर 2 विकेट, विवान जैन ने 15 रन देकर 2 विकेट, अजितेश ने 6 रन देकर 1 विकेट व पृथ्वी ने 29 रन देकर 1 विकेट लिया। पेस सीए ने 20.1 ओवर में तीन विकेट पर 118 रन बनाया। पृथ्वी ने 63 व नमन ने 14 रन बनाया। हर्ष थापा ने 23 रन देकर 1 विकेट लिया। पेस सी. ने 7 विकेट से जीत दर्ज की।

## झारखंड ज्योति व जूनियर तरुण के बीच मैच हुआ टाई





**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट प्रभाततारा ग्राउंड में झारखंड ज्योति बनाम जूनियर तरुण संगम के बीच खेला गया। झारखंड ज्योति ने 14.5 ओवर में 10 विकेट पर 87 रन बनाया। गेंदबाज में प्रिंस ने पांच विकेट लेकर 30 रन, सूरज राणा ने तीन विकेट लेकर 16 दिया। जूनियर तरुण संगम ने 22.5 ओवर में 10 ओवर में 87 रन बनाया। कौशल ने सर्वाधिक 23 रन बनाया। गेंदबाज करते हुए रपसन अंसारी ने पांच विकेट लेकर 17 रन व रितेश ने चार विकेट लेकर 29 रन दिया। दोनों के बीच मैच टाई हो गया।

## सोनेट नामकुम ने 48 रनों से जीत दर्ज की

**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ओटीसी ग्राउंड में सोनेट नामकुम बनाम जेएसए के बीच खेला गया। सोनेट नामकुम ने 32.4 ओवर में 10 विकेट प 168 रन बनाया। वहीं शुभम गुप्ता ने 59 रन, कुणाल कुमार ने 49 रन व अभिनंदन कुमार ने 20 रन बनाया। बलराम कुमार ने तीन विकेट लेकर 23 रन, श्याम प्रसाद ने तीन विकेट लेकर 28 रन व रणजीत कुमार सिंह ने दो विकेट लेकर 31 रन दिया। जेएसए ने 28.1 ओवर में 10 विकेट पर 120 रन बनाया। संजीत कुमार ने 19 रन, अमित कुमार ने 19 रन व बलराम मुंडा ने 18 रन बनाया। मुन्ना सेठ ने चार विकेट लेकर 36 रन, दिलखुश कुमार ने दो विकेट लेकर 15 रन व धीरज कुमार ने दो विकेट लेकर 24 रन दिया।

# भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास

# एकदिवसीय क्रिकेट में बनाया अपना सबसे बड़ा स्कोर

### तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में भारतीय टीम 2-0 से आगे है।

**राजकोट(हि.स.)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आयरलैंड के खिलाफ राजकोट में खेले जा रहे तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में इतिहास रच दिया है। भारतीय महिला टीम ने पहली बार एकदिवसीय क्रिकेट में 400 रनों का आंकड़ा पार किया है। मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय महिला टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 435 रनों का विशाल स्कोर बनाया। यह भारतीय महिला टीम का एकदिवसीय में सर्वोच्च स्कोर है। ओवरऑल महिला एकदिवसीय में यह चौथा सर्वोच्च स्कोर है। महिला एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड महिला टीम के नाम है। यह रिकॉर्ड उसने आयरलैंड के खिलाफ ही साल 2018 में बनाया था। न्यूजीलैंड महिला टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 491 रन बनाए थे। 12 जनवरी को आयरलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में भारतीय टीम ने 370 रन बनाए थे जो कि टीम का एकदिवसीय में सबसे बड़ा स्कोर था लेकिन तीसरे मैच में टीम ने ये रिकॉर्ड तोड़ डाला। भारतीय महिला टीम को इस एतिहासिक स्कोर तक पहुंचाने में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल का अहम योगदान रहा। प्रतिका ने जहां 129 गेंदों में 154 रनों की पारी खेली, वहीं मंधाना ने महज 80 गेंदों में 135 रन बनाए।

आयरलैंड के खिलाफ इस सीरीज में हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी कर रहीं मंधाना ने मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। भारतीय महिला टीम को सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल और कप्तान स्मृति मंधाना ने दमदार शुरूआत दिलाई। दोनों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में ही टीम का स्कोर 150 के पार पहुंचा दिया। इसके बाद मंधाना ने एकदिवसीय में अपना 10वां शतक जड़ दिया। मंधाना ने महज 70 गेंदों में शतक लगाया जो भारत के लिए महिला क्रिकेट में किसी बल्लेबाज द्वारा लगाया सबसे तेज शतक है। मंधाना ने इस मामले में हरमनप्रीत कौर को पीछे छोड़ा। उन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के खिलाफ 87 गेंदों पर शतक जमाया था।













## वीजा में देर के कारण अबू धाबी में इंग्लिश टीम के प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा नहीं ले पाएंगे साकिब महमूद



**नई दिल्ली(हि.स.)।** इंग्लैंड के भारत दौरे से पहले, इंग्लिश तेज गेंदबाज साकिब महमूद वीजा देरी के कारण अबू धाबी में अपनी टीम के प्रशिक्षण शिविर से चूक जाएंगे। साकिब को इंग्लैंड की वनडे और टी20 दोनों टीमों में शामिल किया गया है।

ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को उम्मीद है कि 22 जनवरी को सीरीज के अपने पहले टी20 मैच के लिए पूरी टीम के कोलकाता जाने से पहले वीजा की समस्या का समाधान हो जाएगा। पाकिस्तानी मूल के अंग्रेजी खिलाड़ियों के लिए वीजा में देरी एक परिचित समस्या है। इससे पहले 2024 में, इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर को वीजा मिलने में देरी के कारण हैदराबाद में भारत के खिलाफ इंग्लैंड के पहले टेस्ट मैच से बाहर कर दिया गया था। ईसीबी ने दिसंबर 2024 को भारत के व्हाइट-बॉल दौरे के लिए टीमों की घोषणा की, जिसमें तीन वनडे, पांच टी20 और आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 शामिल है। पांच मैचों की टी- 20 सीरीज 22 जनवरी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शुरू होगी।

## सट्टेबाजी मामले में हिरासत में लिए गए सेविला के डिफेंडर सालास



**मैड्रिड(हि.स.)।** सेविला के डिफेंडर किके सालास को मंगलवार को पुलिस ने हिरासत में लिया और धोखाधड़ी के संदेह में मोरोन डे ला फ्रोंटेरा शहर की अदालत में पेश किया। 22 वर्षीय किके सालास पर अवैध सट्टेबाजी के लिए जानबूझकर पीले कार्ड हासिल करने का संदेह है, साथ ही कई अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है, जो उनके परिवार और परिचितों के करीबी माने जाते हैं। स्पेन के एल कॉन्फिडेंशियल अखबार की रिपोर्ट के अनुसार जांचकताओं का मानना है कि सालास के परिवार और दोस्तों ने 10,000 यूरो प्रति माह जीतने के लिए लगभग 30 अलग-अलग दांव लगाए होंगे। जांच 2023-2024 सत्र के अंत में खेले गए कई मैचों पर केंद्रित है, जहां सालास को पिछले नौ मैचों में सात पीले कार्ड दिखाए गए थे, जिनमें से अधिकांश पीले कार्ड खेल के अंतिम मिनटों में आए थे।

## चेन्नइयन एफसी पर लीग डबल पूरा करना मोहम्मडन स्पोर्टिंग का लक्ष्य



**कोलकाता(हि.स.)।** मोहम्मडन एससी की टीम बुधवार शाम अपने घरेलू मैदान किशोर भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में चेन्नइयन एफसी की मेजबान करेगी, तो उसका लक्ष्य अपना पहला लीग डबल हासिल करना होगा जबकि मरीना माचान्स किसी नई-नवेली टीम के हाथों ऐसी शर्मनाक स्थिति से बचना चाहेंगे।

मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने अपने पिछले तीन मैचों (1 जीत, 2 ड्रा) में अपराजित रहकर रक्षात्मक मजबूती दिखाई है, जिसमें उनकी पिछले अवे मैच में बेंगलुरू एफसी पर 1-0 की जीत भी शामिल है। वहीं, चेन्नइयन एफसी घर से बाहर अपने पिछले तीन मैच बिना गोल किए हारी है। मोहम्मडन एससी 15 मैचों में दो जीत, चार ड्रा और नौ हार से 10 अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर है। वहीं, चेन्नइयन एफसी 15 मैचों में चार जीत, चार ड्रा और सात हार से 16 अंक लेकर तालिका में 10वें स्थान पर है। मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने इस सीजन में हैडर के जरिये छह गोल खाए हैं, जो संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा हैं। चार हैडर से गोल करने वाली चेन्नइयन एफसी मेजबान टीम की इस कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। मोहम्मडन (26) ने चेन्नइयन एफसी (22) की तुलना में ज्यादा बड़े मौके बनाए हैं, लेकिन उसकी 19.2% की रूपांतरण दर लीग में सबसे कम है। चेन्नइयन एफसी अपने पिछले तीन अवे मैचों में गोल करने में विफल रही है। लाडिनपुइया प्रति मैच 6.2 बार कब्जा फिर हासिल करते हैं, अब तक 21 टैकल किए हैं।

## इंग्लैंड लायंस के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए की कप्तानी करेंगे जैक एडवर्ड्स

**मेलबर्न(हि.स.)।** न्यू साउथ वेल्स के ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स को सिडनी में आगामी चार दिवसीय मैच में इंग्लैंड लायंस का सामना करने के लिए ऑस्ट्रेलिया ए की 12 सदस्यीय युवा टीम का कप्तान बनाया गया है, जिसमें दो अन्य तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर आरोन हार्डी और विल सदरलैंड भी शामिल हैं। 31 वर्षीय कर्टिस पैटरसन को भी 2020 के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलिया ए टीम में वापस बुलाया गया है और वह टीम में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलिया के चयनकताओं ने युवाओं पर जोर दिया है और अक्टूबर और नवंबर में दो चार दिवसीय मैचों में भारत ए का सामना करने वाली टीम से केवल पांच खिलाड़ियों को ही बरकरार रखा है, जिसमें जॉर्डन बकिंघम, फर्गस ओ'नील, जोश फिलिप, कोरी रोचिचियोली, ब्रेंडन डॉगेट शामिल हैं, हालांकि डॉगेट को केवल उस श्रृंखला में देर से चोट लगने पर प्रतिस्थापन के रूप में शामिल किया गया था।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### कल्याण ज्वैलर्स का शेयर हुआ धड़ाम

## 'छापे' और 'एफआइआर' के चलते 13 प्रतिशत तक आई गिरावट

**नई दिल्ली।** बुधवार को कल्याण ज्वैलर्स के शेयर में बड़ी गिरावट आई। दिन में कारोबार के दौरान यह शेयर करीब 13 फीसदी तक गिर गया। कंपनी के शेयर में पिछले कई दिनों से लगातार गिरावट आ रही है। हालांकि कल यानी मंगलवार को इसमें कुछ तेजी आई थी, लेकिन आज फिर से गिरावट आ गई। यह गिरावट उन खबरों के चलते आई है जिनमें कहा गया है कि कंपनी पर न केवल इनकम टैक्स के छापे पड़े हैं बल्कि एक प्रमोटर पर एफआईआर भी दर्ज हुई है। हालांकि कंपनी ने इन आरोपों का खंडन किया है।

### बढ़त के साथ हुई थी शुरूआत

मंगलवार को यह शेयर 596.80 रुपये पर बंद हुआ था। बुधवार सुबह यह 600 रुपये पर खुला। खुलने के कुछ देर बाद यह 602.80 रुपये पर पहुंच गया, लेकिन इसके बाद इसमें गिरावट आनी शुरू हो गई। दोपहर 3 बजे तक कारोबार के दौरान यह करीब 13 फीसदी की गिरावट के साथ 522.75 रुपये पर आ गया था। इसके बाद इसमें थोड़ा सुधार आया। दोपहर 3 बजे यह 6.86 फीसदी की गिरावट के साथ 555.85 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

### जनवरी में आया काफी नीचे

इस शेयर में इस साल 3 जनवरी से लगातार गिरावट देखी जा रही है। 2 जनवरी को यह शेयर बढ़त के साथ 787.75 रुपये पर बंद हुआ था। आज बुधवार को दोपहर 3 बजे यह 555.85 रुपये पर कारोबार कर रहा है। ऐसे में इसमें 3 जनवरी से लेकर अब तक करीब 30 फीसदी की गिरावट आ चुकी है।

### क्यों आई इतनी गिरावट?

मीडिया में आई कुछ खबरों के चलते कंपनी के शेयर में गिरावट आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी पर न केवल इनकम टैक्स के छापे पड़े हैं बल्कि इन्वेंट्री ओवर वैल्यूएशन के भी आरोप लगे हैं। साथ ही यह भी खबर सामने आई कि एक प्रमोटर पर एफआईआर भी दर्ज हुई है। हालांकि कंपनी ने इन आरोपों का खंडन करते हुए इन्हें गलत बताया है। वहीं दूसरी ओर कंपनी ने इन्वेंट्री घाटे को स्वीकार किया और कहा कि अधिकांश घाटे वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में हुए थे। कंपनी ने हाल ही में तीसरी तिमाही के नतीजे घोषित किए थे। इसके मुताबिक कंपनी का रेवेन्यू साल-दर-साल के आधार पर 39 फीसदी ज्यादा रहा।

## चार साल बाद बैन हटते ही रॉकेट हुआ साइकिल कंपनी का शेयर

**एटलस साइकिल का शेयर इस समय रॉकेट बना हुआ है**

**इसने एक महीने में दोगुने से ज्यादा रिटर्न दिया है**

एजेंसी


**नई दिल्ली।** 20 दिन में पैसा डबल। सही पढ़ा आपने। साइकिल बनाने वाली कंपनी के शेयर ने मात्र 20 दिन में रकम दोगुनी कर दी है। इस कंपनी पर साल 2020 में ट्रेडिंग से बैन लगा था। पिछले महीने ही यह बैन हटा है। बैन हटते ही यह शेयर रॉकेट बन गया है। इसमें लगातार अपर सर्किट लग रहा है।

यह कंपनी एटलस साइकिल (हरियाणा) लिमिटेड है। आज बुधवार को भी इसमें 5 फीसदी का अपर सर्किट लगा। अपर सर्किट के बाद यह शेयर सुबह 11 बजे 136.76 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कल मंगलवार को यह शेयर 130.25 रुपये पर बंद हुआ था।

**• साल 2020 में लगा था बैन**

इस कंपनी के शेयर पर दिसंबर 2020 में बैन लगा था। एटलस ने अपनी वित्त वर्ष 2024 की वार्षिक रिपोर्ट दाखिल की थी। इस रिपोर्ट में कंपनी ने कहा था कि फाइनेंशियल रिजल्ट दाखिल न करने या दाखिल करने में देरी के कारण बीएसई और एनएसई ने 16 दिसंबर 2020 को शेयरों का कारोबार बैन कर दिया था। बीएसई और एनएसई ने पिछले साल 27 दिसंबर को एटलस के शेयरों के कारोबार पर लगा बैन हटा दिया था। यानी बैन हटने में चार साल लग गए। इसके बाद कंपनी के शेयरों में फिर से ट्रेडिंग शुरू हो गई।

## आईटीसी ने भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए डीपीआईआईटी के साथ साझेदारी की




**नई दिल्ली(हि.स.)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने भारत के अग्रणी व्यापार समूहों में से एक आईटीसी लिमिटेड के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की है। डीपीआईआईटी ने उद्यमिता और नवाचार को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए यह अहम कदम उठाया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि यह समझौता ज्ञापन (एमओयू) विशेष रूप से गतिशील साझेदारी का माहौल तैयार करेगा, जिसमें आईटीसी के व्यापक बाजार नेटवर्क के विशाल अनुभव और विशेषज्ञता देशभर में स्टार्टअप्स को सहयोग देने में डीपीआईआईटी की पहल का पूरक बनेगी। यह सहयोग देशभर में स्टार्टअप्स के लिए सुगठित बाजार सृजित करने और स्टार्टअप विकास तथा तकनीकी प्रगति में तेजी लाने के साझा दृष्टिकोण के अनुरूप है।

मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि इस साझेदारी के तहत आईटीसी, विनिर्माण निष्पादन प्रणालियों (एमईएस) के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म, विनिर्माण स्थलों के लिए नवीकरणीय ऊर्जा अवसरों का संयोजन, ऊर्जा भंडारण प्रणालियों आदि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में स्टार्टअप समाधान उपलब्ध कराएगा। इस सहयोग का उद्देश्य देशभर में स्टार्टअप के लिए उद्यमिता, तकनीकी उन्नति और बाजार के अवसरों को बढ़ावा देना है। इस प्रो-स्टार्टअप पहल के बारे में डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव संजीव ने कहा कि यह भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों जैसे स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया

### मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली(हि.स.)।** घरेलू शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि आज तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच लगातार खींचतान चलती रही। इस खींचतान की वजह से शेयर बाजार कुछ देर के लिए लाल निशान में भी पहुंचा, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली करके उसे दोबारा हरे निशान में पहुंचा दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.29 प्रतिशत और निफ्टी 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर, पीएसई और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी, मेटल, एनर्जी, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए।

## जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में होम टेक्सटाइल मेले में गिरिराज सिंह ने भारतीय मंडप का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली(हि.स.)।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने जर्मनी के मैसे फ्रैंकफर्ट में आयोजित हेमटेक्सटाइल 2025 (होम टेक्सटाइल मेला) में भारत मंडप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वैश्विक घरेलू वस्त्र निर्यातकों, आयातकों और निमार्ताओं को संबोधित करते हुए गिरिराज सिंह ने भारत की बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मकता और सतत विकास हासिल करने के लिए सहयोग की आवश्यकता का उल्लेख किया। सिंह ने सभी भागीदार देशों को भारत टेक्स 2025 में भाग लेने और भारत के संपन्न कपड़ा इकोसिस्टम में निवेश के अवसरों की जानकारी लेने के लिए आमंत्रित किया। कपड़ा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि इस आयोजन में भारत की उपस्थिति कपड़ा उद्योग जगत में देश की निरंतर बढ़ती शक्ति का प्रदर्शन कर रही है। इस प्रतिष्ठित वैश्विक होम टेक्सटाइल मेले में सबसे बड़े भागीदार देश के साथ भारत ने नवाचार, स्थिरता और वैश्विक साझेदारी के लिए अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया।

## एक नजर

### अपराधियों ने एक युवक को मारी गोली स्थिति गंभीर

**चतरा।** शहर के बाजार टांड स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा के पास मंगलवार देर रात गोलीबारी की घटना हुई। जिसमें अपराधियों ने बाजार टांड निवासी मुकेश सोनी उर्फ शनिचरा को पेट में गोली मार दी। युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद रात को ही पुलिस ने गंभीर रूप घायल मुकेश सोनी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि रिम्स में ऑपरेशन कर युवक के पेट से गोली निकाल ली गई है। लेकिन उसकी स्थित गंभीर बनी हुई है। सूत्रों की माने तो गोलीबारी की यह घटना आपसी बर्चस्व को लेकर हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दुसरी ओर घटना में शामिल अपराधियों की पहचान अब तक नहीं हो पाई है।

### अज्ञात चोरों ने खड़े ट्रैक्टर से की बैटरी की चोरी

**पत्थलगड़ा (चतर)।** पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में चोरों का आतंक जारी है। बीते रात अज्ञात चोरों ने घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से बैटरी की चोरी कर ली गई है। ट्रैक्टर के मालिक गोपाल दांगी पिता धनुषधारी दांगी ने बताया कि मंगलवार रात ट्रैक्टर घर के पास खड़ा किया था, बुधवार सुबह देखे तो ट्रैक्टर से बैटरी गायब है। साथ हीं बगल में खड़े दूसरे ट्रैक्टर से छेड़छाड़ किया गया, लेकिन दूसरे ट्रैक्टर से बैटरी निकालने में चोर विफल रहे। हलांकी समाचार लिखे जाने तक किसी के द्वारा थाने में चोरी से संबंधित आवेदन नहीं दिया गया था। जबकी चोरी की मौखीक सूचना पुलिस को दे दी गई है। वहीं पुलिस जांच के साथ चोरों के धर पकड़ में लग गई है।

### पेड़ से गिरकर युवक घायल, रेफर

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमारो पंचायत के मोची टोला निवासी राजधन मुंडा पिता स्व. तेतरा मुंडा बुधवार की दोपहर बाद एक पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आनन फानन में घायलावस्था में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां डॉ प्रकाश बड़ाईक ने युवक का प्राथमिक उपचार किया। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया गई। चिकित्सक ने बताया कि युवक को अंदरूनी चोट आयी है जिससे वह अचेत अवस्था में है।

### धरती आबा बैठक को लेकर तैयारियां तेज

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय सभागार में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से संबंधित तैयारी तेज कर दी गई है। यह कार्यक्रम 17 जनवरी सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दी हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत प्रखंड स्तरीय योजनाओं का क्रियान्वयन, अनुश्रवण के लिए प्रखंड स्तरीय समिति के साथ बैठक की जाएगी। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कनक ने प्रखंड के सभी कर्मियों को उपस्थिती ससमय दर्ज करने को सुनिश्चित किया है।

### पागल कुत्ते के काटने से एक युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरपा गांव में पागल कुत्ते की हमले से एक युवक घायल हो गया है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तेतर यादव उम्र लगभग 30 वर्ष पिता बैजू यादव ग्राम मुरपा बालूमाथ निवासी अपने घर के पास खड़ा था। इसी दौरान एक पागल कुत्ते ने उस पर हमला बोल दिया और उसे काट लिया जिससे तेतर यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उनके परिवार के सदस्यों द्वारा बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया था। जहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए एंटी रैबीज का टीका लगाया गया।

# हुसैनाबाद में ठंड से दिनभर परेशान रहे लोग, जन जीवन अस्त-व्यस्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू में मंगलवार की रात से ही आसमान में छाये बादलों के कारण बुधवार को न्यूनतम तापमान में करीब पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है, परंतु अधिकतम तापमान में करीब दस डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। इससे बुधवार को लोगों को दिनभर ठंड व कनकनी सताते रहे। दिनभर हलका कुहासा छाये रहने से दृश्यता कम रही। बुधवार को न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई है। एक पखवारे पूर्व से तापमान में लगातार गिरावट के कारण पड़ रही कड़कड़ाती ठंड व भीषण कनकनी ने आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिनभर घना कोहरा छाये रहने से सड़क व रेल परिवहन भी प्रभावित हो रहा था। सूर्य के रौशनी परिवर्तन के कारण 16 जनवरी के बाद ही आसमान साफ होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## कड़ाके की ठंड में खुले स्कूल, बच्चों में दिखा उत्साह

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में बुधवार को लंबे समय बाद पहली से आठवीं तक के बच्चों के लिए विद्यालयों के द्वार खुले। स्कूल खुलने के दिन मौसम ने भी अपनी सर्द मिजाज का रुख बरकरार रखा। सुबह से ही घना कोहरा और कड़ाके की ठंड ने पूरे क्षेत्र को अपने आगोश में ले लिया था। गिरती ओस की बूंदों ने बारिश जैसा आभास कराया, और सूर्यदेव ने दोपहर एक बजे के बाद ही अपना दर्शन दिया।ऐसे कठिन मौसम में स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मजदूरों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा।




बच्चे ठिठुरते हुए विद्यालय पहुंचे, लेकिन लंबे अंतराल के बाद स्कूल खुलने की खुशी उनके चेहरों पर साफ झलक रही थी। लगभग 20 दिनों के बाद जब बच्चे स्कूल पहुंचे, तो उनके चेहरों पर ठंड का असर तो था, लेकिन पढ़ाई और दोस्तों से मिलने का उत्साह भी कम नहीं था। अधिकारियों ने स्कूलों में बच्चों के लिए पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि, बदलते मौसम ने न केवल स्कूली बच्चों बल्कि दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों की दिनचर्या को भी प्रभावित किया। ठंड के इस मौसम में बच्चों का उत्साह यह संदेश देता है कि शिक्षा के प्रति उनकी लगन और आत्मविश्वास अडिग है।

## लातेहार में पुलिस की बड़ी कामयाबी

# अपराधी राहुल सिंह गिरोह के सात सदस्य हुए गिरफ्तार

▶ *10 जनवरी को अपराधियों के द्वारा किया गया था फायरिंग*





**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले चंदवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत लतदाग के पास एनएचआई के द्वारा फॉर लेन निर्माण में लगे कंपनी के पास फायरिंग मामले का आज पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने सात अपराधियों को गिरफ्तार किया हैं। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि पिछले दिनों रंगदारे को लेकर चंदवा स्थित लतदाग पन्नलैंड के के पास पीआर कंस्ट्रक्शन कंपनी परिसर में रंगदारी वसूली के लिए फायरिंग किया गया था इसी मामले में एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसके बाद टीम ने इस मामले में संलिप्त सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह सभी आरोपी राहुल सिंह के इशारे पर घटना को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि हमें गुप्त सूचना मिली कि कुख्यात अपराधकर्मी राहुल सिंह के कुछ साथी पिरो मोड़ के पास अपस्थित यात्री शेड में बैठकर कुख्यात अपराधकर्मी राहुल सिंह, के इशारे पर जान मारने का भय दिखाकर रंगदारी मांगने से संबंधित किसी बड़ी संगठित अपराध की घटना को अंजाम देने के लिए तैयारी कर रहे हैं। ये लोग पिछले दिनों फोर लेन निर्माण कार्य में लगे कंपनी के लकड़ी टाल के पास चल रहे कार्य पर रंगदारी के लिए गोली चलाये थे परंतु रंगदारी की मांग करने बावजूद इन्हें रंगदारी नहीं मिली है।

इसी कारण से लोग पुनः संगठित अपराध की योजना बनाकर उसी जगह बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए हैं। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राहुल सिंह संगठन के अपराधियों को हथियार के साथ रंगे हाथ पकड़ा और इनके निशानदेही पर हथियार बरामद की कि गई है। गिरफ्तार अपराधियों में जगदीश सिंह, पिता स्व० कृपाल सिंह, बबलू सिंह, पिता फुलेश्वर सिंहे, मनोज सिंह, पिता फागु सिंह, रॉकी कुमार साय, पिता संदीप साव, दीपक कुमार सिंह, पिता स्व मनोज सिंह अशोक लोहरा, पिता हरीलाल लोहरा, गणेश यादव, पिता उदयनाथ यादव ये सभी लातेहार जिले के रहने वाले हैं। इनके पास एक देशी पिस्टल, जिन्दा गोली सहित मोबाईल फोन व गाड़ी बरामद हुई है। छापामारी दल में एसडीपीओ अरविन्द कुमार, चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार, श्रवण कुमार, सरोज कुमार सिंह, कुमार छत्रपाल और सशस्त्र बल, सेंट 44, चन्दवा थाना शामिल रहे।

## बाइक-साइकिल के टक्कर में दो गंभीर

**हंटरगंज(चतरा)।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत हंटरगंज-शेरघाटी बायपास पथ पर पतसुगीय स्थित पुल के समीप देर शाम अनियंत्रित बाइक और साइकिल में टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक जिरहुलिया गांव निवासी कृष्णा यादव के 30 वर्षीय पुत्र कमलारा यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं साइकिल सवार पत्सुगिया निवासी 60 वर्षीय योगेन्द्र यादव भी मामूली रुप से घायल हो गया। राहगीरों ने आनन फानन में दोनो को हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर स्थिति नाजुक देखते हुए बाइक सवार घायल युवक को गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जबकी साइकिल चालक वृद्ध का ईलाज किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक व्यक्ति साइकिल से दूध लेकर हंटरगंज की ओर आ रहा था, इसी दौरान हंटरगंज की ओर से तेज गति में आ रहे बाइक ने साइकिल में सीधे टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरा कर गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

## लोस और विस आम चुनाव 2024 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी व कर्मी किए गए सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** लोकसभा एवं विधानसभा आम चुनाव 2024 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों और कर्मियों को बुधवार को डीआरडीए प्रशिक्षण हॉल में सम्मान समारोह का आयोजन सम्मानित किया गया। समारोह में सभी वरीय पदाधिकारियों, प्रभारी पदाधिकारियों और चुनाव के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर उपायुक्त रमेश घोलप ने सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के साथ उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, डीएफओ मुकेश कुमार, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, सिमरिया एसडीओ सह आईएएस सनी राज, चतरा एसडीओ जहूर आलम, सिविल सर्जन दिनेश कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीन्द्र भगत, एसडीपीओ सुरेंद्र सुमन, और जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अपने विचार व्यक्त किए। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों और कर्मियों ने अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तत्परता और निष्ठा से निभाया। उनके प्रयासों के कारण हम शांतिपूर्ण और सफल चुनाव संपन्न कराने में सफल हो सके। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों और कर्मियों के परिवारजनों को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जेपी चौक के समीप फेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

हुसैनाबाद। बुधवार को नगर पंचायत क्षेत्र के जेपी चौक के समीप नगर विकास विभाग मद की राशि से फेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार और कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश हंस के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जेपी चौक से पेट्रोल पंप तक बनने वाली फेवर ब्लॉक निर्माण कार्य करीब 10 लाख रुपए की लागत से कराया जाएगा। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने कहा कि रेलवे ओवरब्रिज के बगल में फेवर ब्लॉक का निर्माण कार्य होने से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। वैसे ईओ के द्वारा हुसैनाबाद शहर में प्राथमिकता के आधार पर जन उपयोगी योजनाओं को करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण होने से शहरवासियों का इसका समुचित लाभ मिलेगा। पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि उनका प्रयास है कि प्राथमिकता के आधार पर शहर के सभी वार्डों में सड़क नाली, फेवर ब्लॉक आदि का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का चुनाव नहीं होने से कई योजनाएं लंबित है। वैसे नगर पंचायत क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी नगर पंचायत प्रतिनिधि कृतसंल्पित है। इसमें किसी को शिकायत का मौका नहीं मिलने की बात कही है। इस मौके पर रवि कुमार, संतोष गुप्ता, सदगुरू कंट्रक्शन के प्रो.बलवीर कुमार सिंह, निखिल सिंह, वरुण सिंह, आत्मेश कुमार सिंह, बैरिस्टर सिंह,विकास कुमार, रंजीत गुप्ता,मनोज सहित कई लोग मौजूद थे।

## नेतरहाट के मुखिया राम विष्णु नगेसिया गणतंत्र दिवस दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड समारोह में होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** लातेहार जिले के नेतरहाट पंचायत के मुखिया राम विष्णु नगेसिया को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के अवसर पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड समारोह में शामिल होंगे यह चयन पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार द्वारा किया गया है। मुखिया राम विष्णु नगेसिया के चयन से पूरा जिले के लिए गर्व का क्षण है। मुखिया राम विष्णु नगेसिया के रूप में जिला का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर होगा, जो पंचायत की सक्रियता और विकास कार्यों को दशार्ता है। मुखिया राम विष्णु नगेसिया पंचायती राज विभाग और जिले के लोगों का आभार व्यक्त किया है। उनका ऐतिहासिक परेड में शामिल होना प्रेरणादायक है। जिला प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों ने नेतरहाट मुखिया राम विष्णु नगेसिया को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। जिला उपायुक्त ने कहा कि यह पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है।

## हुसैनाबाद में पूर्व सैनिकों ने मनाया 77 वां सेना दिवस, वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा : मुख्य अतिथि



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद की हुसैनाबाद इकाई ने कार्यालय में बुधवार को भारतीय सेना दिवस मनाया और वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद तथा संचालन पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह ने किया। इस समारोह में मुख्य अतिथि भूमि उपसमाहर्ता सह एसडीओ गोरांग महतो तथा विशिष्ट अतिथि बीडीओ सुनील वर्मा एवं कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह मौजूद थे। सेना दिवस की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर व भारत माता वंदन एवं शहीद जवानों को पुष्प अर्पित करते हुए वंदे मातरम के साथ की गई। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि वीर शहीदों की बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगी। साथ ही थल सेना दिवस पर पूर्व सैनिकों की कार्यो की सराहना की। साथ ही 26 जनवरी को छात्र-छात्राओं के लिए अनुमंडल स्तरीय प्रतियोगिता कराने का भरोसा दिया। संगठन संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने इस तिथि का महत्व को बताया उन्होंने वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हम सभी पूर्व सैनिक मिलकर हुसैनाबाद के युवाओं को भारतीय सेना में जाने के लिए मार्गदर्शन कर रहे हैं। नवजवानों को कैरियर बनाने में हमारा संगठन सार्थक सहयोग कर रहा है। सभी को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने सभी छात्रों को एक सैनिक की तरह सदैव तत्पर रहने की सलाह दी। समारोह को संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने वीर शहीदों के गुणगान करते हुए वीर नारी, अतिथियों स्कूली बच्चों, एनसीसी कैडेटों एवं सभी सैनिकों को स्वागत करते हुए कार्यालय द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेना में हम सभी वतन के लिए जाते न की वेतन के लिए। उसी सोच से अपने क्षेत्र के पेंशनरों की समस्यायों की समाधान एवं बच्चों के शिक्षा दीक्षा के कार्यों में हम सभी लगें हैं इस मौके पर कैप्टन दुखन सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक सीताराम सिंह, कैप्टन आरसी मेहता, सूबेदार सत्येंद्र ठाकुर, सूबेदार अशरफी पाल, यदुनंदन ठाकुर,गौरी शंकर ठाकुर, प्रसाद सिंह, बिगन चौधरी, लल्लू पासवान, दिलीप मेहता, रामटहल मेहता वीर नारी प्रेमलता कुंवर, मनोरमा कुंवर के अलावा स्कूली बच्चे,एनसीसी कैडेट सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### खरौंधी में खाद-बीज की दुकानों का निरीक्षण, नियम उल्लंघन पर फटकार




**खरौंधी।** खरौंधी बाजार में बुधवार को जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी और प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी उमेश कुमार ने खाद-बीज दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों में खाद खुले में पाए जाने पर अधिकारियों ने कड़ी कार्रवाई की। एक दुकान पर जिला कृषि पदाधिकारी ने दुकानदार से खाद-बीज के सही रखरखाव के नियमों के बारे में पूछा, लेकिन दुकानदार कोई उत्तर नहीं दे पाया। इस पर पदाधिकारी ने सख्त नाराजगी जताई और कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का पालन करना अनिवार्य है और भविष्य में ऐसी अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई होगी।साथ ही, सभी दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि खाद-बीज को निर्धारित दरों पर ही बेचा जाए और सही तरीके से रखा जाए। इस कार्रवाई का उद्देश्य किसानों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना और व्यापार में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

### जीएसटी को लेकर...

संदीप साहू ने कुजू स्थित रेलवे साइडिंग के समीप अपना कोयला डंप यार्ड बनाया है, उसे भी फर्जी ढंग से संचालित किया जा रहा है। जल्द ही संदीप साहू की गिरफ्तारी की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक छापामारी की जा रही थी। उल्लेखनीय कि गत 29 जुलाई 2024 को भी जीएसटी विभाग ने जीएसटी को लेकर संदीप साहू के यहां छापामारी की थी। आज की छापेमारी में विभाग के आरके टोप्पो, राजीव रंजन, सतीश कुमार, राजेश कुमार, बबलु सिंह, आशुतोष सहित सदल-बल जवान शामिल थे।

### 34 में से...

मोइत्रा जेएसडब्ल्यू से अविलंब खनन करने की स्थिति स्पष्ट हुई। ये कोयला खदान सप्ताह भर के भीतर ऑपरेशनल हो जाएंगे। वहीं, अन्य नौ कोल ब्लॉकों की समस्या का भी समाधान लगभग कर लिया गया। इनका ऑपरेशन भी यथाशीघ्र होने की संभावना है। शेष बचे अन्य कोल ब्लॉकों को लेकर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि इनकी समस्या का भी समाधान कर जितनी जल्द हो सके, उसे ऑपरेशनल करें। मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न समीक्षा बैठक में वन एवं पर्यावरण सचिव अबू बक्कर सिद्दिकी, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर, खान सचिव जितेंद्र सिंह, खान निदेशक राहुल सिन्हा एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी समेत कई संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### सड़क हादसे में...

सरकारी वाहन के आगे का टायर फट गया है। हालांकि, गनीमत रही कि गाड़ी धीमी गति में थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। गाड़ी में सवार सभी सुरक्षित हैं, और वाहन को मामूली नुकसान हुआ है। सीओ संदीप मधेशिया ने बताया कि दुर्घटना के समय वाहन धीमी गति में था, जिसके कारण बड़ा हादसा टल गया। उन्होंने कहा कि हाइवा चालक की लापरवाही से यह घटना हुई है। उसने ओवरटेक करने की कोशिश में वाहन को टक्कर मार दिया। आगे का टायर फटने के बावजूद स्थिति नियंत्रित रही, और वे सुरक्षित हैं। उन्होंने लोगों से सड़क पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की।

### 20 तक कोहरा...

इसी तरह, जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डालटनगंज का अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री सेंटीग्रेड हजारीबाग में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 27.6 डिग्री सेंटीग्रेड सरायकेला में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा।

### मेटा ने मार्क...

जुकरबर्ग का यह दावा कि कोविड-19 के बाद 2024 के चुनावों में भारत सहित अधिकांश सत्तारूढ़ सरकारें हार गईं, तथ्यात्मक रूप से गलत है। वहीं, संसदीय समिति ने मेटा को मार्क के बयान पर तलब किया। 13 जनवरी को सूचना प्रौद्योगिकी और संचार पर संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने मेटा को इस गलत जानकारी के लिए तलब करके कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश के बारे में गलत जानकारी उसकी छवि खराब करती है। इस संगठन को इस गलती के लिए संसद और यहां की जनता से माफी मांगनी होगी। इसके बाद बुधवार को मेटा ने मार्क जुकरबर्ग के बयान पर माफी मांगी।

### एक प्रमुख समुद्री...

जब गुजरात के बंदरगाह भारत को पश्चिम एशिया से जोड़ते थे। उन्होंने कुछ साल पहले पहली पनडुब्बी कलवरी के कमीशन के बाद पी75 वर्ग की छठी वाग्शीर पनडुब्बी के कमीशन का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये नए फ्रंटियर प्लेटफॉर्म भारत की सुरक्षा और प्रगति दोनों को बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि आज भारत पूरे विश्व और खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा खुला, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। 21वीं सदी में भारत की सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने और आधुनिक बनाने के महत्व पर जोर देते हुए मोदी ने कहा, चाहे जमीन हो, पानी हो, हवा हो, गहरा समुद्र हो या अनंत अंतरिक्ष हो, भारत हर जगह अपने हितों की रक्षा कर रहा है। उन्होंने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की स्थापना सहित किए जा रहे निरंतर सुधारों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत सशस्त्र बलों को और अधिक कुशल बनाने के लिए थिएटर कमांड के कार्यान्वयन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजीत पवार तथा अन्य गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा भारत :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में नौसेना में 33 जहाजों और सात पनडुब्बियां शामिल की गई हैं, जिसमें 40 में से 39 नौसैनिक जहाजों का निर्माण भारतीय शिपयार्ड में किया गया। इसमें शानदार आईएनएस विक्रांत विमानवाहक पोत और आईएनएस अरिहंत तथा आईएनएस अरिघाट जैसी परमाणु पनडुब्बियां शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया अभियान को आगे बढ़ाने के लिए सशस्त्र बलों को बधाई दी। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत का रक्षा उत्पादन 1.25 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है और देश 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है।

### प्रबोवो सुबिआंतो हो...

लेकिन, कुछ लोगों का कहना है कि भारत के हथियारों की धमक अब दुनियाभर में सुनाई दे रही है। 26 जनवरी के मुख्य अतिथि द्वारा कुछ ऐसा बड़ा ऐलान किया जा सकता है, जिससे दुनिया के कई देशों के होश उड़ जाएंगे।

### दो वर्ष बाद लालिमा लिए मंगल का सूर्य से होगा सामना

# आकाश में आज एक सीध में आएंगे मंगल, पृथ्वी और सूर्य

**भोपाल (हि.स.)**

खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए गुरुवार (16 जनवरी) का दिन बेहद खास होने जा रहा है। इस दौरान आकाश में एक अद्भुत खगोलीय घटना होने जा रही है। इस दिन सौरमंडल का लाल ग्रह मंगल हमारी पृथ्वी और सूर्य की सीध में आ रहा है। इस खगोलीय घटना में मंगल, पृथ्वी और सूर्य एक सरल (सीधी) रेखा में होंगे।


नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस खगोलीय घटना को 'मार्स एट अपोजीशन' कहते हैं। इस समय मंगल चमकदार लालिमा के साथ बिना दूरबीन के देखा जा सकेगा। यह खगोलीय घटना दो साल के बाद हमें आकाश में देखने को मिलेगी। इससे पूर्व यह घटना 8 दिसंबर 2022 को हुई थी। सारिका ने बताया कि पृथ्वी का पड़ोसी ग्रह मंगल सूर्यास्त के बाद पूर्वी आकाश में उदित होगा और मध्यरात्रि में आपके सिर के ठीक ऊपर पहुंच जाएगा। अगले दिन सुबह पश्चिम में अस्त होगा। अपोजीशन की यह खगोलीय घटना इसलिये महत्वपूर्ण है, क्योंकि मंगल को सारी रात आकाश में देखा जा सकेगा। अपोजीशन की इस घटना में पृथ्वी के एक ओर मंगल होगा, तो दूसरी ओर सूर्य होगा। ये तीनों खगोलीय पिंड एक सीध में होंगे। इस समय मंगल की पूरी डिस्क सूर्य के प्रकाश से चमक रही होगी, जिससे इसकी पूरी सतह देखी जा सकेगी।




**सारिका ने बताया, पूरी रात चमकता दिखेगा लाल ग्रह**

सारिका ने बताया कि 'मार्स अपोजीशन' की घटना लगभग 26 माह के अंतराल पर होती है। इससे पहले वर्ष 2003 का मार्स अपोजीशन बहुत खास था, जिसमें मंगल 60,000 साल बाद इतना निकट आया था और अब इतना नजदीक वर्ष 2287 में आएगा। उन्होंने कहा कि मंगल दर्शन का यह अच्छा अवसर है। इसलिए इसे देखने से चूकिए मत, क्योंकि इसके बाद यह घठना दो साल बाद 19 फरवरी 2027 को होगी।

## बाइडेन ने अमेरिका में एआई से जुड़े कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर



**वाशिंगटन (हि.स.)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर एक महत्वपूर्ण आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके जरिए अमेरिका में उन्नत (एडवांस्ड) एआई के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे, जैसे बड़े पैमाने पर डाटा केंद्र और नई स्वच्छ उर्जा सुविधाएं, का निर्माण सुनिश्चित करना है। इस कार्यकारी आदेश में कहा गया है कि रक्षा और उर्जा विभाग उन स्थानों की पहचान करेंगे, जहां निजी कंपनियां एआई डाटा केंद्र बना सकें। इसके अलावा, इन कंपनियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि वे अपने डाटा केंद्र के लिए पर्याप्त स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन करें। एक बयान में, बाइडेन ने कहा कि एआई का राष्ट्रीय सुरक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ेगा और अगर जिम्मेदारी से इसका उपयोग किया जाए, तो अमेरिकियों के जीवन में सुधार करने की भारी क्षमता होगी। इससे बीमारियों का इलाज करने से लेकर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम कर समुदायों को सुरक्षित रखने तक का काम किया जा सकेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि 'एआई के मुद्दे पर हम अपनी बढ़त को हल्के में नहीं ले सकते। जब भविष्य को परिभाषित करने वाली प्रौद्योगिकी की बात आती है, तो हम अमेरिका को कमजोर नहीं होने देंगे। न ही हमें महत्वपूर्ण पर्यावरण मानकों और स्वच्छ हवा और स्वच्छ पानी की रक्षा के लिए हमारे साझा प्रयासों का त्याग करना चाहिए।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति की बीजिंग में शी जिनपिंग से हुई मुलाकात

**बीजिंग।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके चीन की चार दिवसीय राजकीय यात्रा के दूसरे दिन बुधवार को यहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने पारस्परिक हितों पर चर्चा की। दिसानायके उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मंगलवार सुबह बीजिंग पहुंचे। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने शी जिनपिंग और दिसानायके से हुई बातचीत की संक्षिप्त जानकारी दी है। खबर में बातचीत का विवरण साझा नहीं किया गया है। श्रीलंका के अधिकारियों का कहना है कि शी जिनपिंग से बातचीत होने के बाद अब दोनों पक्षों के बीच समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में चार आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने बुधवार को खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के सामान्य क्षेत्र स्पिनवाम में चार आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने इसकी पुष्टि की। आईएसपीआर ने कहा कि सुरक्षाबलों को यह कामयाबी 14/15 जनवरी की रात खुफिया आधारित अभियान में मिली।

## सुप्रीम कोर्ट ने अनाथालय ट्रस्ट मामले में खालिदा को किया बरी

**ढाका।** बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने बहुचर्चित जिया अनाथालय ट्रस्ट में हुए भ्रष्टाचार के मामले में हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया को बुधवार को बरी कर दिया। हाईकोर्ट ने उन्हें 10 वर्ष जेल की सजा सुनाई थी। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सैयद रेफअत अहमद ने सुबह करीब पौने नौ बजे फैसला सुनाया।

### नौसेना में दो युद्धपोत और एक पनडुब्बी के शामिल होने पर बोले राजनाथ

# अटलांटिक ओशन से ज्यादा महत्वपूर्ण बना हिंद महासागर

- **रक्षा मंत्री ने कहा, यह आईओआर में भारत की ताकत का है प्रमाण**

**नई दिल्ली (हि.स.)**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को मुंबई के नेवल डाक यार्ड में दो युद्धपोतों और एक पनडुब्बी को भारत के समुद्री बेड़े में शामिल होने को हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भारत की ताकत का भी प्रमाण बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और पनडुब्बी आईएनएस बाग्शीर को नौसेना में शामिल करने की औपचारिकता पूरी की।

रक्षा मंत्री ने युद्धपोत सूरत और नीलगिरी एवं पनडुब्बी बाग्शीर की एक साथ हो रही ऐतिहासिक कमीशनिंग को सिर्फ भारतीय नौसेना की नहीं, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भू-रणनीतिक और आर्थिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र हमेशा से भारत के लिए महत्वपूर्ण रहा है, लेकिन आज के तेजी से बदलते परिवेश में यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है।

उन्होंने कहा कि आज हम यह कह सकते हैं कि जो महत्व पहले अटलांटिक महासागर का हुआ करता था, वह महत्व आज शिफ्ट होकर हिंद महासागर की ओर आ गया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि नौसेना में शामिल हुए आज के ये तीन बड़े प्लेटफार्म पूरी तरह से अत्याधुनिक उपकरण, और सिस्टम से लैस हैं और किसी भी स्थिति का मुकाबला करने में पूरी तरह से सक्षम हैं। हम आज अपने आधुनिकीकरण की आस्था को तेजी से बढ़ा रहे हैं। एक ओर तो हम इन बड़े प्लेटफार्मों का देश में ही उत्पादन कर रहे हैं, तो दूसरी ओर हमारा ध्यान कम लागत और उच्च प्रभाव प्रणालियों पर भी है, जो कम समय में हमारी सेना को और अधिक शक्तिशाली बना सकते हैं। इस प्रकार अपनी सेनाओं के तेजी से आधुनिकीकरण के क्रम में हम एक ऐसा संतुलित मिश्रण ला रहे हैं।नौसेना के बेड़े में आज शामिल की गई पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर का नाम रेत मछली के नाम पर रखा गया है, जो हिंद महासागर में गहरे समुद्र में रहने वाली एक शिकारी मछली है। पनडुब्बी को सभी ऑपरेशन थियेटर में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है। पनडुब्बी वाग्शीर का विस्थापन 1,600 टन होगा, जिनमें सभी घातक प्रहार के लिए भारी-भरकम सेंसर और हथियार लगे हैं। सूरत और नीलगिरी को पिछले सप्ताह मुंबई स्थित मझगांव डॉक्स (एमडीएल) ने नौसेना को सौंप दिया था। नौसेना को मिला जहाज 'सूरत' 35 हजार करोड़ रुपये की परियोजना 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का चौथा और अंतिम है। इससे पहले पिछले तीन वर्षों में इसी प्रोजेक्ट के तीन जहाजों विशाखापत्तनम, मोरमुगाओ और इंफाल को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जा चुका है।



**फ्रिगेट नीलगिरि प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ का पहला जहाज है**

नौसेना में शामिल किया गया फ्रिगेट नीलगिरि प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ का पहला जहाज है। इस योजना के सात जहाज एमडीएल, मुंबई और जीआरएसई, कोलकाता में बनाए जा रहे हैं। ये बहु-मिशन फ्रिगेट भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारंपरिक और अपारंपरिक दोनों तरह के खतरों से 'ब्लू वाटर' में मुकाबला करने में सक्षम हैं। इसे डीजल या गैस से संचालित किया जाता है। इनमें अत्याधुनिक एकीकृत प्लेटफॉर्म प्रबंधन प्रणाली भी है। जहाज में सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 76 मिमी अपग्रेडेड गन और रैपिड फायर क्लोज-इन हथियार प्रणालियों को लगाया गया है।

## शेख हसीना की भतीजी ने ब्रिटेन के वित्त मंत्री के पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारत में शरण पा रहीं बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके परिवार की दिक्कतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शेख हसीना की भतीजी ब्रिटेन की वित्त मंत्री ट्यूलिप सिद्दीकी को करारा झटका लगा है। उन्होंने ब्रिटेन के वित्त मंत्री से इस्तीफा दे दिया है। उनके स्थान पर लेबर पार्टी की सांसद एम्मा रेनाल्डस को नया वित्त मंत्री बनाया गया है। उधर, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद युनूस ने ब्रिटेन की सरकार से ट्यूलिप सिद्धीकी की संपत्तियों की जांच की मांग की है। साथ ही, आरोप लगाए हैं कि अपदस्थ शेख हसीना द्वारा बांग्लादेश में किए गए कथित घोटाले की संपत्तियां ट्यूलिप सिद्दीकी के पास हो सकती हैं।



## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल हिरासत में, ढाई घंटे हुई पूछताछ

- **मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा पर केंद्रित रही पूछताछ**

**सियोल (हि.स.)**



दक्षिण कोरिया के भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) के अधिकारियों ने बुधवार की सुबह हिरासत में लिये गए राष्ट्रपति यून सुक येओल से पूछताछ शुरू कर दी। येओल को राष्ट्रपति आवास से हिरासत में लेने के बाद ग्योंगगी प्रांत के ग्वाचेओन स्थित सीआईओ मुख्यालय ले जाया गया। यहां ढाई घंटे तक उनसे पूछताछ की गई। सीआईओ के डिप्टी प्रमुख ली जे-सेउंग के नेतृत्व में अधिकारियों ने दिन में करीब 11:00 बजे यून सुक येओल से पूछताछ शुरू की। इस दौरान येओल के वकील भी मौजूद रहे। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार येओल से पूछताछ मुख्यतः उनकी मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा पर केंद्रित है। यह घोषणा येओल ने तीन दिसंबर की रात की थी। इस बीच विपक्ष के तेवर देख यह घोषणा वापस ले ली गई। विपक्ष ने मोर्चाबंदी कर नेशनल असेंबली की पूर्ण बैठक आहूत कर येओल के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश किया। इस पर मतदान हुआ। मतदान में राष्ट्रपति को तगड़ा झटका लगा और महाभियोग प्रस्ताव पास हो गया। इसके बाद इसे संवैधानिक अदालत भेजा गया। संवैधानिक अदालत में मंगलवार को इस पर सुनवाई शुरू हो चुकी है। यून सुक येओल हिरासत में लिये जाने वाले पहले कोरियाई राष्ट्रपति हैं। जांच अधिकारियों को 48 घंटों के भीतर यह निर्णय लेना होगा कि हिरासत में पूछताछ जारी रखने के लिए औपचारिक गिरफ्तारी वारंट दायर किया जाए या उन्हें रिहा कर दिया जाए। सीआईओ ने आज दिन में 10:33 बजे हिरासत वारंट निष्पादित किया।

सीआईओ ने कहा कि दिन में 1:30 बजे तक पूछताछ के पहले सत्र में येओल ने बयान देने से इनकार कर दिया। इसलिए पूछताछ रिकॉर्ड नहीं की गई। अब सीआईओ के वरिष्ठ अभियोजक ली डे-ह्वान पूछताछ करेंगे।

### यमन के हूतियों का दावा

## हमने इजरायल के बिजली संयंत्र पर दागे मिसाइल

**सना (आईएएनएस)।** यमन के हूतियों ने एक बयान में कहा कि उसने दक्षिणी इजरायली बंदरगाह शहर ईलात में एक बिजली संयंत्र को "पंखों वाली मिसाइल" का इस्तेमाल करके निशाना बनाया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित बयान में कहा, "हमला सफलतापूर्वक अपना लक्ष्य हासिल कर लिया गया। सरिया ने कहा कि उसके गुट ने इजरायल के खिलाफ एक और हमला किया है, जिसमें तेल अवीव शहर में बम लदे कई ड्रोन के साथ महत्वपूर्ण ठिकानों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कसम खाई कि इजरायल के खिलाफ उनके समूह के हमले "तब तक नहीं रुकेंगे जब तक इजरायल गाजा में युद्ध बंद नहीं कर देता और अपनी घेराबंदी नहीं हटा लेता। इलियट में पावर स्टेशन और तेल अवीव में ठिकानों पर हमले हूती समूह द्वारा इजरायली रक्षा मंत्रालय के खिलाफ बैलिस्टिक रॉकेट हमले शुरू करने की जिम्मेदारी लेने के कुछ घंटों बाद हुए। इससे पहले इजरायली मीडिया ने दावा किया कि हूती रॉकेट हमले को इजरायली वायु रक्षा प्रणाली द्वारा रोक दिया गया। इजरायली सैन्य बयान के अनुसार, यमन की हूती सेना ने मंगलवार को तड़के इजरायल पर मिसाइल दागी, जिससे तेल अवीव और कब्जे वाले पश्चिमी तट पर स्थित कुछ इजरायली बस्तियों सहित व्यापक क्षेत्रों में सायरन बजने लगे।

## 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है हमारा देश : सेनाध्यक्ष जनरल द्विवेदी

- **जनरल द्विवेदी ने पुणे में सेना दिवस परेड की सलामी लेकर सैनिकों में भरा जोश**

**पुणे (हि.स.)**

थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को पुणे में सेना दिवस परेड की सलामी ली। उन्होंने देश की सीमाओं पर तैनात जवानों पर भरोसा जताते हुए कहा कि आज हमारा देश नए युग की दहलीज पर खड़ा है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। परेड में विभिन्न मार्चिंग दस्तों और हथियारों के जरिए सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया गया। सेना दिवस परेड वर्ष 1949 में फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा की भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ के रूप में नियुक्ति की याद दिलाती है, जो भारत के स्वतंत्रता के बाद के सैन्य नेतृत्व का प्रतीक है। थल सेनाध्यक्ष ने कहा कि हमारे देश को प्रगति और विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए स्थिर और सुरक्षित वातावरण की आवश्यकता है, जिसमें भारतीय सेना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुझे विश्वास है कि हम भारतीय सेना को एक आधुनिक, चुस्त, प्रौद्योगिकी सक्षम और भविष्य के लिए तैयार बल बनाने के लिए प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि उत्तरी सीमाओं पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील है। हमारी सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और सक्षम है। उत्तरी सीमाओं पर आधुनिक उपकरण और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।



**अग्निवीर महिला मार्चिंग टुकड़ी ने अनुशासन का किया प्रदर्शन**

महिला सशक्तीकरण और उत्कृष्टता के महत्वपूर्ण प्रदर्शन में पहली बार अग्निवीर महिला मार्चिंग टुकड़ी ने भारतीय सेना में महिलाओं की उल्लेखनीय यात्रा को आगे बढ़ाया। 'नारी शक्ति' की थीम के अनुरूप अग्निवीर महिला मार्चिंग टुकड़ी ने महिला सैन्य पुलिस की ताकत, अनुशासन और समर्पण का प्रदर्शन किया। कैप्टन संध्या राव एच की कुशल कमान के तहत यह टुकड़ी भारतीय सेना में महिलाओं के नेतृत्व और प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

### भारतीयों में मोटापे से होने वाली बीमारियों का बेहतर इलाज करना है उद्देश्य

# नए सिरे से परिभाषित की गई मोटापे की परिभाषा

**नई दिल्ली (हि.स.)**

भारत में अब मोटापे की परिभाषा को बदला गया है। पहले सिर्फ बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) से मोटापे का पता चलता था, लेकिन अब इसके लिए दो स्टेज निर्धारित किए गए हैं। नेशनल डायबिटीज ओबेसिटी एंड कॉलेस्ट्रॉल फाउंडेशन (एन-डॉक), फोर्टिस अस्पताल और एम्स दिल्ली ने मोटापे की परिभाषा को नए सिरे से परिभाषित किया है। इसका मकसद भारतीयों में मोटापे से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों को बेहतर ढंग जानने और सही इलाज करना है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने बुधवार को नई परिभाषा जारी करते हुए बताया कि मोटापे को अब दो स्टेज के हिसाब से परिभाषित किया गया है। इसको लेकर एक रिसर्च को ब्रिटिश मेडिकल जर्नल दी लांसेट डायबिटीज और एंडोक्रिनोलॉजी में प्रकाशित किया गया है। यह शोध अक्टूबर 2022 से जून 2023 के बीच किया गया है। इसमें युवा, बुजुर्ग और महिलाओं में मोटापे से होने वाली अन्य बीमारियों का अध्ययन किया गया है। इसमें डायबिटीज, हृदय रोग और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं शामिल हैं। बीते 15 सालों से भारत में बीएमआई के आधार पर मोटापे को नापा जाता है। बॉडी मास इंडेक्स मोटापे का पता लगाने का एक तरीका है जिसमें ऊंचाई और वजन के आधार पर शरीर में वसा का एक माप है। 23 से 30 का बीएमआई अधिक वजन का संकेत देता है। 30 से अधिक का बीएमआई मोटापे का संकेत देता है। नए शोध में पेट के आसपास की चर्बी (एब्डॉमिनल ओबेसिटी) को भी एक स्टेज में शामिल किया गया है, जो कई बीमारियों का कारण हो सकती है।

पद्मश्री से अलंकृत एवं फोर्टिस सी-डीओसी अस्पताल में मधुमेह और एंडोक्राइनोलॉजी के कार्यकारी अध्यक्ष और निदेशक डॉ अनूप मिश्रा ने बताया, भारत में मोटापे की दर खतरनाक गति से बढ़ रही है, जो शहरी क्षेत्रों से आगे तक फैल रही है। ये दिशा-निर्देश अभूतपूर्व और लागू करने में आसान हैं, जो पूरे भारत में मोटापे से संबंधित स्थितियों के प्रबंधन के लिए चरण-विशिष्ट रणनीति प्रदान करते हैं। ये वजन घटाने के उपचारों को जल्दी शुरू करने में आसान है।

नई दिल्ली के एम्स में मेडिसिन के प्रोफेसर और दिशा-निर्देशों के मुख्य सह-लेखक डॉ नवल विक्रम ने बताया कि भारतीयों के लिए मोटापे की एक अलग परिभाषा संबंधित बीमारियों का जल्द पता लगाने और लक्षित प्रबंधन रणनीतियों के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह अध्ययन हमारी समझ में महत्वपूर्ण अंतराल को भरता है और भारतीय आबादी में मोटापे से निपटने के लिए एक स्पष्ट, तर्कसंगत दृष्टिकोण प्रदान करता है।




- **अब दो स्टेज से होगा इसका आकलन**

**ये हैं मोटापे की दो स्टेज**

**पहली स्टेज :** यह साधारण मोटापे की स्टेज है, जिसमें बीएमआई 23 से कम होता है, लेकिन शरीर पर मोटापा दिखता है। अंगों की कार्यक्षमता या रोजमर्रा के कामों पर कोई असर नहीं पड़ता, लेकिन इसे 23 से कम नहीं किया गया, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

**दूसरी स्टेज :** यह स्टेज परिणाम देने वाला मोटापा है। इसमें मोटापा सिर्फ शरीर पर दिखता ही नहीं, बल्कि इसके साथ शरीर के कई अन्य अंग भी बेडोल दिखने लगते हैं। जैसे कमर बढ़ना या कमर-छाती अधिक चौड़ी हो जाना समेत कई अन्य चीजें प्रभावित होने लगती हैं। स्टेज 2 के इस मोटापे से कई बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। जैसे डायबिटीज और दिल संबंधित बीमारियां।

## अब ओली सरकार की आयु अधिक नहीं : पुष्प कमल प्रचंड



- **माओवादी संसदीय दल के कार्यालय में हुई विपक्षी दलों की बैठक**

**काठमांडू (हि.स.)**

नेपाल के विपक्षी दलों की संयुक्त बैठक के बाद नेताओं ने प्रधानमंत्री केपी ओली और उनकी सरकार की आलोचना की है। प्रमुख विपक्षी नेता पुष्प कमल दहाल प्रचंड ने कहा कि अब ओली सरकार की आयु अधिक नहीं है। माओवादी संसदीय दल के कार्यालय में बुधवार को पार्टी अध्यक्ष पुष्प कमल दहाल प्रचंड की अध्यक्षता में विपक्षी दलों की बैठक हुई। बैठक में माओवादी के अलावा एकीकृत समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, नेपाल समाजवादी पार्टी और आम जनता पार्टी के प्रमुख नेताओं की उपस्थिति रही। बैठक में ओली सरकार द्वारा संसद की बैठक नहीं बुलाने और अध्यादेश के माध्यम से शासन करने का आरोप लगाया गया। साथ ही, सरकार के 6 महीना पूरा होने पर भी कोई बड़ी उपलब्धि नहीं होने का आरोप भी लगाया गया। प्रचंड ने कहा कि प्रधानमंत्री ओली के रवैये से सत्तारूढ़ दलों में असंतुष्टि चरम पर पहुंच गई है। नेपाली कांग्रेस के बड़े नेताओं का सरकार के विरोध में सार्वजनिक बयान आ रहा है।